* ओड़िशा संस्करण

01 दिसंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 43

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

‘ब्यूरोक्रेसी इतिहास के पन्ने पलट कर देखे और सोचे कि गलत का अंजाम अंत में क्या होता है?’
-बाबूलाल मरांडी



# आज भारत की जी-20 की अध्यक्षता की पारी शुरू



**श्री नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

**जी-20** की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतरराष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आये। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे।

अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- क्या जी-20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव को उत्प्रेरित कर सकते हैं?

मेरा विश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं।

हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान, मानवता अभाव में रही। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा आदर्श बन गये।

दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं जब विभिन्न देश क्षेत्र या संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले ही अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों।

कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करने वाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाये?

भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य - हमारे भीतर और हमारे बीच भी- हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है।

भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम - ‘एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य’ है।

ये सिर्फ एक नारा नहीं है। ये मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं।

आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करने के साधन हैं। आज, हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है - हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए!

आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।

सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, वह डिजिटल प्रौद्योगिकियों की मापनीयता को प्रदर्शित करती है।

भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है जहां विश्व की आबादी का छठवां हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है।

सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी फरमान से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिला कर बनायी गयी है।

आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिये पर पड़े नागरिकों का भी ख्याल रखता है।

हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक-नेतृत्व वाला ‘जन आंदोलन’ बनाने की कोशिश की है।

हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है जो खुली, समावेशी और अंतर-संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है।

इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं।

जी-20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेंपलेट के रूप में प्रस्तुत करेंगे।

हमारी जी-20 प्राथमिकताओं को; न केवल हमारे जी-20 भागीदारों, बल्कि वैश्विक दक्षिण में हमारे साथ-चलने वाले देशों, जिनकी बातें अक्सर अनसुनी कर दी जाती है, के परामर्श से निर्धारित किया जायेगा।

हमारी प्राथमिकताएं; हमारी ‘एक पृथ्वी’ को संरक्षित करने, हमारे ‘एक परिवार’ में सद्भाव पैदा करने और हमारे ‘एक भविष्य’ को आशान्वित करने पर केंद्रित होंगी।

अपने प्लेनेट को पोषित करने के लिए, हम भारत की प्रकृति की देख-भाल करने की परंपरा के आधार पर स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे।

मानव परिवार के भीतर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, हम खाद्य, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को गैर-राजनीतिक बनाने की कोशिश करेंगे, ताकि भू-राजनीतिक तनाव मानवीय संकट का कारण न बनें। जैसा हमारे अपने परिवारों में होता है, जिनकी जरूरतें सबसे ज्यादा होती हैं, हमें उनकी चिंता सबसे पहले करनी चाहिए।

हमारी आने वाली पीढ़ियों में उम्मीद जगाने के लिए; हम, बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों से पैदा होने वाली जोखिमों को कम करने और वैश्विक सुरक्षा बढ़ाने पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों के बीच एक ईमानदार बातचीत को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे।

भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक होगा।

आइए हम भारत की जी-20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों।

आइए हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नये प्रतिमान को स्वरुप देने के लिए साथ मिलकर काम करें।

## अब रांची का भी होगा अपना साइबर थाना

अजय शर्मा

- डीएसपी या इंस्पेक्टर होंगे प्रभारी, 12 सौ से अधिक मामले रांची में लंबित

**रांची (आजाद सिपाही)।** अब जल्द ही रांची जिला पुलिस का अपना साइबर थाना होगा। इस संबंध में एक प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय को भेजा गया है। इसके मुताबिक किसी डीएसपी या इंस्पेक्टर को साइबर थाना का प्रभारी बनाया जा सकता है। साथ ही सात इंस्पेक्टर इसमें तैनात होंगे। अभी साइबर थाना नहीं होने के कारण साइबर क्राइम के 12सौ से अधिक मामले लंबित हैं। रांची का साइबर थाना सीआइडी के अधीन है। इसमें दो लाख रुपये से अधिक के अपराध या ठगी के मामले की जांच की जाती है। इसके लिए सीआइडी की अनुमति भी जरूरी है। इससे कम की ठगी होने पर जांच अभी रांची में जिला पुलिस कर रही है। इससे भी बड़ी परेशानी हो रही है।

**अभी हो क्या रहा है :** राज्य में साइबर अपराध के सबसे अधिक मामले रांची में दर्ज हो रहे हैं, लेकिन उनका अनुसंधान सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। सीआइडी सिर्फ बड़े मामलों की जांच करती है।

**छह जिलों में है साइबर थाना :** झारखंड में पलामू, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर जिला में अपना साइबर थाना है। साइबर अपराध होने के बाद उन जिलों में केस सीधे साइबर थाना को स्थानांतरित किया जाता है और उसकी जांच की जाती है। साइबर थाना में जो लोग पदस्थापित हैं, वे इसके लिए प्रशिक्षित हैं। जामताड़ा के साइबर थाना में तो बड़ी टीम काम करती है। इन छह जिलों का साइबर थाना सीआइडी के अधीन नहीं, बल्कि सीधे एसपी के कंट्रोल में है।

# घूस कांड : अमित अग्रवाल मामले की जांच सीबीआइ को

आजाद सिपाही संवाददाता

- हाइकोर्ट में व्यवसायी की याचिका खारिज, बढ़ सकती हैं मुश्किलें
- जांच एजेंसी को 15 दिन में जांच पूरी करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड के चर्चित घूस कांड में साजिश की जांच अब सीबीआइ करेगी। झारखंड हाइकोर्ट ने बुधवार को यह आदेश दिया। अदालत ने यह आदेश घूस देकर पीआइएल मैनेज करने के मामले में जेल में बंद कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। अदालत ने अमित अग्रवाल की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने 15 दिनों में सीबीआइ को पूरे मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। याचिका पर सुनवाई जस्टिस संजय द्विवेदी की अदालत में हुई। अग्रवाल की तरफ से वकील शाहवाज अख्तर ने दलील दी। उन्होंने कोर्ट में दलील दी कि अग्रवाल ने अपने खाते से चेक के जरिये पैसे निकाले हैं। उन्होंने इसकी पूर्व सूचना पुलिस को दी थी। अमित अग्रवाल ने झारखंड उच्च न्यायालय में इस आधार पर याचिका दायर की थी कि जबरन वसूली के मामले में वह अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ शिकायतकर्ता थे और उनकी शिकायत और कोलकाता पुलिस द्वारा बिछाये गये जाल के बाद



राजीव कुमार को 50 लाख रुपये नगद के साथ गिरफ्तार किया गया था। लेकिन इडी ने उन्हें आरोपी बना दिया।

### 31 जुलाई को अमित अग्रवाल ने कोलकाता पुलिस से पकड़वाया था राजीव कुमार को

कोलकाता पुलिस ने अमित अग्रवाल की शिकायत पर अधिवक्ता राजीव कुमार को 31 जुलाई को पकड़ा था। उसने दावा किया था कि अधिवक्ता के पास से 50 लाख रुपये नगद बरामद हुए हैं, जबकि राजीव कुमार ने कहा था कि यह पैसा जबरन उनकी गाड़ी में रखवाये गये थे। राजीव कुमार ने यह भी कहा था कि कोलकाता पुलिस जबरन उन पर इडी और न्यायिक सेवा के अधिकारियों का नाम लेने का दबाव बना रही थी। इसी महीने की नौ तारीख को उन्हें हाइकोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। इससे पहले राजीव कुमार ने इडी कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। विशेष अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था।

## 14 रुपये तक सस्ता हो सकता है पेट्रोल-डीजल

आजाद सिपाही संवाददाता

- कच्चे तेल के दाम गिरे, ग्राहक-कंपनी दोनों को फायदा

**नयी दिल्ली।** कच्चे तेल के दाम गिरने के चलते देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 14 रुपये तक की कमी आ सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत जनवरी से निचले स्तर पर है। यह अब 81 डॉलर से नीचे आ गया है। अमेरिकी कच्चा तेल 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। खास तौर पर कच्चे तेल की कीमत में बड़ी गिरावट से भारतीय रिफाइनरी के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत घटकर 82 डॉलर प्रति बैरल रह गयी है। मार्च में यह 112.8 डॉलर थी। इस हिसाब से आठ महीने में रिफाइनिंग कंपनियों के लिए कच्चे तेल के दाम 31 डॉलर (27 फीसदी) कम हो गये हैं। एसएमसी ग्लोबल के मुताबिक कच्चे तेल में एक डॉलर गिरावट आने पर देश की तेल कंपनियों को रिफाइनिंग पर प्रति लीटर 45 पैसे की बचत होती है। इस हिसाब से पेट्रोल-डीजल के दाम 14 रुपये प्रति लीटर तक कम होने चाहिए। हालांकि विशेषज्ञों के मुताबिक पूरी कटौती एक बार में नहीं होगी।

**पेट्रोल-डीजल के दाम घटने की वजह :** अभी देश में पेट्रोल और डीजल की जो कीमतें हैं, उसके हिसाब से कच्चे तेल की औसत कीमत करीब 85 डॉलर प्रति बैरल होना चाहिए, लेकिन यह 82 डॉलर के आसपास आ गया है। इस भाव पर तेल बेचनेवाली कंपनियों को प्रति बैरल (159 लीटर) रिफाइनिंग पर करीब 245 रुपये की बचत होगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा था कि सरकारी तेल कंपनियों को पेट्रोल की बिक्री पर मुनाफा होने लगा है, लेकिन डीजल पर अब भी चार रुपये प्रति लीटर घाटा हो रहा है।

## साहिबगंज के एसपी को शो-कॉज करने की तैयारी



**रांची (आजाद सिपाही)।** साहिबगंज के एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा को पुलिस मुख्यालय की ओर से जल्द शो-कॉज किया जायेगा। एसपी पर आरोप है कि उन्होंने इडी के गवाह विजय हांसदा से जबरन पंकज मिश्रा के पक्ष में आवेदन लेकर बरहरवा थाना में दर्ज मामले को रफा-दफा कर दिया। इसमें पंकज मिश्रा के अलावा झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के विरुद्ध भी शिकायत थी। विजय हांसदा अभी जेल में है। उसके अधिवक्ता ने इसकी जानकारी न्यायालय को दी कि वह मुकदमा लड़ना चाहता था, लेकिन साहिबगंज के एसपी ने जबरन आवेदन लिखवाया है। इसी मामले में साहिबगंज के एसपी का पक्ष पुलिस मुख्यालय लेगी उसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।



आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 49,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 65,000 रु./प्रति किलो |



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष की अमर्यादित टिप्पणी से गरमायी सियासत


# कांग्रेस का नुकसान कर गया खड़गे का बयान

आजाद सिपाही विशेष

**गुजरात में आखिरी चरण की वोटिंग से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को लेकर विवादित बयान दिया। उन्होंने पीएम मोदी की तुलना रावण से कर डाली। खड़गे ने पूछा कि हर चुनाव में लोग आपके चहरे पर ही वोट क्यों दें? उन्होंने पूछा कि लोग तुम्हारी सूरत कितनी बार देखें। खड़गे ने यह बयान ऐसे समय पर दिया है, जब कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री के ‘औकात दिखा देंगे’ बयान को पीएम मोदी चुनावी हथियार बना चुके हैं। खड़गे ने गुजरात में एक चुनावी सभा में पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि वह हर चुनाव में चेहरा दिखाने आ जाते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उद्घाटन करने की उनकी (पीएम) आदत है। कांग्रेस की तैयार की हुई चीज को कलर, चूना लगाकर फिर से उद्घाटन करते हैं और फिर कहेंगे यह मेरा है। बता दें कि इससे पहले भी कई बार कांग्रेस पार्टी के कई नेता पीएम मोदी को लेकर विवादित शब्दों का इस्तेमाल कर चुके हैं और हर बार भाजपा ने इसे अपने लिए अचूक हथियार बना लिया। 2017 में भी गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने पीएम मोदी को ‘नीच किस्म का आदमी’ कह डाला था। पीएम ने इसे अपनी जाति से जोड़ते हुए कांग्रेस की घेराबंदी की थी। इसके बाद 2007 के चुनाव से पहले सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को ‘मौत का सौदागर’ और ‘खूनी राक्षस’ तक कह दिया था, जिसका नुकसान खुद कांग्रेस को उठाना पड़ा था। राहुल गांधी भी इससे अछूते नहीं हैं। उन्होंने भी चौकीदार चोर है का नारा लगाना शुरू किया था। नतीजा यह हुआ कि आज उन्हें या उनकी बातों को कोई गंभीरता से नहीं लेता। उनके बयानों के कारण कई बार कांग्रेस को बैक फुट पर जाना पड़ा है। मोदी विरोध के चक्कर में कांग्रेस मुद्दाविहीन हो चुकी है। जिस कारण वह सियासी जमीन पर लगातार पिछड़ते जा रही है। इस बार भी कुछ वैसा ही हो रहा है और खड़गे के बयान से गुजरात में आखिरी चरण के मतदान का माहौल भी बदल सकता है। खड़गे के बयान के राजनीतिक असर का आकलन कर रहे हैं *आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



गुजरात में आखिरी चरण के मतदान से पहले बदलेगा माहौल

गुजरात चुनाव हो या कोई और, कांग्रेस का कोई न कोई नेता भारतीय जनता पार्टी या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोई न कोई मुद्दा दे ही देता है। पहले मणिशंकर अय्यर थे, अब मल्लिकार्जुन खड़गे हैं। दरअसल खड़गे जी ने सोमवार को मोदी को रावण कह दिया। भाजपा वाले इस मुद्दे को ले उड़े। उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया। खड़गे को बहाना बनाकर उन्होंने सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर भी बयानों का हमला बोल दिया। यही नहीं, मोदी को रावण कहकर कांग्रेस और उसके अध्यक्ष ने इस देश और गुजरात की जनता का भी अपमान किया है, बात यहां तक पहुंच गयी। हालांकि, मंगलवार को गुजरात की 89 सीटों के लिए चुनाव प्रचार बंद हो चुका है। ज्यादा वक्त भाजपा वालों को मिला नहीं, वरना कांग्रेस की कितनी सीटों पर यह बयान असर करता, इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता है। जाने क्यों खड़गे को यह पता ही नहीं चला कि वह मोदी के खिलाफ बोल रहे हैं या अपनी ही पार्टी के विरोध में। बहरहाल, खड़गे के बयान के बाद भावनाओं का बाजार गर्म हो चूका है। मोदी गुजरात के लिए क्या मायने रखते हैं, यह वहां के लोगों की भावनाओं से साफ समझा जा सख्त है। लोग उन्हें वहां महानायक के रूप में देखते हैं। अब यह मौका कांग्रेस ने दिया है या मौका भाजपा ने ढूंढ़ लिया है, इस पर दो मत हो सकते हैं। लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान को ‘नरेंद्र मोदी की तुलना रावण से करने का मुद्दा’ एक संपूर्ण पैकेज के रूप में मतदाताओं के समक्ष परोसा जा चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान को भाजपा ने प्रधानमंत्री, देश और गुजरातियों के अपमान से जोड़ा है। बतौर अध्यक्ष सोनिया गांधी के उस बयान की भी याद दिलायी है, जिसमें नरेंद्र मोदी के लिए ‘मौत का सौदागर’ कहा गया था। मणिशंकर अय्यर के ‘नीच’ वाले बयान की भी याद दिलायी गयी है। इन बयानों को 2007 और 2017 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए ‘फलदायी’ और स्वयं कांग्रेस के लिए ‘आत्मघाती’ साबित होना बताया जाता रहा है। ऐसे में यह सवाल बड़ा हो जाता है कि क्या मल्लिकार्जुन खड़गे का नरेंद्र मोदी की तुलना रावण से करना एक बार फिर 2022 के विधानसभा चुनाव में निर्णायक साबित होगा? क्या इस बयान से भाजपा को फायदा और कांग्रेस को नुकसान होगा? कई राजनीतिक विश्लेषक यह मानते हैं कि अगर कांग्रेस नेताओं ने ‘आत्मघाती बयान’ नहीं दिये होते तो विगत विधानसभा चुनावों में शायद भाजपा की सत्ता में वापसी नहीं होती या फिर कांग्रेस की सत्ता में वापसी हो चुकी होती। खुद भाजपा के नेता भी जब इस बात का दावा करते हैं कि सोनिया और मणिशंकर अय्यर के बयानों ने उन्हें जीत दिला दी, तो इसका छिपा हुआ मतलब यही होता है कि इन बयानों के बगैर उनकी हार सुनिश्चित थी। 2022 में विधानसभा चुनाव से पहले किसी भाजपा नेता या राजनीतिक विश्लेषक में इतना दमखम नहीं दिखा है, जो साफ तौर पर कह सके हों कि गुजरात का चुनाव भाजपा हार रही है। सभी का दावा भाजपा की निश्चित जीत के लिए है। ऐसे में मल्लिकार्जुन खड़गे के ताजा बयान से भाजपा को लाभ होगा, इस बात की पूरी संभावना है। यह सच है कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने बयान से प्रधानमंत्री का अपमान कर दिया है। मोदी गुजरात के हैं और प्रधानमंत्री होने के साथ गुजरात में उनका अलग किस्म का सम्मान है। इसलिए गुजराती लोग ही नहीं, पूरे देश में इस बात पर आपत्ति है कि खड़गे ने नरेंद्र मोदी के लिए जो कुछ कहा है उससे प्रधानमंत्री या देश का अपमान हुआ है।

### भाजपा का पलटवार

कांग्रेस अध्यक्ष की इस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए भाजपा ने इसे भावनात्मक मुद्दा बना दिया है और उसे उम्मीद है कि यह मुद्दा वोट के दौरान उसकी मदद करेगा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने कहा है कि किसी भी विकास के एजेंडे और लोगों के समर्थन के बिना कांग्रेस गुजरात और गुजरातियों को गाली देने पर उतारू है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ खड़गे द्वारा दिया गया बयान गुजरातियों के प्रति उनकी नफरत का प्रमाण है। गुजरात के लोग इस बार भी उन्हें इस तरह के व्यवहार के लिए खारिज कर देंगे। उधर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए इस तरह की भाषा का प्रयोग करना, वह भी ‘गुजराती सपूत’ के लिए करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह निंदनीय है और कहीं ना कहीं और यह कांग्रेस की मानसिकता को दशार्ता है। कांग्रेस अध्यक्ष की उक्त टिप्पणी को हर गुजराती और गुजरात का अपमान करार देते हुए पात्रा ने दावा किया कि उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के कहने पर प्रधानमंत्री के खिलाफ इस शब्द का इस्तेमाल किया है। इसके लिए कांग्रेस को आइना दिखाने का काम गुजरात की जनता करेगी। प्रत्येक गुजराती से हम यह अपील करते हैं कि जिस कांग्रेस नेता ने गुजरात के बेटे के खिलाफ, गुजरात के सम्मान के खिलाफ, ऐसे शब्दों का प्रयोग किया है, गुजरात उनको सबक सिखाये। आपको लोकतांत्रिक तरीके से इसका बदला लेना है। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि गांधी परिवार प्रधानमंत्री मोदी से नफरत करता है और इसीलिए सोनिया गांधी ने उन्हें ‘मौत का सौदागर’ कहा था और अन्य कांग्रेसी नेताओं ने लगातार उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं।

गुजरात के चुनावी समर में खड़गे की टिप्पणी क्या असर करती है, यह तो आठ दिसंबर को पता चलेगा, लेकिन इतना तय है कि इस टिप्पणी से कांग्रेस ने बैठे-बिठाये नये विवाद को जन्म दे दिया है, जिसका खामियाजा उसे ही भुगतना होगा।

## भाकपा माओवादी नक्सलियों को बड़ा झटका

# दुर्दांत एरिया कमांडर कमलेश ने किया सरेंडर

- पुलिस नक्सली मुठभेड़ में सीआरपीएफ जवान की हत्या समेत करीब एक दर्जन मामलों का है वांछित...
- सरकार के सरेंडर प्रोत्साहन राशि के तहत एक लाख परिजनों को सौंपा गया
- डीसी-एसपी और सीआरपीएफ कमांडेंट के समक्ष किया सरेंडर




अजय चौरसिया

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है। संगठन का दुर्दांत नक्सली चतरा, पलामू व लातेहार समेत झारखंड-बिहार के अलग-अलग इलाकों में आतंक का पर्याय बन चुके सैक सदस्य गौतम पासवान व मनोहर गंझू दस्ते के एरिया कमांडर कमलेश यादव ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इतना ही नहीं कमलेश ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण के बाद पूछताछ के दौरान संगठन को लेकर कई राज उगले हैं। जिससे चतरा पुलिस एमसीसी नक्सलियों के विरुद्ध और भी बड़ी और विध्वंसक कार्रवाई कर सकती है। कमलेश यादव ने झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति नई दिशा से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया है। उसने समाहरणालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बुधवार को उपायुक्त अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन और सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इस दौरान सरकार की पॉलिसी के तहत डीसी ने सरेंडर करने वाले नक्सली कमलेश यादव और उसकी पत्नी को सरकार के प्रोत्साहन राशि योजना के तहत एक लाख रुपये का चेक सौंपा। साथ ही उसके विरूद्ध दर्ज मामलों में सुनवाई के दौरान उसके परिजनों को सहयोग करने के साथ-साथ सरकार की ऑपरेशन दिशा के तहत मिलने वाले तमाम लाभ से उसके परिवार को लाभान्वित करने की भी बात कही। डीसी और एसपी ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कमलेश की पत्नी को उसके बच्चों के पढ़ाई लिखाई के अलावा अन्य उपयोगी योजनाओं से जोड़ने का आश्वासन भी दिया। साथ ही मौके पर अधिकारियों ने मुख्यधारा से भटके अन्य नक्सलियों से भी सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाते हुए हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की।

डीसी और एसपी ने संयुक्त रूप से कहा कि गैरकानूनी मार्ग अपनाकर अपना और अपने परिवार का भविष्य तबाह करने का रास्ता मुख्यधारा से भटके नक्सलियों के लिए किसी भी परिस्थिति में महफूज नहीं है, नक्सलवाद का रास्ता अपनाकर कानून और व्यवस्था को चुनौती पेश करने वाले नक्सलियों को भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इससे बेहतर है कि नक्सली आत्मसमर्पण करके मुख्यधारा में जुड़ सके ताकि वह और उनका परिवार आम लोगों की तरह जीवन यापन करने के साथ-साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से भी जुड़ सके।

# बालमुकुंद स्पंज फैक्ट्री के विभिन्न ठिकानों पर छापामारी

सुधीर सिंहा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह के औद्योगिक क्षेत्र चतरो में संचालित बालमुकुंद स्पंज फैक्ट्री में आयकर विभाग की टीम छापामारी कर रही है। बुधवार सुबह से आयकर विभाग की टीम बालमुकुंद स्पंज फैक्ट्री के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चतरो स्थित फैक्ट्री और कार्यालय तथा बरमसिया स्थित फैक्ट्री के मुख्य कार्यालय में एक साथ छापेमारी प्रारंभ की है। इस दौरान आयकर विभाग की झारखंड और पश्चिम बंगाल टीम फैक्ट्री के कागजातों को खंगाल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह करीब छह बजे से आयकर विभाग की टीम कई वाहनों में सवार होकर चतरो स्थित बालमुकुंद स्पंज फैक्ट्री पहुंची। फैक्ट्री के मुख्य द्वार को बंद कर छानबीन प्रारम्भ कर दिया। काफी देर तक छानबीन करने के बाद फैक्ट्री के प्रबंधक को साथ में लिया गया। दो वाहन पर सवार होकर अधिकारी व कर्मी बरमसिया स्थित फैक्ट्री के मुख्य कार्यालय पहुंचे। यहां पर कागजातों को खंगालने का काम प्रारम्भ किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग की यह छापेमारी गिरिडीह में ही नही बल्कि संचालित बालमुकुंद स्पंज की फैक्ट्री और कार्यालयों में दूसरे स्थानों पर अवस्थित बालमुकुंद स्पंज फैक्ट्री के अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी कर कागजातों को खंगालने काम चल रहा है।



इस छापेमारी में कितने अधिकारियों की टीम जुटी है। इसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। इस छापेमारी से मीडिया को अलग रखा गया है। छापेमारी में शामिल अधिकारी अभी मीडिया के समक्ष कुछ भी बताने से परहेज कर रहे है। कहा जा रहा है कि पूरी जांच हो जाने के पश्चात इस मामले को बताया जा सकेगा।


# पूर्व एमएलए निर्मला देवी के खिलाफ दायर याचिका हाइकोर्ट से खारिज

**रांची (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक निर्मला देवी के खिलाफ दायर निर्वाचन याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। वर्ष 2014 विधानसभा चुनाव में बड़कागांव से विजयी निर्मला देवी के निर्वाचन को आजसू पार्टी के उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी ने चुनौती दी थी। लंबी सुनवाई के बाद जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने कहा कि प्रार्थी की ओर से लगाये गये एक भी आरोप का साक्ष्य नहीं दिया गया है। मतगणना में गड़बड़ी का जो आरोप लगाया गया था उसे भी साबित नहीं किया जा सका है। ऐसे में याचिका खारिज की जाती है। बता दें कि रोशन लाल चौधरी ने निर्मला देवी के निर्वाचन को चुनौती दी थी। उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि मतगणना में गड़बड़ी की गयी है. कई बूथों पर जितने वोट डाले गए थे उससे अधिक की मतगणना की गयी थी। परिणाम आने के बाद ही उन्होंने सक्षम पदाधिकारी से शिकायत की थी, लेकिन उनकी शिकायतों पर गौर नहीं किया गया।

# गरीब लोगों को ठगने से बेहतर है ईमानदारी की नौकरी ढूंढ़ लो, मदद करूंगा : सोनू सूद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स के ऑथोर्पेडिक विभाग में भर्ती मरीज गोपाल पांडे के बेटे नीरज पांडे से साइबर ठगों ने करीब 50 हजार रुपए की ठगी है. इस बाबत नीरज पांडे ने बरियातू थाना में साइबर ठग के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया है। ट्विटर पर एक्टर सोनू सूद को टैग भी किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सोनू सूद ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा है कि गरीब लोगों ठगने से बेहतर है ईमानदारी की नौकरी ढूंढ लो, मदद मैं कर दूंगा। वहीं झारखंड सरकार के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने झारखंड पुलिस,



रांची पुलिस और चतरा पुलिस को मामले की संज्ञान लेकर ठगों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। चंपई सोरेन के ट्वीट पर रांची पुलिस ने संज्ञान लिया है रांची पुलिस ने ट्वीट कर कहा कि महोदय, मामले का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु बरियातु थाना को निर्देशित किया गया है।

### बरियातू थाना में दर्ज हुई प्राथमिकी

**ठगी के शिकार नीरज पांडे ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है. दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने पूरी घटना की जानकारी दी है. साथ ही बताया है कि कोटक महिंद्रा बैंक के अकाउंट से राशि ट्रांसफर हुई है. हालंकि 04 मार्च 2021 के सोनू सूद के ऑफिशियल ट्वीटर एकाउंट से लोगों को आगाह किया गया था कि सोनू सूद फाउंडेशन किसी तरह का लोन नहीं देता है. और इस ट्वीट में एक मोबाइल नंबर भी दिया गया था. जिससे कॉल कर ठगी की जा रही थी.**

### साइबर ठग ने खुद को बताया सोनू सूद फाउंडेशन का मैनेजर

बता दें कि साइबर ठग ने कॉल कर कहा कि सोनू सूद फाउंडेशन का मैनेजर बोल रहा हूं। आपने ट्वीटर पर एक वीडियो पोस्ट किया है। जिसमें आपका मोबाइल नंबर भी दिया हुआ है। पोस्ट से पता चला कि आपको पैसे की जरूरत है। फाउंडेशन से आपको क्या मदद चाहिए ? इस पर नीरज ने कहा कि पिता के इलाज में सब पैसा खत्म हो गया है। मुझे पैसे की जरूरत है। इस पर साइबर ठग ने कहा कि कितने पैसे की जरूरत है ? नीरज ने कहा कि तीन लाख रुपये का खर्च है। उन्होंने एक लाख रुपये मदद करने की गुहार लगायी। साइबर ठग ने प्ले स्टोर पर सोनू सूद ऐनी डेस्क एप डाउनलोड करने के लिए कहा। यहीं से झांसे में लेकर फोन पे के जरिये दो किस्तों में पैसे उड़ा लिए। पहली किस्त में 19,999 और दूसरी किस्त में 29,899 कुल 49,898 उड़ा लिए।

# जैप एडीजीपी ने निकाला था सिपाहियों के तबादले का आदेश, हाइकोर्ट ने लगा दी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने जैप 4 के सिपाहियों के तबादले के आदेश पर रोक लगा दी है। एडीजीपी ने जैप 4 के 60 से ज्यादा सिपाहियों के तबादले का आदेश जारी किया था। यह आदेश 11 नवंबर 2022 को जारी किया गया था। तबादले के आदेश के खिलाफ प्रार्थी मोहन यादव एवं अन्य ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट ने इस याचिका पर



सुनवाई हुई। याचिका दाखिल करने वालों की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने अदालत में पक्ष रखा। पार्थी का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने इस मामले में सरकार को दो सप्ताह में कोर्ट के समक्ष जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

# 'ब्यूरोक्रेसी इतिहास के पन्ने पलट कर देखे और सोचे कि गलत का अंजाम अंत में क्या होता है?'



**बाबूलाल मरांडी**
पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड

अपने मुख्यमंत्रित्व काल का एक अनुभव शेयर कर रहा हूं। उग्रवादियों का उत्पात चरम पर था। मेरी योजना ज्यादा से ज्यादा उग्रवादियों और उनके सहयोगियों को मुख्यधारा में वापस लाने की थी। आदिवासी बाहुल्य एक जिले में कुछ उग्रवादियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देने वालों के पीछे पुलिस हाथ धोकर पड़ी हुई थी। मैंने वहां के एक सीनियर पदाधिकारी को बुलाकर कर कहा कि उन्हें मुख्यधारा में लाना चाहता हूं। थोड़ा रहम करिये उन पर। वो अधिकारी रो पड़े। उन्होंने कहा कि 'सर ये लोग भारी बदमाश हैं। मेरे से तो ये नहीं होगा। आप चाहें तो मुझे वहां से हटा दीजिये।' मैंने तुरंत अपनी बात वापस ली और उन्हें कहा कि बेहिचक अपनी कार्रवाई जारी रखिये।

आज भी उन्हें देखता हूं, तो मुझे उनकी बात याद आ जाती है और मैं उन्हें सम्मान से ही देखता हूं। संयोगवश वो अफसर भी आदिवासी समाज से ही थे। लेकिन मैंने पद की गोपनीयता की शपथ ली थी, इसलिए उनका नाम उजागर नहीं करूंगा। ठीक इसके उलट कुछ नये अफसरों के भी कानून से अलग सत्ता के इशारे, चंद पैसे और महत्वपूर्ण पद की लालच में गलत काम करने की करतूत सुनता हूं तो शर्म आती है और आश्चर्य होता है।

हेमंत सरकार के इशारे पर हर गलत काम करने वाले ऐसे कुछ अफसर आजकल परेशानी में अपने-अपने संपर्कों के जरिये मिलने का प्रयास करते हैं और कई मिलते भी हैं। उन्हें अपने किये का भय है कि न जाने कब उनकी गर्दन दबोची जाये? ऐसे लोग अपनी सफाई देते जब बताते हैं कि उनसे दवाब देकर कैसे गलत करा लिया गया, तो सुनकर हैरानी होती है। ऐसे लोग जब कहते हैं कि उनकी जान पर बन जायेगी, तो मजबूरी में सारे पोल-पट्टी खोलने ही पड़ेंगे। मुझे लालू प्रसाद जी का वो जमाना याद आ रहा है, जब चारा चोरी में उनके सहयोगी अफसर, दलाल, सप्लायर खुद जेल जाने लगे, तो वो सब खुद भी डूबे और लालू जी को भी ऐसा डुबोये कि आज इतिहास बन गया है। सोचता हूं कि पिछली गलतियों का उदाहरण सामने होने के बाद भी आखिर कोई अफसर/नेता लालच में कैसे अपना पूरा करियर दांव पर लगाने के बारे में सोच लेता है? मैं व्यूरोक्रेसी से पुन: विनम्र आग्रह करता हूं कि इतिहास के पन्ने पलट कर देखे और सोचे कि गलत का अंजाम अंत में क्या होता है?

## खिलाड़ियों और कोच को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार सम्मान

# 30 खिलाड़ियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को खिलाड़ियों और कोच को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार से सम्मानित किया। अर्जुन अवार्ड के लिए 25 खिलाड़ी चुने गये थे। सात कोच द्रोणाचार्य अवार्ड से और चार खिलाड़ी ध्यानचंद अवार्ड से सम्मानित किये गये। टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत

### 25 को अर्जुन अवार्ड, शरत कमल को खेल रत्न

कमल अंचता को खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया था। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों और कोच को सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने स्टार शटलर लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया। यह दोनों इस साल थॉमस कप जीतकर इतिहास रचना वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। वहीं, लक्ष्य ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता था। अर्जुन अवार्ड के लिए सम्मानित किये गये अधिकतर खिलाड़ी राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत के लिए पदक लेकर आये थे। लक्ष्य के अलावा महिला मुक्केबाज निकहत जरीन और पहलवान अंशु मलिक भी शामिल हैं। भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद को भी अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया है। इस साल क्रिकेट के किसी खिलाड़ी को अर्जुन अवार्ड के लिए नहीं चुना गया है।


भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack - 753 006, (Odisha), India
Phone : 0671-2367768-783, Fax : 2367663

**Advertisement No. 34/SRF/2022-23**

Walk-in-Interview is to be held on **13.12.2022** for selection of **one (01) Senior Research Fellow (SRF)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack-6 in the scheme **"Building climate resilience of Indian smallholders through sustainable intensification and agro-ecological farming system to strengthen food and nutrition security (EAP-283)"**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website : **www.icar-nrri.in**

PRINCIPAL INVESTIGATOR



**Dr. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
Ranchi, Jharkhand

**SHORT TERM NOTICE INVITING TENDER**

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi-834008, Jharkhand invites tenders under two bid system (Part-I: Technical Bid and Part II: Financial Bid), from experienced and reputed contractor/firms/agencies/companies only for "**Repairing of Girls toilet of Pol. Sci Department and Boys Toilets of Zoology Department Toilet, MCA Department Toilet & Maths Department Toilet at Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi, Jharkhand**". The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section–Officer (General) or from the University **Website :- www.dspmuranchi.ac.in.**

Sd/-
Registrar
DSPMU, Ranchi

Memo: DSPMU/G/760/22 Dated: 30.11.2022


## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 1 दिसंबर यानि आज शाम 4 बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। इसमें ओबीसी आरक्षण के बिना निकाय चुनाव कराये जाने के फैसले पर पुर्नविचार भी हो सकता है। बता दें कि पहले यह बैठक 28 नवंबर को होनी थी लेकिन उसे स्थगित कर नयी तारीख का एलान किया गया था। **सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला** : झारखंड नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया है। आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की ओर से अवमाननावाद याचिका दायर की गयी थी।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 373 दिनांक 25.11.2022 के अनुसार मैं, **दिवाकर सिंह मुंडा,** पिता-स्व. जितेन्द्र सिंह मुंडा, उम्र 48 वर्ष जाति- मुंडा, धर्म-सरना, पेशा-खेतीबारी, निवास ग्राम+पो.-बारे डीह, थाना-बुंडू, जिला-रांची झारखंड का निवासी हैं, जो मैं शपथ पूर्वक निम्न ब्यान करता हूं कि :-

1. यह कि मैं एक भारतीय नागरिक हूं।
2. यह कि मेहक मुस्कान सिंह मुंडा मेरी पुत्री है जिनकी जन्मतिथि - 21.01.2006 ई. है।
3. यह कि मेरी पुत्री के शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज में मेहक मुस्कान सिंह मुंडा नाम दर्ज है, जो सही है। लेकिन मेरी पुत्री के आधार कार्ड नं. 9033 4935 3711 में अर्चना कुमारी पिता - दिवाकर सिंह मुंडा दर्ज है जो गलत है।
4. यह कि मेरी पुत्री ग्राम में मेहक मुस्कान सिंह मुंडा एवं अर्चना कुमारी पिता दिवाकर सिंह मुंडा से जानी वो पहचानी जाती है।
5. यह कि आधार कार्ड में अर्चना कुमारी को हटाकर मेहक मुस्कान सिंह मुंडा दर्ज कराना चाहता हूं।



झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND


# राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
# झारखण्ड सरकार

# सरकार की नई पहल

अब नहीं होगी रैयतों को कोई परेशानी

भूमि के निबंधन के पश्चात् स्वत: दाखिल-खारिज के लिए आवेदन संबंधित अंचल अधिकारी को होगा प्रेषित

## Suo Moto Mutation का दिनांक 01 दिसंबर 2022 को राज्यव्यापी शुभारंभ



### Suo Moto Mutation के फायदे -

- भूमि के निबंधन के बाद दाखिल-खारिज के लिए अलग से आवेदन देने की जरूरत नहीं पड़ेगी एवं अंचल कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।
- भूमि के निबंधन के बाद स्वत: online mutation के लिए संबंधित अंचल अधिकारी को mutation case number के साथ सभी दस्तावेज प्रेषित हो जायेंगे।
- आवेदकों को SMS के माध्यम से दाखिल-खारिज वाद संख्या प्राप्त होगी जिसके माध्यम से आवेदन के अनुपालन की स्थिति को https://jharbhoomi.jharkhand.gov.in/ के माध्यम से Track किया जा सकेगा।

P.R. 283894 (Revenue, Registration & Land Reform) 22-23

राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक-753 006 (ओडिशा), भारत
Cuttack -753 006, (Odisha), India, PHONE : 0671-2367768-783,
FAX: 0671–2367663, E-mail: director.nrri@icar.gov.in/sao.nrri@icar.gov.in

**Advertisement No. 35/AFO/2022-23**

Walk-in-Interview is to be held on **08.12.2022 for selection of one (01) Agricultural Field Operator (AFO)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Evaluation of bio efficacy and phytotoxicity of Chlorantraniliprole 0.6% + Thiamethoxam 1.25% + Fipronil 1.25% GR (TAS0211) against major insect pests of paddy" (EAP-386).** The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website https://icar-nrri.in.

PRINCIPAL INVESTIGATOR


## 11 वीं कृषि गणना की बैठक में डीसी ने प्रशिक्षण के माध्यम से दिये कई निर्देश, कहा

# डेमो एप्लीकेशन के माध्यम से जानकारियां अंकित कर करें कार्य



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में बुधवार को 11वीं कृषि गणना 2021-22 को लेकर डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में अंचल अधिकारियों, अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षकों व कंप्यूटर ऑपरेटरों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में सभी को कृषि गणना 2021-22 के तहत भारत सरकार के आधिकारिक कृषि वेबसाइट एवं वेब एप्लीकेशन के माध्यम से किए जाने वाले कार्य को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर सभी को यूजर आईडी क्रिएशन, अंचल अधिकारी, सुपरवाइजर व राजस्व उप निरीक्षकों द्वारा उनके क्षेत्र के प्रत्येक गांव में कृषि गणना के लिए संबंधित वेबसाइट अथवा एंड्राइड एप्लीकेशन पर अंकित किए जाने वाले जानकारियों की प्रक्रिया की जानकारी दी गयी।

मौके पर डीसी माधवी मिश्रा ने उपस्थित सभी अंचल अधिकारियों एवं राजस्व निरीक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारियों को ध्यान पूर्वक सुनने एवं अपनी सभी प्रकार की दुविधाओं को दूर कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर यथा जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, मैनेजर आईटी, बिजनेस एनालिस्ट को प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को डेमो एप्लीकेशन के माध्यम से स्वयं से जानकारियां अंकित करने सहित अन्य कार्य करने के लिए जानकारी देने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर समाहर्ता, अंचल अधिकारियों, अंचल निरीक्षकों, राजस्व उपनिरीक्षकों, कंप्यूटर ऑपरेटरों सहित अन्य उपस्थित थे।

## चिमनी ईंट भट्ठा में अवैध कोयला खपाने के खिलाफ रामगढ़ पुलिस की कार्रवाई

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एसपी पीयूष पांडे के निर्देश पर रामगढ़ पुलिस ने दो ईंट भट्ठों में छापामारी कर करीब 10 टन कोयला जप्त किया है। छापामारी के बाद ईंट भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया है। छापामारी के बाद प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया में पुलिस जुटी है। जानकारी के अनुसार एसपी को गुप्त सूचना मिली कि कैथा स्थित आजाद सिंह व रविंद्र दांगी के ईंट भट्ठा में अवैध कोयला खपाया जा रहा है। जिसके बाद एसपी ने रामगढ़ थाना पुलिस को उक्त स्थानों पर छापामारी करने का निर्देश दिया। निर्देशानुसार रामगढ़ पुलिस ने छापामारी कर दोनों ईंट भट्ठों से करीब 10 टन अवैध स्टीम कोयला जब्त किया है। छापामारी के बाद रामगढ़ पुलिस मामला दर्ज करने की प्रक्रिया में जुटी है। छापामारी में एसआई रघुनाथ सिंह, एसआई सुमित पांडेय, एसआई अभय कृष्ण गिरी, एसआई नवीन कुमार, एएसआई राहुल कुमार शामिल थे।

## एसपी संस ज्वेलर्स को मिला एक्सेलेंस ज्वेलरी शॉप का अवार्ड



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सुकरीगढ़ा के सियारडीह निवासी सुनील प्रसाद के सेल सिटी पुंदाग स्थित एसपी संस ज्वेलर्स को एक्सेलेंस ज्वेलरी शॉप का अवार्ड मिला है।रांची स्थित होटल रेडीशन ब्लू में आयोजित सिटी के सितारे सम्मान समारोह के दौरान झारखंड सरकार के अपर मुख्य सचिव अरूण कुमार सिंह ने सुनील प्रसाद के पुत्र नितीश कुमार एवं संजीव कुमार को यह अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुनील कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी उषा देवी भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कुजू में कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा कुजू पश्चिमी पंचायत में सिमरिया विधानसभा प्रभारी धर्मराज राम के नेतृत्व मे भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई। जो डटमामोड़ से प्रारंभ होकर कुजू चौक, ट्रांसपोर्ट नगर, श्रीराम चौक, केबी गेट आदि स्थानों का भ्रमण कर पुनः कुजू चौक आकर समाप्त हो गई। इस दौरान कांग्रेसी जात–पात का बंधन तोड़ो, भारत जोड़ो, भारत जोड़ो, धर्म भेदभाव सब छोड़ो, भारत जोड़ो, भय, भूख, भ्रष्टाचार के खिलाफ भारत जोड़ो, किसान, मजदूर, व्यवसायी बोले भारत जोड़ो, भारत जोड़ो आदि नारे लगा रहे थे। भारत जोड़ो यात्रा में रियाज अहमद, मो.गुलजार, श्याम कुमार सिंह, मिस्टर आलम, अशोक गंझू, युवा कांग्रेस मांडू विधानसभा अध्यक्ष आकाश ओझा, सागर महतो, ललित राम, फायदा हुसैन, अनिरुद्ध सिंह, गुड्डू वर्मा, मो.जब्बार, करण साव, मुकेश शर्मा, मेघलाल रविदास, ललन कुमार, पिंटू राम, जगदीश राम, मासूम कुमार, विशाल कुमार, प्रदीप कुमार महतो, सुनील बेदिया, मो.मंजर रईस अंसारी, मिनहाज अंसारी, इम्तियाज अहमद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## तोपा में इलेक्ट्रिकल शावेल फिटर की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल तोपा परियोजना स्थित ओपनकास्ट खान के पिट कार्यालय के समक्ष इलेक्ट्रिकल शावेल फिटर तारकेश्वर सिंह के सेवानिवृत्ति पर प्रबंधन व सहकर्मियों ने ससम्मान विदाई समारोह का आयोजन किया। इस दौरान पीओ मनोज मनीष कुमार, खान प्रबंधक एमके सिंह, डिस्पैच ऑफिसर निलेश कुमार व परियोजना के इंजीनियर एक्सकेवेशन अंजनी सिंह ने सेवानिवृत्त हुए तारकेश्वर सिंह का कार्यक्रम में फूलमाला पहनाकर बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही, सहकर्मियों ने उन्हें उपहार प्रदान किया। कार्यक्रम में माइन इंचार्ज अरविंद कुमार बिगन राम, अरविंद कुमार सिंह, सुधीर कुमार, दिनेश्वर मुंडा, कामेश्वर महतो, बिंदेश्वर राम, नंदलाल नोनिया, अघनू मांझी, मनोहर आजाद, अजय टुड्डू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री ने युवा कांग्रेसियों संग की बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू ब्लॉक मोंड़ स्थित युवा कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार की देर शाम पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव ने युवा कांग्रेस कार्यकताओं के साथ बैठक की। इसमें पूर्व मंत्री ने विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह को निर्देश दिया कि युवा कांग्रेस कार्यकताओं का सम्मेलन का आयोजन जल्द से जल्द किया जाए। इसमें कार्यकताओं से पंचायतों व गावों में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी मिलेगी और उन कार्यों का मॉनिटरिंग किया जाएगा। ताकि विकास ठीक प्रकार से हो सके। और कार्यकर्ता अपने जिम्मेवारी का निर्वहन कर सकें। और राज्य सरकार की सोच को जमीन पर उतारा जा सके। मौके पर अमित साहु, नईम अंसारी, अंजन प्रसाद, रंजीत सिंह, संतोष साहु, बैजनाथ साव, कमलेश राम, मुकेन्द्र सिंह, मोबीन खान, छोटु साव, बासुदेव राम, बसंत कुमार, पप्पु सिंह, वकील अंसारी आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## शहीद राजेश दास का शहादत दिवस आज

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सोपारम गांव के शहीद राजेश दास की दो दिसंबर को शहादत दिवस मनाया जायेगा।इसकी जानकारी शहीद राजेश दास के भाई बिनय सिंह ने बताया कि टंडवा स्थित शहीद चौक में उनके प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके शहादत को याद किया जाएगा।विदित हो कि 02 दिसंबर के दिन वर्ष 2002 में वीर शहीद राजेश दास ने हंसते हंसते देश की रक्षा करते हुये कुर्बान हुये थे। उन्हीं की याद में 2 दिसंबर को शहादत दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिमरिय विधायक किशुन कुमार दास एवं विशिष्ट अतिथि एनटीपीसी के समूह महाप्रबंधक तजिंदर गुप्ता, आम्रपाली कोल परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह, पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित होंगे।

## श्याम सिंह बने भद्रकाली इंटर कॉलेज के नये सचिव




**चतरा (आजाद सिपाही)।** इटखोरी प्रखंड के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान भद्रकाली इंटर महाविद्यालय में बुधवार को नए सचिव के रूप में श्याम कुमार सिंह को मनोनीत किया गया। कॉलेज के सभी दानदाताओ नये सचिव का मनोनीत किया। शासी निकाय के बैठक में सदस्यों ने यह घोषणा किया है। नए सचिव श्याम कुमार सिंह ने पूर्व संस्थापक सचिव कुमार यशवंत नारायण सिंह से पदभार ग्रहण किया है। इस दौरान पूर्व संस्थापक सचिव कुमार यशवंत नारायण सिंह को विदाई दी गई। पश्चात नए सचिव श्याम कुमार सिंह को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। नए सचिव ने पदभार ग्रहण कर सभी से परिचय प्राप्त किया। कॉलेज के विकास में अपनी पूरी ताकत झोंक देने का संकल्प भी लिया। आगे उन्होंने कहा आगामी 3 दिसम्बर कॉलेज स्थापना दिवस ऐतिहासिक व भव्य रूप से मनाई जाएगी। कार्यक्रम में शासी निकाय के वरीय सदस्य सह संस्थापक सचिव कुमार यशवंत नारायण सिंह, डोमन राणा, देवकुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, सीताराम दांगी, मो ताहिर रहमान, इंटर के प्राचार्य रियाजुउदिन अहमद, डिग्री प्राचार्य डॉ दुलार हजाम, प्रो ललित मोहन चौधरी, सुरेंद्र सिंह, रंजीत शर्मा, शुशील वर्मा, प्रयाग साहू, विद्या सिन्हा, नीलम राणा, सहायक श्याम किशोर प्रसाद, दशरथ यादव समेत बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

## पठवा हनुमान मंदिर का 37वां स्थापना दिवस मना



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल रजरप्पा कोयलांचल के आवासीय कॉलोनी स्थित श्रीश्री पठवा हनुमान मंदिर का 37वां स्थापना दिवस मंगलवार को काफी धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस पर सोमवार से शुरू हुए 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन की पूर्णाहुति हुई। तत्पश्चात विधि-विधान से हवन-पूजन कर हनुमान जी का अभिषेक किया गया। मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर शाम में यहां अटूट भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित पठवा हनुमान मंदिर ग्रुप के अध्यक्ष एवं सेवई उत्तरी पंचायत के मुखिया कुलदीप सिंह ने लोगों के बीच प्रसाद वितरण कर भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे में रजरप्पा के आवासीय कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लगभग 5000 से अधिक लोगों ने खीर-पूड़ी, सब्जी, बूंदिया आदि प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। इसके बाद रात्रि में यहां भक्ति जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इधर, मंदिर के स्थापना दिवस को लेकर पूरे पठवा हनुमान मंदिर को विभिन्न प्रकार के फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया। आयोजन को सफल बनाने में पठवा हनुमान मंदिर ग्रुप के अध्यक्ष कुलदीप सिंह के नेतृत्व में नागा बाबा, अलबेला बाबा, विजय ठाकुर, भरत कुमार, अशोक कुमार, प्रकाश यादव, उमेश महतो, शंकर प्रसाद, पांथो नंदी, नवीन कुमार, एसके घोष सहित पठवा हनुमान मंदिर ग्रुप के सभी सदस्यों की अहम भूमिका रही।

# टंडवा में दुर्घटना मुआवजा नीति बनाने के लिए बैठक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड सभागार में बुधवार को दुर्घटना मुआवजा नीति बनाने एव अविलंब लागु करने के संबंध में बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीओ सुधीर दास, संचालन बीडीओ रंथू महतो, सीओ विजय कुमार दास ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य रूप से सीसीएल की परियोजना मगध आम्रपाली से कोयला लदे ट्रक हाइवा वाहनों से अप्रत्याशित दुर्घटना में हुई मौत से दुर्घटना मुआवजा नहीं मिलने एवं सड़क सुरक्षा को लेकर विषेश चर्चा किया गया। एक स्वर में लोगों ने माना की दुर्घटना मुआवजा नीति की मांग जायज है। नीति बनना चाहिये ताकि आये दिन में किसी दुर्घटना होने पर मुआवजा नीति के तहत परिजनों को प्रतिनिधि एवं प्रशासन के पीछे दौड़ना पड़े। और न ही सड़क जाम में प्रतिनिधियो के नाम से मामला दर्ज हो। ऐसे सैकड़ो बार घटना में पुलिस जन प्रतिनिधियो के ऊपर मामला दर्ज किया है। बैठक में आम्रपाली पीओ देवेंद्र प्रसाद ने कहा की परियोजना से ट्रक हाइवा से माइंस क्षेत्र में हो तो मुआवजा सीसीएल प्रबंधन के अंदर दिया जाता हैं। वही फटकार लगाते हुये एसडीओ सुधीर दास ने कहा की यदि दुर्घटना मुआवजा नीति में सीसीएल प्रबंधन की झुकाव नही होता है,प्रशासनिक रूप से कोयला ढुलाई बंद करा दिया जायेगा,मांगे जायज है और मांग पर विचार किया जाये बताया। वही डीएसपी शम्भु कुमार सिंह ने कहा की दुर्घटना मुआवजा नीति कोयलांचल क्षेत्र के लिये आवश्यकता है। वही सिमरिया विधानसभा प्रभारी आजसू नेता मनोज चंद्रा ने कहा कि दुर्घटना मुआवजा नीति पर सीसीएल प्रबंधन गंभीर नही होगी तो अनिश्चित काल के लिए कोयला ढुलाई ठप करा दिया जायेगा। बीससूत्री अध्यक्ष सह मध्य जिप सदस्य सुभाष यादव ने कहां की दुर्घटना के नाम पर कोयला व्यापारियों से आम्रपाली प्रबंधन 7 प्रति टन लेती है तो फिर मुआवजा नीति बनाने पर विचार करने की बात कही से उचित नहीं होता मांगे जायज है मुआवजा नीति कोयलांचल के लिये पहली प्राथमिकता है। वही दक्षिणी जिप सदस्य नेहा तिर्की ने कहि की दुर्घटना मुआवजा नीति शीघ्र लागु हो,प्रमुख रीना कुमारी ने कहा की इस बिषय पर विचार करने की बात सीसीएल के लिये शोभा नही देती,उप प्रमुख जितेंद्र सिंह ने कहा की दुर्घटना मुआवजा नीति बनना चाहिये। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुये प्रखंड प्रशासन के द्वारा दुर्घटना मुआवजा नीति,सड़क सुरक्षा पर जोर, सीसीटीवी लगाने इत्यादि बिन्दुओ का मिनट्स तैयार किया गया। इस मिनट्स पर सभी ने सहमति एव हस्ताक्षर कर जिला उपायुक्त एव सीसीएल की सीएमडी कार्यालय को भेज जाने की बात कहि गयी।इस मौके पर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह,आजसू प्रखंड अध्यक्ष विकास पाण्डेय, प्रखण्ड उपाध्यक्ष मनोज चौरासिया,युवा जिला अध्यक्ष उपेन्द्र पाण्डेय,आजसू जिला अध्यक्ष चन्द्रदेव साव, कॉग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता, रामवतार राम, कामेश्वर यादव,मनोज गुप्ता, गोपाल महतो समेत कई उपस्तिथ थे।

सिमरिया विधानसभा प्रभारी आजसू नेता मनोज चंद्रा ने कहा की बैठक में सकारात्मक पहल एडीओ की अध्यक्षता में जिला प्रशासन किया है।उम्मीद है दुर्घटना मुआवजा नीति बनेगा और जल्द लागु होने की बात बताया। आजसू नेताओ ने विगत 16 नवंबर एव 27 सितंबर को कोयला ढुलाई मगध आम्रपाली परियोजना से निकलने वाली ट्रको का चक्का जाम कर दुर्घटना मुआवजा नीति समेत अन्य की मांग किया था।

## आरा कोलियरी में कोयला उठाव का मामला

# ग्रामीणों के दो गुट आपस में भिड़े, दूसरी बार भी कोयला उठाव में सफल नहीं रही सीसीएल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल आरा परियोजना के कोयला डिपो से केदला के लिए आरओएम कोयला उठाव के मामले में ग्रामीणों के दो गुटों के बीच विवाद उत्पन्न हो जाने से कोयला उठाव पुनः रुक गया। यहां दोनों गुटों के सामने आ जाने के कारण तनावपूर्ण स्थिति हो गई। इस दौरान ग्रामीणों के एक पक्ष का नेतृत्व कर रहे रोहन महतो, पारसनाथ महतो व संतोष महतो तथा दूसरे पक्ष का नेतृत्व कर रहे गोपाल मांझी, चरका मांझी, निर्मल सोरेन, प्रकाश मरांडी, पुरन मांझी, राजेंद्र सोरेन आदि अपने-अपने दावेदारी को प्रस्तुत करते हुए प्रबंधन के पक्ष - विपक्ष में खड़े हो गए। इस दौरान गोपाल मांझी के गुट के लोग फर्जी नौकरी का विरोध करते हुए आरा कोलियरी के 84 एकड़ अधिकृत जमीन के बदले उन्हें नौकरी व मुआवजा की मांग को लेकर महिलाओ के साथ सुबह दस बजे से ही पारंपरिक हथियारों से लैश होकर डटे रहे। ग्रामीणों को दोपहर दो बजे सूचना मिली की पीछे के रास्ते से हाईवा में जेसीबी लगाकर कोयला ढुलाई शुरू कराया जा रहा है तो वे भड़क कर कोयला डिपो पहुंच गए। यहां कोयला उठाने से रोकते हुए कहा कि पहले उन्हें नौकरी दे, बाद में कोयला उठाव होगा। इस दौरान दोनों गुटों के बीच मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई। मौके की नजाकत को देखते हुए कोयला डिपो के पास मौजूद कुजू पुलिस अधिकारी कमलेश सिंह ने दोनों गुटों को अलग किया। बाद में पीओ कार्यालय में सभी पक्षों को बुलाकर एक वार्ता शुरू की गई है। इसमें जमीन संबंधी विवाद को दूर करने को लेकर कर्मी प्रेमचंद महतो को नोटिस भी दिया गया है। वार्ता में आरा परियोजना अधिकारी ओपी सिंह, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह, एसओएम अजीत सिंह, कुजू ओपी के कमलेश सिंह, जबकि ग्रामीणों के दोनों पक्षों के लोगों के अलावा प्रबंधन के अधिकारी शामिल हुए। समाचार लिखे जाने तक वार्ता जारी था।

## सीइओ की शह पर छावनी अधिनियम की उड़ायी जा रही हैं धज्जियां : शंकर चौधरी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छावनी परिषद की बैठक में पहली बार पहली बार रामगढ़ विधायक ममता देवी शामिल हुई। जिसके बाद विवाद शुरू हो गया है। विधायक को बैठक में शामिल होने को छावनी अधिनियम 2007 का उल्लंघन बताया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने पत्रकार सम्मेलन का आयोजन कर मुख्य अधिशासी अधिकारी पर छावनी अधिनियम की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया है। श्री चौधरी ने कहा है कि बोर्ड की बैठक में विधायक को किस हैसियत से आमंत्रित किया गया। कहा जा रहा है कि विधायक विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में छावनी परिषद की बैठक में भाग लिया है। जबकि छावनी अधिनियम 2006 में निर्वाचित बोर्ड में छावनी क्षेत्र के सांसद व विधायक को विशेष आमंत्रित सदस्य रखा गय है। साथ ही उन्हें बैठक में वोट देने का अधिकार नहीं दिया गया है। लेकिन वैरी बोर्ड (तदर्थ बोर्ड) छावनी अधिनियम 2006 की धारा 13 के उपधारा दो में स्पष्ट लिखा है कि वैरी बोर्ड में स्टेशन कमांडर, सीइओ व एक नामित सदस्य रहेंगे।

## तीरंदाज तमन्ना वर्मा को एसवीएम पब्लिक स्कूल ने किया सम्मानित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश मथुरा में आयोजित तृतीय खेलो इंडिया राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी 2022 अंडर–16 प्रतियोगिता में लपंगा निवासी शेखर वर्मा व रूबी वर्मा की पुत्री तमन्ना वर्मा ने 15वां स्थान लाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। तमन्ना की सफलता पर बुधवार को सुंदरनगर भुरकुंडा स्थित एसभीएम पब्लिक स्कूल में समारोह आयोजित कर तमन्ना को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह निदेशक आरके शर्मा व सचिव इंदू शर्मा ने तमन्ना को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर इंदु शर्मा ने कहा कि इस स्कूल की विद्यार्थी तमन्ना वर्मा की सफलता से विद्यालय प्रफ्फुलित है। उन्होंने कहा कि तमन्ना देश के लिए गोल्ड मेडल लाकर अपना व क्षेत्र का नाम रोशन करे यही कामना है। वहीं तमन्ना वर्मा ने कहा कि आज के दौरान लड़कियां हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही है। बेटियों को आगे बढ़ाने में अभिभावको को हर हाल में आगे आना चाहिए। बताया गया कि तमन्ना सिल्ली स्थित बिरसा मुंडा आरचरी एकाडमी से प्रशिक्षण पाई है। तमन्ना की सफलता पर प्रधानाध्यापक आरके शर्मा, विद्यालय के अध्यक्ष शंभु शर्मा, सचिव इंदू शर्मा, विद्यालय के प्रबंधक सह सलाहकार गुरेंद्र सिंह, अविनाश कुमार पांडेय, सुमित, हेमंत वर्मा, अंजलि सिंह, नंदिनी वर्मा, मधुसागर, कलावती देवी, लीलावती देवी, कुसुम कुमारी, पलविंदर कौर, सुनील कुमार वर्मा, अनिता देवी, संध्या सहित विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ब्रह्मभोज में शामिल हुए योगेंद्र साव



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड 20 सूत्री सदस्य प्रदीप साहू के चाचा भुनेश्वर प्रसाद साहू का पिछले दिनों निधन हो गया था। मंगलवार को राज्य के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव हुरूमगढ़ा भुरकुंडा स्थित उनके आवास पर पहुंच ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान योगेंद्र साव ने स्व. भुनेश्वर प्रसाद साहू के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।मौके पर पतरातू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अंजन प्रसाद, जमीर अंसारी, कुलदीप प्रसाद, परमेश्वर साहू, जनक साहू, गौतम प्रसाद, मनोज कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## 21 मोतियाबिंद मरीजों को लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने ऑपरेशन के लिए किया रांची रवाना



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से उत्सव मैरिज हॉल में मंगलवार को कार्यक्रम के प्रभारी लायन मो. मुमताज के नेतृत्व में 14वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया गया था। जांच में 118 में से 88 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण दिखाई दिए परंतु रक्तचाप एवं मधुमेह की अधिकता के कारण केवल 30 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिकित्सकों द्वारा चिन्हित किया गया था। बुधवार को क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, सचिव लायन विजयंत कुमार, कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा व क्लब के लोगों ने भुरकुंडा से बस के माध्यम से 21 मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए हरी झंडी दिखाकर निरामया अस्पताल कोकर रांची के रवाना किया। मौके पर बताया गया कि 1 दिसंबर इनसभी का निरामया अस्तपाल कोकर रांची में अनुभवी डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। वहीं 2 दिसंबर को मरीजों के आंखों का पट्टी खोलकर उन्हें उनके घर के लिए रवाना किया जायेगा। मौके पर अध्यक्ष लायन राजेंद्र महतो ने कहा कि नेत्र शरीर का अभिन्न अंग, इसकी देखभाल जरूरी है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब समाज व जनहित में कार्य करते हुए आगे भी क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ दिलाता रहेगा। मौके पर लायन माला शर्मा, अखिलेश शर्मा, संजय सिंह, अंजू देवी, शोभा राय, प्रमोद शर्मा, सूबेदार एचएन यादव, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल, रमेश अग्रवाल, विमल राय सहित राज नर्सिंग होम की सिस्टर संगीता, नीतू, युसूफ अंसारी, अर्चना आदि आदि मौजूद थें।

## सीआरएस के सेवानिवृत्त कर्मचारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** केन्द्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक सत्येंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। समारोह का संचालन रणविजय विश्वकर्मा ने किया। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रदीप राम एवम मृनाल कान्ति दास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल ओढ़ाकर एवम श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।समारोह में उपस्थित महाप्रबंधक व विभिन्न यूनियन प्रतिनिधियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।मुख्य अतिथि महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा सेवानिवृत्त काल हरेक कर्मचारियों के लिए जिंदगी का अहम दिन होता है,जिसे सभीलोगों को गुजरना पड़ता है।उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ व सुखद रहने की कामनाओ के साथ कंपनी द्वारा मिलने वाली राशि को बेहतर व सुरक्षित जगह निवेश करने की सलाह दी।मौके पर आलोक कुमार सिंह, शशि पंकज, शिव सागर सिंह,शैलेश कुमार सिंह, अवधेश कुमार पांडेय,मालती कुमारी,प्रदीप धर सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 01 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com
06

# खतरे की सेंध

खासतौर पर तब जब ऐसे सवाल लगातार उठ रहे हैं कि किसी भी व्यक्ति से संबंधित डेटा या आंकड़े बेहद महत्त्वपूर्ण होते हैं, इसलिए उन्हें चोरी होने से बचाना सरकार की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए। गौरतलब है कि करीब एक सप्ताह पहले एम्स के सर्वर में सेंधमारी की सूचना मिली थी। तब से तकनीकी विशेषज्ञों की लगातार कोशिशों के बावजूद उसे पहले की तरह ठीक करने में कामयाबी नहीं मिल सकी। आशंका जताई जा रही है कि सर्वर में मौजूद करीब तीन से चार करोड़ लोगों के तमाम आंकड़े, पूर्व प्रधानमंत्रियों, मंत्रियों, नौकरशाहों जैसे खास और नामचीन हस्तियों और उनकी सेहत के बारे में दर्ज ब्योरों या डेटा को चुराया गया है। सवाल यह है कि क्या उनका बेजा इस्तेमाल भी हो सकता है? फिलहाल संबंधित महकमों की ओर से यही कहा जा रहा है कि इसे ठीक करने में कुछ दिन और लग सकते हैं, लेकिन इस घटना के साथ ही इससे जुड़े खतरों को लेकर एक बार फिर बहस शुरू हो गई है। इस बीच यह खबर भी आयी कि सेंधमारी करने वालों ने दो सौ करोड़ रुपये फिरौती की मांग की है। मगर मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने इस बात का खंडन किया। इसके बावजूद यह सच है कि बीते एक हफ्ते से एम्स का सर्वर अगर किसी सामान्य तकनीकी खराबी की वजह से ठप नहीं है तो किसी साइबर अपराधी के नियंत्रण में है और इस घटना में यही बात अपने आप में सबसे ज्यादा गंभीर है। यह केवल कामकाज में असुविधा का मसला नहीं है। एम्स के सभी तरह के कामकाज के लिए तो समांतर वैकल्पिक व्यवस्था खड़ी की जा सकती है। तात्कालिक तौर पर सामान्य या पुराने तरीके से भी काम चलाया जा सकता है। लेकिन मरीजों से जुड़े तमाम ब्योरों से लेकर सभी तरह की व्यवस्थाओं का जिस तरह डिजिटलीकरण हो गया है, उनका चोरी हो जाना शायद दूरगामी स्तर पर घातक स्थितियां पैदा कर सकती हैं। यही वजह है कि एम्स के सर्वर में सेंध लगाने के बाद सबसे गहरे सवाल साइबर सुरक्षा को लेकर उठ रहे हैं। यों इससे पहले भी अलग-अलग मौकों पर किसी संस्थान या कंपनी की वेबसाइट हैक होने की खबरें आती रही हैं और उसी के मद्देनजर इसके खतरों की भी पहचान की गई है। लेकिन हालत यह है कि देश के नागरिकों के बारे में सबसे संवेदनशील जानकारी जुटा कर उन्हें डिजिटल रूप में रखने की सुविधाएं तो बतायी जाती हैं, मगर उनके पूरी तरह सुरक्षित होने को लेकर अब तक कोई आश्वासन नहीं है। अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं कि हजारों लोगों का डेटा चुरा लिया या बेच दिया गया। सवाल है कि इस तरह डेटा खरीदने या फिर चुराने वाले लोग या गिरोह क्या बेवजह ऐसा करते होंगे? डिजिटल निर्भरता के दौर में डेटा हासिल करके मनमाने तरीके से लोगों पर नियंत्रण की बढ़ती प्रवृत्ति के दौर में इसकी क्या गारंटी है कि किसी व्यक्ति या समूह से संबंधित आंकड़ों या ब्योरों को हथियार बना कर किसी बड़े नुकसान को अंजाम नहीं दिया जाएगा? आम नागरिकों से संबंधित निजी जानकारियों के डिजिटलीकरण या डेटा के सुरक्षित होने को लेकर सरकार अक्सर दावे करती रहती है, लेकिन हकीकत किसी से छिपी नहीं है।

**दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स के सर्वर में सेंधमारी साइबर अपराध की एक आम घटना लग सकती है, मगर यह साइबर जगत पर निर्भरता के दौर में कई बड़े खतरों का संकेत है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**राजस्थान में आगामी पांच दिसंबर को सरदार शहर विधानसभा उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। उपचुनाव जीतने के लिए जहां प्रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी के नेता अपनी पूरी ताकत लगाए हुए हैं। वहीं मतदान से पूर्व ही भाजपा नेताओं ने हार मान ली है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने पिछले दिनों बयान दिया था कि उपचुनाव में कांग्रेस जीतती है और मुख्य चुनाव में भाजपा जीतती है।**

# राजस्थान में कांग्रेस की कमजोरियों का फायदा नहीं उठा पा रही है भाजपा



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में आगामी पांच दिसंबर को सरदार शहर विधानसभा उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। उपचुनाव जीतने के लिए जहां प्रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी के नेता अपनी पूरी ताकत लगाए हुए हैं। वहीं मतदान से पूर्व ही भाजपा नेताओं ने हार मान ली है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने पिछले दिनों बयान दिया था कि उपचुनाव में कांग्रेस जीतती है और मुख्य चुनाव में भाजपा जीतती है। पूनियां का कहने का आशय था कि राजस्थान में विधानसभा के जो उपचुनाव हुए हैं उनमें अधिकांश में कांग्रेस पार्टी जीती है। भाजपा सिर्फ राजसमंद विधानसभा सीट का ही उपचुनाव जीत पायी है।

राजसमंद में भाजपा विधायक किरण माहेश्वरी के निधन होने से उनकी बेटी दीप्ति माहेश्वरी को टिकट देकर भाजपा ने उपचुनाव लड़वाया था और दीप्ति माहेश्वरी चुनाव में जीत गयी थीं। इसके अलावा अन्य सभी सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा की हार हुई थी। इतना ही नहीं भाजपा ने धरियावद से पार्टी विधायक गौतम लाल मीणा के निधन से हुए उपचुनाव में उनके बेटे कन्हैया लाल मीणा का टिकट काटकर खेत सिंह को चुनाव लड़वाया था। जहां भाजपा प्रत्याशी को कांग्रेस के पूर्व विधायक नगराज मीणा के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा था। कांग्रेस ने जितने भी विधानसभा उपचुनाव जीते, उन सभी सीटों पर मृतक विधायकों के परिवारजनों को ही प्रत्याशी बनाकर सहानुभूति फैक्टर का फायदा उठाया था। जबकि भाजपा ऐसा करने में विफल रही।

**राजस्थान सरकार के कई मंत्री और विधायक सरदार शहर उपचुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं।**

चूरू जिले की सरदारशहर सीट पर भाजपा ने पूर्व में चार बार चुनाव लड़ चुके अशोक पिंचा को अपना प्रत्याशी बनाया है।



**कांग्रेस ने जहां सात बार जीते हुए विधायक भंवरलाल शर्मा की मृत्यु होने पर उनके बेटे अनिल शर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने लालचंद मुंड को प्रत्याशी बनाया है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का प्रत्याशी आने से सरदार शहर में मुकाबला तिकोना माना जा रहा है।**

अशोक पिंचा एक बार 2008 में जीतने में सफल भी रहे थे। मगर उसके बाद लगातार हारते रहे हैं। हालांकि पिंचा ने उपचुनाव लड़ने के लिए मना कर दिया था। मगर पार्टी नेतृत्व ने उन्हीं पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतार दिया। सरदारशहर विधानसभा सीट भाजपा के लिए ज्यादा अच्छी नहीं मानी जाती है। भाजपा प्रत्याशी यहां सिर्फ दो बार जीते हैं। 1980 में मोहनलाल चुनाव जीते थे। मगर उनके निधन पर 1982 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के केसरी चंद बोहरा जीतने में सफल रहे थे। 2008 में भाजपा के अशोक पिंचा चुनाव जीते थे। इसके अलावा सरदार शहर में भाजपा कभी कोई चमत्कार नहीं दिखा पायी थी।

कांग्रेस ने जहां सात बार जीते हुए विधायक भंवरलाल शर्मा की मृत्यु होने पर उनके बेटे अनिल शर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने लालचंद मुंड को प्रत्याशी बनाया है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का प्रत्याशी आने से सरदार शहर में मुकाबला तिकोना माना जा रहा है। लालचंद मुंड जाट समाज से आते हैं तथा एक बार पूर्व में बसपा से चुनाव लड़ चुके हैं। वह पिछले पांच साल से डेयरी चेयरमैन हैं तथा पूर्व में सरपंच भी रह चुके हैं। अभी उनकी पत्नी सरपंच हैं। सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक जाट मतदाताओं की संख्या है। ऐसे में यदि जाट मतदाता लालचंद मुंड के पक्ष में एकजुट हो जाते हैं तो चुनावी संघर्ष काफी कड़ा हो सकता है।

कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा ब्राह्मण समाज से हैं। अनिल शर्मा को गहलोत सरकार में राज्यमंत्री का दर्जा मिला हुआ था। उनके पिता भंवरलाल शर्मा राजस्थान ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष थे तथा राजस्थान में भैरोंसिंह शेखावत की सरकार में नहर मंत्री रह चुके थे। सरदारशहर से सात बार जीतकर भंवरलाल शर्मा राजस्थान के बड़े नेता माने जाते थे। कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा को जहां सहानुभूति के वोट मिलने की पूरी संभावना है। वहीं वह स्वयं भी अपने पिता के साथ राजनीति में पूरी तरह से सक्रिय रहे हैं। क्षेत्र के मतदाताओं से उनकी सीधी पहचान है। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार होने का भी उनको पूरा फायदा मिलेगा। अशोक शर्मा के नामांकन के वक्त स्वयं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मौजूद रहे थे। राजस्थान सरकार के कई मंत्री और विधायक सरदारशहर उपचुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा की स्वयं की छवि काफी साफ-सुथरी है। मगर उन्हें पार्टी की तरफ से भरपूर सहयोग नहीं मिल पा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा के चुनाव प्रभारी बनाए जाने के कारण वसुंधरा गुट के नेता ज्यादा सक्रिय नजर नहीं आ रहे हैं। अर्जुनराम मेघवाल सांसद बनने से पहले कुछ समय तक चूरु जिले के कलेक्टर रह चुके हैं। इसी कारण उनको सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव की कमान दी गई है। अर्जुनराम मेघवाल बड़बोले किस्म के नेता हैं। इसलिए वह पार्टी नेताओं को एकजुट करने में सफल नहीं हो पा रहे हैं।

हालांकि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद लगातार चुनाव में हारने के कारण सतीश पूनियां की छवि एक हारने वाले प्रदेश अध्यक्ष की बन चुकी है। सरदार शहर में भाजपा की स्थिति मजबूत करने के लिए वसुंधरा सरकार में मंत्री रहे राजकुमार रिणवा व गहलोत सरकार में संसदीय सचिव रहे जयदीप डूडी को भाजपा में शामिल करवाया गया है। दोनों नेताओं को उपचुनाव में सक्रिय भूमिका देकर मेहनत करने की जिम्मेदारी दी गई है।

राजकुमार रिणवा 2018 के विधानसभा चुनाव में टिकट कटने के कारण रतनगढ़ से निर्दलीय चुनाव लड़े थे और जमानत जब्त करवा बैठे थे। फिर वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। मगर वहां भी उन्हें महत्व नहीं मिला था। इस कारण वह काफी दिनों से भाजपा में आने का प्रयास कर रहे थे। मगर प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने उनकी घर वापसी रोक रखी थी। लेकिन विधानसभा उपचुनाव के कारण उनकी घर वापसी हो गई। इसी तरह भादरा से निर्दलीय विधायक रहे जयदीप डूडी भी कांग्रेस में थे, मगर वहां भी उनकी दाल नहीं गली तो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये।

राजकुमार रिणवा जहां ब्राह्मण समाज से हैं वहीं जयदीप डूडी जाट समाज से हैं। जयदीप डूडी के पिता लालचंद डूडी भैरोंसिंह शेखावत की सरकार में दो बार मंत्री भी रह चुके हैं। उपचुनाव के वक्त दो पूर्व विधायकों की घर वापसी करवा कर भाजपा ने अपने पक्ष में हवा बनाने की कोशिश की है। मगर दोनों ही नेता दलबदल कर अपना जनाधार गंवा चुके हैं। ऐसे में पिटे मोहरों के बल पर भाजपा अपने प्रत्याशी को कैसे चुनाव जितवा पाएगी, यह राजनीति के जानकारों के भी समझ में नहीं आ रहा है। जहां एक तरफ बीकानेर में वसुंधरा समर्थक पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी की अर्जुन राम मेघवाल के विरोध के चलते एन वक्त पर भाजपा में घर वापसी रोकी गई थी। वहीं मेघवाल की सिफारिश पर ही राजकुमार रिणवा व जयदीप डूडी को भाजपा में शामिल करवाया गया है। यह पार्टी के लिए कितने लाभदायक होंगे, इस बात का पता तो चुनाव नतीजों के बाद ही चल पाएगा। फिलहाल तो भाजपा प्रत्याशी कड़े त्रिकोणीय संघर्ष में फंसा हुआ नजर आ रहा है।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# आजसू पार्टी का प्रखंड कमिटी का विस्तार, पदाधिकारियों के नाम की हुई घोषणा

**पंचायत कार्यकर्ता ही पार्टी का मुख्य स्तंभ : मानिक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटमदा।** आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष मानिक चंद्र महतो के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को बैठक के दौरान प्रखंड कमेटी का विस्तार कर पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की गई। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बोडाम प्रखंड अध्यक्ष मानिक चंद्र महतो ने कहा आजसू पार्टी में कार्यकर्ताओं का भंडार है। पार्टी के कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा आगामी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने का लक्ष्य लेकर सभी कार्यकर्ता क्षेत्र में सक्रिय होकर काम करें। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पंचायत स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मानिक चंद्र महतो द्वारा प्रखंड कमिटी विस्तार कर सभी पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की गई। पदाधिकारियों में बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष मानिक चंद्र महतो, प्रधान सचिव छुटू लाल सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश गोप, लक्ष्मण रूहिदास, छुटु लाल सहिस, मिलन महतो, संगठन सचिव मृत्युंजय सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, सचिव गुणाधर कुंभकार, सुरेन हांसदा, आनंद, सहदेव सहित कई के नाम की घोषणा की गई। वहीं पंचायत कमिटी के गठन के साथ अध्यक्ष सचिव के नाम भी घोषित किया गया।

मौके पर पोखरिया पंचायत अध्यक्ष सतीश चंद्र महतो, सचिव छूटु लाल महतो, माधवपुर पंचायत रविलाल महतो, सुनील मुर्मू, गोरडीह साधु चरण महतो, हलधर कुंभकार,मुकरुडीह तरणी कांत महतो,बसंत,रासीकनगर पतन महतो, रामकृष्ण, भुला दीपक, सुभाष, बेलडीह भरत सिंह, छुटू लाल, बोड़ाम वीरेन, समर गोप, पहाड़पुर रतन, रहीन सिंह के नाम की घोषणा की गई।

# आजसू पार्टी का ईचागढ़ बचाओ- ईचागढ़ सजाओ संकल्प यात्रा तीन दिसंबर से

**कुकड़ू प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव को अपने स्तर से लेंगे गोद : हरेलाल महतो**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** स्वतंत्रता सेनानी शहीद खुदीराम बोस की जयंती पर आजसू पार्टी तीन दिसंबर से ₹ईचागढ़ बचाओ- ईचागढ़ सजाओ₹ संकल्प यात्रा का शुभारभ करेगी। नीमडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती बामनी गांव से आजसू पार्टी संकल्प यात्रा की विधिवत शुरूआत करेगी। बुधवार को चांडिल के चिलगू स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में पार्टी के सभी इकाइयों की बैठक हुई। बैठक में ₹ईचागढ़ बचाओ- ईचागढ़ सजाओ₹ संकल्प यात्रा की तैयारी और इसकी सफलता को लेकर रूपरेखा तय की गई। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने कहा ₹ईचागढ़ बचाओ- ईचागढ़ सजाओ₹ यात्रा के दौरान आजसू पार्टी झामुमो विधायक सविता महतो के वादाखिलाफी को जनता को बताएगी। उन्होंने कहा जनता की मांग पर जब वे अपने स्तर से ट्रांसफार्मर लगाते है तो विधायक प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर उनके इस कार्य का विरोध करवाती है। केस करने की धमकी दी जाती है। हरेलाल महतो ने कुकड़ू प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव को अपने स्तर से गोद लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा हेसलौंग गांव में वे अपने स्तर से सिंचाई तथा अन्य जरूरत की सुविधा देंगे। गांव को खुशहाल करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। मौके पर जिला पार्षद आसित सिंह पातर, प्रमुख अमला मुर्मू, महिला संघ की जिलाअध्यक्ष आरती सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुरुपद सोरेन, बुद्धिजीवी मंच के जिला अध्यक्ष योगेंद्र नाथ महतो, दुर्योधन गोप, पवित्र महतो, कालू अंसारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# रियल एस्टेट के मालिक ने खुद को गोली मारी, टीएमएच में मौत

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र स्थित नेशनल इलेक्ट्रोनिक्स के पीछे रहने वाले पप्पू सिंह उर्फ प्रमोद सिंह (45) के सिर में गोली लगने से मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि गोली लगने के बाद आनन फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया गया। घटना मंगलवार देर रात की है। घटना के संबंध में मृतक पप्पू सिंह की पुत्री नेहा ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार की रात्रि में अपनी डयूटी करके वापस आई और उसके बाद अपने कुत्ते को लेकर घर के समीप मंदिर के पास घुमा रही थी। इसी दौरान उसको धमाके की आवाज सुनाई दी। लेकिन उसको कुछ समझ नहीं आया। नेहा ने बताया कि मंगलवार की शाम उसके पिता गम्हरिया के किसी बिल्डर के यहां गए थे , जहां पर उनका कुछ विवाद उक्त बिल्डर के साथ हुआ था। उस समय बिल्डर ने उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी थी। उसने बताया कि रात में उसके पिता फोन पर बिल्डर को कह रहे थे कि वह उसको क्या मारेंगे वह स्वंय ही मार लेंगे। कुत्ते को घुमाने के बाद जब वह घर पहुंची तो पिता के कमरे में खुन देखा और सामने पिस्टल पड़ा हुआ था। यह देखते ही उसने अपनी मां को आवाज लगाई। इसकी सूचना तत्काल थाना प्रभारी राजन कुमार को दिया गया। सूचना पाकर पुलिस सीधे टीएमएच पहुंची। टीएमएच में ही चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। मृतक की पुत्री भाटिया बस्ती के समीप स्थित स्कूटी के शो रूम में काम करती है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। घटना में प्रयुक्त हथियार लाईसेंसी था या अवैध, पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया कि मृतक प्रमोद सिंह की पुत्री ने बताया कि उनके पिता किसी से फोन पर बात कर रहे थे। उसी दौरान उन्होंने अपने सिर में सटाकर गोली मार लिया। थाना प्रभारी ने कहा मामले की जांच चल रही है। घटना के बाद मृतक प्रमोद सिंह के कमरे से एक देशी कट्टा और 350 बोर का एक गोली भी बरामद किया गया है।

# काशी साहू महाविद्यालय मैदान में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन चार दिसंबर को

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले में आगामी चार दिसंबर को काशी साहू महाविद्यालय मैदान में भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय, झारखंड सरकार, जिला प्रशासन एवं टाटा स्टील फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अथिति केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा शामिल होंगे। मेगा जांच शिविर में देश के बड़े अस्पतालों के साथ राज्य स्तरीय डॉक्टर टीम के साथ मौजूद रहेंगे। शिविर में लगभग बीस हजार लोगों का स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। बुधवार को उपायुक्त अरवा राजकमल ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए।उपायुक्त ने जिले के लोगों से शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया ऐसे शिविरों के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों के रोग का पता चल सकेगा। उन्होंने कहा शिविर में पहुंचने वाले लोगों का मुफ्त स्वास्थ्य जांच के अलावा दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही जरूरत पड़ने पर उन्हें बाहर भी रेफर किया जा सकेगा। उपायुक्त ने शिविर में सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को लाने के लिए निःशुल्क बस की व्यवस्था की जानकारी दी। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस शिविर का लाभ उठा सकें। इस दौरान एडीसी सुबोध कुमार, एसडीओ राम कृष्ण कुमार, बीडीओ मृत्युंजय कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, एपीआरओ नंदन उपाध्याय एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मानगो क्षेत्र से 52 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** एसपी प्रभात कुमार ने शहर में ब्राउन शुगर खरीद बिक्री में रोक लगाने के लिए सभी डीएसपी व थाना प्रभारी को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी है। सिटी एसपी के विजय शंकर के नेतृत्व में पुलिस टीम अवैध नशा के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। शहर के कई थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। बुधवार को बागबेड़ा पुलिस के करवाई के साथ ही मानगो पुलिस ने भी 52 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लिए गए आरोपियों में बैकुंठ नगर निवासी राजा कुमार, गुरुद्वारा रोड निवासी संजय अमन सिंह और बलदीप सिंह उर्फ पाठक शामिल है। आरोपियों के पास से कुल 52 पुड़िया ब्राउन शुगर के अलावा 11,590 रुपए नकद पुलिस ने बरामद कर लिया। डीएसपी हेडक्वार्टर 1 वीरेंद्र कुमार राम ने बताया बीते दिनों पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी बैकुंठ नगर में कुछ युवक ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी कर तीनो युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया सभी आदित्यपुर से ब्राउन शुगर की खरीद कर इलाके में बेचते थे। डीएसपी ने बताया राजा पूर्व में भी आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। फिलहाल पुलिस सभी आरोपी को न्यायिक हिरासत भेज दिया।

# बागबेड़ा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 14 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** ब्राउन शुगर के खिलाफ जमशेदपुर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर सिटी एसपी के विजय शंकर के नेतृत्व में जमशेदपुर पुलिस को अवैध नशा के खिलाफ लगातार सफलता मिल रही है। बुधवार को बागबेड़ा पुलिस ने क्षेत्र में ब्राउन शुगर का कारोबार करने व खरीदारी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कीताडीह निवासी राज कुमार, वारिन प्रजापति, बमार्माइंस कैरेज कॉलोनी अमित सिंह और बागबेड़ा पोस्तूनगर निवासी रवि कुमार शामिल है। घटना की जानकारी देते हुए प्रभारी डीएसपी अनिमेष गुप्ता ने बताया बीती रात बागबेड़ा थाना में पदस्थापित एएसआई वीरेंद्र राय गश्ती में पेट्रोलिंग कर रहे थे। गश्ती के दौरान सूचना मिली कीताडीह डोसा कॉर्नर के पास कुछ युवक ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे है। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी करने पहुची। उधर पुलिस को देख दो युवक भाग निकला जबकि राज और वरुण को पुलिस ने पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान राज के मोबाइल के कवर से कुल 14 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पूछताछ में दोनो ने बताया वे लोग अमित और रवि से ब्राउन शुगर की खरीददारी कर रहे थे। उन्होंने बताया अमित और रवि पूर्व में टाटानगर रेल थाना से जेल का चुके है। फिलहाल पुलिस कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्री कृष्ण गोशाला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मिलकर मांग पत्र सौंपा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण गोशाला समिति के सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल एवं अन्य गौ भक्तों ने उपायुक्त से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें लिखा गया है कि प्रारंभ से अभी तक श्री कृष्ण गौशाला समिति एवं नगर परिषद गढवा द्वारा जो सहमति लिखीत रूप में बनी थी जिसे आज तक नगर परिषद द्वारा कार्यान्वित नहीं किया गया उस पर अमल हो और सभी बकाया राशि श्री कृष्ण गौशाला समिति को चुकता किया जाए। साथ ही श्री कृष्ण गौशाला की भूमि (बस स्टैंड परिसर) में किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जाए। किसी भी निर्माण से पूर्व गौशाला समिति से सहमति ली जाए। इस पर उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर वस्तुस्थिति की पूरी तरह जांच करायेंगे इसके बाद ही आगे का काम होगा। उपायुक्त को जो मांग पत्र सौंपा गया है उसके साथ पदेन अध्यक्ष के नाते अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा 2011 में नगर पंचायत को पैसा चुकता करने का पत्र की कॉपी, 2015 में हुए सहमति पत्र की कॉपी एवं बस स्टैंड परिसर के सभी प्लौटों की गौशाला समिति द्वारा कटवायी गयी आनलाईन रसीद की कॉपी संलग्न किया हुआ है। उपायुक्त से मिलने वालों में गौशाला समिति के सदस्य सह पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी, श्री कृष्ण गौशाला समिति के सचिव रमेश कुमार दीपक, सदस्य धर्म नाथ झा, रामजी पासवान, बिनोद तिवारी, उमेश कश्यप, कौशल कान्त कुमार, रिंकु तिवारी आदि काफी संख्या में लोग शामिल थे। श्री कृष्ण गौशाला समिति के सभी सदस्यों की एक आमसभा श्री राम लला मंदिर परिसर, स्टेशन रोड, गढवा मे रविवार 04.12.2022 को होगी, जिसमें इस मुद्दे पर चर्चा होगी और उसमें किसी बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जा सकती है।

### खजूरी से विंढमगंज पथ चौड़ीकरण योजना से प्रभावित रैयतों ने मुआवजा दर पर आपत्ति जतायी

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला भू अर्जन पदाधिकारी गढ़वा सह अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम द्वारा सूचना जारी करते हुए बताया गया कि एनएच 75 सेक्सन-5 खजूरी से विंढमगंज पथ चौड़ीकरण योजना अंतर्गत प्रभावित ग्राम के रैयतों के द्वारा मुआवजा दर पर आपत्ति की गई है। रैयतों द्वारा मुआवजा दर में संशोधन करते हुए अधिक मुआवजा राशि की मांग की गई है। ज्ञात हो कि खजूरी से विंढमगंज पथ चौड़ीकरण योजना केंद्र-राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना में से एक है, जिसे पूर्ण करने की एक समय सीमा निश्चित की गई है। ऐसे में इस योजना अंतर्गत प्रभावित सम्पूर्ण रैयतों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15 दिसम्बर 2022 तक सम्पूर्ण वैध दस्तावेज/कागजात के साथ जिला भूअर्जन कार्यालय, गढ़वा में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें। यदि आप मुआवजा दर से सन्तुष्ट नहीं हैं, तो आप सभी रैयत भुगतान के समय नियमानुसार अंडर प्रॉसेस एवं आर्बिट्रेटर (अपर समाहर्ता) के यहां आपत्ति कर सकते हैं। अतः उपरोक्त सभी बिंदुओं को अक्षरशः अनुपालन करते हुए उपरोक्त तिथि तक मुआवजा राशि लेना सुनिश्चित करें। विलंब की स्थिति में आप सभी संबंधित रैयतों की संपूर्ण राशि संबंधित कोर्ट में जमा कर दी जाएगी, जिसकी सारी जवाबदेही संबंधित रैयतों की होगी।

### 28 लाख की लागत से किया जायेगा रंका में निर्माण कार्य : प्रमुख हेमंत लकड़ा



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के सदर प्रखंड रंका कार्यालय परिसर के प्रशिक्षण भवन में प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक की गयी। इस बैठक में प्रखंडाधीन सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा ने सभी पंचायतों से पंचायत समिति सदस्यों से 5-5 योजनाओं का चयन करने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त सभी पंचायत मुख्यालयों में प्रज्ञा केंद्र को संचालित करने, प्रखंड की चहारदीवारी से सटे राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर लोगों को रोजगार मुहैया कराने के दृष्टिकोण से दुकान बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं पेयजल संबंधित समस्याओं पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक की जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य कोटे में प्रखंड को 28 लाख रुपए की राशि मुहैया करायी गयी है। जिसके तहत सभी पंचायत मुख्यालयों में विकास के कार्यों के लिए पंचायत समिति सदस्यों से सहमति ली गई है। समिति के निर्देश के आलोक में कार्य करने के लिए बैठक में प्रस्ताव पारित किए गए। इस बैठक में प्रखंड प्रमुख हेमंत ने कहा कि विभाग के सभी पदाधिकारियों को इस बैठक में भाग लेने के लिए निर्देशित किया गया था। किंतु इसके बावजूद भी चिकित्सा, वन, पेयजल एवं स्वच्छता, विद्युत, गृह विभाग के अधिकारी तथा ग्रामीण बैंक रंका एवं गोदरमाना के शाखा प्रबंधक अनुपस्थित रहे। जिस पर प्रमुख हेमंत लकड़ा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी से स्पष्टीकरण की मांग की है। इस मौके पर रंका अंचल पदाधिकारी शंभू राम, एसबीआई शाखा प्रबंधक बीडी उरांव, 15वें वित्त आयोग की कृति गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य लीलावती देवी, शंकर राम, आशीष कुमार, प्रदीप सिंह सहित पंचायत समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# गढ़वा के मेराल में युवक की गोली मारकर हत्या

**चर्चा है बालू के कारोबार को लेकर की गयी है हत्या**

**हर एंगल से की जा रही है जांच, बहुत जल्द मामले का उद्भेदन करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा : थाना प्रभारी**



बलराम शर्मा

**मेराल।** थाना क्षेत्र के दलेली गांव में मंगलवार की रात्रि में अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार दलेली गांव निवासी असलम अंसारी रात्रि करीब 10 बजे बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था इसी दौरान घात लगाये अज्ञात अपराधियों ने उस पर फायरिंग कर दी। जानलेवा हमला को देख असलम करीब आधा किलोमीटर दूर भाग निकला, परंतु हमलावरों ने उसका पीछा कर अंधाधुंध फायरिंग करते हुए उसे गोली मार दी।

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि असलम देर शाम को घर से बाइक लेकर गांव में निकला था। वह रात्रि करीब 10 बजे घर वापस लौट रहा था। उसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने मोटरसाइकिल से उसका पीछा कर दलेली ट्रांसफार्मर के समीप ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिसमें असलम के पीठ में गोली लगी,। जिससे वह बाइक से गिर गया और जान बचाने के लिए वहां से भागकर भगडू उरांव के घर के पास पहुंच गया। जहां दूसरी बार अपराधियों ने पीछा कर उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर गोली मार दी। गोली की आवाज तथा शोर सुनकर भगडू उरांव के परिवार के लोग घर से बाहर निकले तो देखा कि असलम खून से लथपथ है और वह दर्द से तड़प रहा है। जिसकी सूचना उन लोगों ने पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार पुलिस के वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गयी थी। घटना को लेकर गांव में जो चर्चाएं हैं उससे संभावना व्यक्त की जा रही है कि यह हत्या बालू कारोबार से जुड़ा है। चर्चा है कि असलम बालू का कारोबार करता था। पिछले कुछ दिनों से अन्य कारोबारियों से उसका काफी विद्वेष था।

थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने संभावना व्यक्त की है कि आपसी रंजिश की वजह से घटना को अंजाम दिया गया है। ऐसे सभी एंगल से घटना की जांच की जा रही है। बहुत जल्द मामले का उद्भेदन करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### बालू के कारोबारियों ने करायी है मेरे पति की हत्या : हसबुन बीबी



मेराल (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिले के मेराल थाना अंतर्गत दलेली गांव में मंगलवार की रात्रि में अज्ञात अपराधियों द्वारा गांव के ही असलम अंसारी की गोली मारकर की गई हत्या मामले में असलम की पत्नी हसबुन बीवी के बयान पर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। घटना के संबंध में असलम की पत्नी हसबुन बीबी ने बताया कि मंगलवार की रात्रि में खाना खाने के बाद असलम घर से बाइक द्वारा थोड़ी देर में वापस आने को कह कर गए थे। रात्रि करीब 10:30 बजे उनको गोली मारने की खबर मिली। हसबून ने बालू कारोबारियों के द्वारा असलाम हत्या कराने की बात कही गयी। उनके द्वारा बताया गया कि असलम भी अन्य लोगों की तरह अपने ट्रैक्टर से बालू का काम करते थे। कुछ दिन पूर्व इनके ट्रैक्टर को नदी में जाने से रोक दिया गया तथा दूसरे लोग बालू का कार्य धड़ल्ले से कर रहे थे। इसी बीच एक ट्रैक्टर को मेराल थाना पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया था। जिसका ट्रैक्टर पकड़ाया था उन लोगों का कहना था कि असलम द्वारा ही पुलिस को सूचना देकर ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। उसी के रंजिश में मेरे पति की हत्या की गई है।

## रंका मोड़ पर जिला परिषद की पुरानी दुकानों को तोड़कर नये तीन मंजिला भवन का होगा निर्माण

**जिप बोर्ड की बैठक में 18 प्रस्ताव पारित व तीन लंबित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परिषद के सभागार में हुई। बैठक में कुल 18 प्रस्ताव पारित किए गए और तीन प्रस्ताव लंबित रह गए। बैठक में बिजली विभाग से कोई भी उपस्थित नहीं हुए। विभाग को शो कॉज किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में जिला मुख्यालय गढ़वा, रमना व बंशीधर नगर में जिला परिषद की दुकानों के बकाया भुगतान नहीं करने वाले दुकानदारों को नोटिस भेजने व नोटिस के बाद भी भुगतान नहीं करने पर दुकान खाली कराने का निर्णय लिया गया। वहीं जिला मुख्यालय स्थित सहिजना रोड में पुराने पोस्टमार्टम हाउस के नजदीक खाली पड़े दस डिसमील भूमि पर होटल का निर्माण कराने, रंका मोड़ स्थित पुराने दुकानों को तोड़ कर नये तीन मंजिला भवन का निर्माण कराने व नीचे में पार्किंग की व्यवस्था करने, डाक बंगला के पुराने व जर्जर भवन को तोड़ कर नये भवन का निर्माण कराने, जहां जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व जिप सदस्यों के लिए ठहरने की व्यवस्था करने, जिले में बनाये जाने वाले आठ अस्पताल भवन में से तीन का भूमि स्वामित्व प्रतिवेदन प्राप्त हो गया, उन जगहों पर टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों को अन्य राज्यों की भांति मानदेय की व्यवस्था करने, प्रखंड प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य व मुखिया का मानदेय बढ़ाने, जिला परिषद को विकास कार्य के लिए प्रत्येक वर्ष राज्य सरकार की ओर से 50 लाख मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखने, प्रत्येक माह 25-30 तारीख के बीच जिप बोर्ड का बैठक करने आदि का प्रस्ताव पारित किया गया। जबकि बैठक में जिला परिषद स्थायी समिति गठन, ईंधन बढ़ाने और दूसरे राज्यों की तर्ज पर सुविधा मुहैया कराने जैसी प्रस्ताव लंबित रह गए। बैठक में जिप सदस्यों ने कहा कि अन्य राज्य में जो सुविधा जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों को मिल रही है उसी तरह झारखंड में भी सुविधा लागू होनी चाहिए। बैठक में प्रखंड प्रमुखों ने भी अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। बैठक में अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, सचिव सह डीडीसी राजेश कुमार राय आदि मौजूद थे।

### बीसी सखी प्रशिक्षण का समापन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान विगत छह दिनों से चल रहे बीसी सखी प्रशिक्षण का समापन किया गया। समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 29 लोगों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण एलडीएम इंदु भूषण लाल जेएसएलपीस के जोस लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर एलडीएम ने कहा कि सरकार जेएसएलपी के माध्यम से जिले के सभी पंचायत में बीसी सखी के माध्यम से बैंकिंग सुविधा दी जाएगी। इसके लिए बीसी सखी को ट्रेनिंग दिया जा रहा है। इसके लिए बैंक कॉरस्पांडेंट सखी योजना के तहत महिलाओं का चयन किया गया है। इनको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र में बैंकिंग सेवाओं का प्रशिक्षण दिया गया। बीसी सखी अपने गांव में किसी भी बैंक खातेदार के खाते से रुपये निकालने व जमा करने का कार्य करेगी।

### मंझिआंव नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी बने विपिन कुमार



**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड रांची के द्वारा चयनित परीक्ष्यमान कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर प्रशिक्षण हेतु विपिन कुमार को नगर पंचायत मझिआंव में पदस्थापित किया गया है, जिसके आलोक में 28 नवंबर को योगदान दिया है। मौके पर राकेश कुमार सिन्हा, संजय विश्वकर्मा, विकास कुमार सिंह, अनूप तिवारी, नाजिर अमित कुमार पाठक, रामाशीष राम, विरेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार यादव तथा सभी नगर पंचायत कर्मी उपस्थित थे।

### युवा समाजसेवी ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर चौक-चौराहों पर की अलाव की व्यवस्था



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** युवा समाजसेवी कंचन साहू ने अपने पिता स्व. काशीनाथ प्रसाद की तृतीय पुण्यतिथि पर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की। इस दौरान उनके द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मझिआंव मोड़, गढ़देवी मन्दिर चौक, घंटाघर चौक, पूरनचंद चौक, अंबेडकर चौक, सदर अस्पताल चौक व राजा मार्केट चौक के पास अलाव की व्यवस्था की गई। कंचन साहू ने कहा कि रात में चौक-चौराहों पर रिक्शा चालक सहित अन्य कई लोग ठंड से ठिठुरते रहते हैं। इन लोगों की परेशानी को देखते हुए इस वर्ष पिता जी की पुण्यतिथि के मौके पर अलाव की व्यवस्था की गई है। कंचन साहू के द्वारा अलाव की व्यवस्था होने से लोग राहत महसूस कर रहे हैं। मौके पर लोगों ने कहा कि कंचन साहू समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। पिछले दिनों कंचन साहू के द्वारा मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें गढ़वा जिला के कई लोगों ने मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाया था। वहीं कंचन साहू रक्तदान के क्षेत्र में भी एक अलग पहचान बना चुके हैं। मौके पर कंचन साहू के अलावे सरोज सिंह, ज्योति प्रकाश, पवन जायसवाल, विमल शर्मा, जय पटवा, अरविंद केशरी, पूनम कांस्यकर, धीरज सिंह, सन्तोष कश्यप, गांधी पासवान, नवनीत कमलापुरी, शिव शर्मा, मुनि पासवान, चन्दन चन्द्रवंशी, राहुल राम, विशाल सिंह, निखिल चन्द्रवंशी व अन्य लोग उपस्थित थे।


**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा**

**अति अल्प कालीन पुनर्निविदा सूचना**
**संख्या :–23/2022–23**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजनान्तर्गत चतरा जिला के रूर्बन कलस्टर–सराढु प्रखण्ड–टण्डवा में योजना **साबुन उत्पादन मशीन (युनिट–01)** का अधिष्ठापन निबंधित संस्था के माध्यम से किया जाना है। उक्त कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु निबंधित संस्था के इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कंपनी/फर्म/पार्टनरशिप/गैर सरकारी संगठन से निविदा/प्रस्ताव आमंत्रण हेतु पुनर्निविदा दिनांक **07.12.2022 को पुर्वाहन 11:00** बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | कार्य का विवरण | Details |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 30.11.2022 |
| 2 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 07.12.2022 till 11:00 AM |
| 3 | निविदा खुलने का तिथि/समय | 07-12-2022 - 12:00 PM |
| 4 | निविदा की अधिकतम लागत | Rs 10,90,000.00 |
| 5 | निविदा खुलने का स्थान | DRDA Vikas Bhawan, Conference Hall, Chatra |
| 6 | अग्रधन की राशि (EMD) उप विकास आयुक्त, चतरा, विकास भवन, चतरा, के नाम से Banker cheque या Demand Draft देय होगा। (Payable at Chatra) | Rs 10,000.00 |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | Head, Procurement Cell cum office of Director DRDA, Vikas Bhawan, Chatra |
| 8 | निविदा एवं EMD का Hard Copy कार्यालय में हाथों–हाथ अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 30.11.2022 at 11:00 AM to 07-12-2022 till 11:00 AM |

**Further details can be seen on website: www.chatra.nic.in or visit *Rurban Mission Cell, DRDA, Building, Nagwan Chowk Chatra 825401.***

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदाकर्ता द्वारा दो मुहरबंद लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय बिड जमा करना होगा। उक्त तिथि को क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों को उपस्थित रहना अनिवार्य है। निविदादाताओं के तकनीकी मूल्यांकण के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

निदेशक,
लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,
Procurement Cell, चतरा

PR283871 (Rural Development)22-23*D



**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय**
**नगर पंचायत कोडरमा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04/2021–22 दिनांक – 29.11.2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कोडरमा |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 01.12.2022 से 07.12.2022 तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 10.12.2022, 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | निविदा खोलन का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 12.12.2022 को 03:00 बजे अपराह्न |

5. कार्य का विवरणी निम्न प्रकार है –

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15 | नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्रांतर्गत हनुमान मंदिर वार्ड सं0 15 में हाई मास्क लाईट का अधिष्ठापन कार्य | 507800.00 | 10200.00 | 5000.00 | 01 माह |

नोट :– नियम व शर्त कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR.NO.283875 Urban Development(22-23):D


## बैठक : उपायुक्त ने बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों को दिये निर्देश

# पेयजल, सड़क, विद्युतीकरण सहित सभी सुविधाएं जल्द बहाल करायें

**झरना पर फारेस्ट विभाग एक चेकडैम का निर्माण करायेगा व विशेष केंद्रीय सहायता समिति के तहत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग 4000 लीटर की एक टंकी अधिष्ठापित करायेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में गढ़वा जिला अंतर्गत बरगढ़ प्रखंड के बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों को लेकर बैठक की गई। बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के विकास हेतु आम नागरिकों के लिए विभिन्न सुविधाओं को बहाल करने से संबंधित बातों पर चर्चा की गई जिसके तहत उक्त क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था, सड़क निर्माण, विद्युतीकरण आदि हैं। मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि उक्त क्षेत्र में स्थित झरना से अभी लोगों को पेयजल की सुविधा है। उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि झरना पर फारेस्ट के द्वारा एक चेकडैम का निर्माण कराया जाएगा एवं विशेष केंद्रीय सहायता समिति के तहत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा 4000 लीटर का एक टंकी अधिष्ठापित कराया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग धर्मेंद्र कुमार द्वारा उक्त क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य के अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। सड़क निर्माण हेतु पुलिस अधीक्षक गढ़वा एवं सीआरपीएफ कमांडेंट गढ़वा द्वारा कार्यपालक अभियंता धर्मेंद्र कुमार से समन्वय स्थापित करते हुए सड़क निर्माण में उपयोग होने वाले पोकलेन और जेसीबी उपलब्ध कराने को कहा गया। जिसमें आवश्यक सहयोग करते हुए सड़क निर्माण का कार्य कराया जाएगा। सड़क निर्माण से संबंधित कार्य दो दिनों के अंदर शुरू करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त क्षेत्रों में विद्युतीकरण (लाइटनिंग) की व्यवस्था कराने से संबंधित उपस्थित कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि उक्त क्षेत्रों में लाइटनिंग की व्यवस्था जरेडा के तहत करायी जानी है। उपायुक्त द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को बूढ़ा पहाड़ के सभी गांव में लाइटनिंग की व्यवस्था करने से संबंधित एस्टीमेट तैयार करने को कहा एवं निदेशालय ऊर्जा विभाग को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया। बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में 25 केवीए का सोलर प्लांट लगाने हेतु निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, सीआरपीएफ कमांडेंट आशीष कुमार झा, वन प्रमंडल पदाधिकारी डीके यादव व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।


**कार्यपालक नगर पंचायत कोडरमा।**

**अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 03/2022–23 दिनांक 29.11.2022**

| क्र0सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्रांतर्गत ध्वजाधारी गेट के सामने टैम्पु स्टैण्ड का निर्माण कार्य। | 2382430.00 | 47700.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 2 | 07 | नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्रांतर्गत प्रेम सागर तालाब का जिर्णोद्धार कार्य। | 4498413.00 | 90000.00 | 10000.00 | 6 Month |
| A | Date of Publication of Tender on website | | 01-12-2022 | | | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | 07-12-2022 | | | |
| C | Date of Hard copy receiving | | 09-12-2022 | | | |
| D | Date of opening Tender | | 10-12-2022 | | | |
| E | Name & Address of office inviting tender | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | | | |
| F | Helpline No. | | +91-8434850985 | | | |

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 283873 (Urban Development) 22-23 (D)

## बिजली की चपेट में आने से बैल की मौत

**लातेहार।** मनिका प्रखंड के बंदुआ पंचायत के समीप बगडेगवा ग्राम निवासी रामधनी यादव की बैल की मौत बिजली तार की चपेट में आने से हो गयी। ग्रामीणों के द्वारा बिजली के कनेक्शन को काटने के लिए बिजली विभाग को सूचना देने के बावजूद भी खबर लिखे जाने तक कनेक्शन को नहीं काटा गया है। वही भुक्तभोगी श्री यादव ने बताया कि आज सुबह बैल को चराकर घर के पास ही पोल खोटे के निचे खंबे पर बांधे थे। पोल खुटे की तार में करंट होने के कारण बैल तार में सट गई और देखते ही देखते बैल की मौत हो गयी। अगर बिजली विभाग के समय पर बिजली का कनेक्शन काट दिया जाता तो शायद बैल की जान बच जाती आगे भुक्तभोगी ने बैल की मौत का कारण बिजली विभाग के लापरवाही करने का बताया है। 10 हजार नुकसान होने का दावा किया है। वही इसकी जानकारी प्रखंड बीस सूत्री सदस्य विनोद यादव को मिली तो मौके पर पहुंचे और उन्होंने भुक्तभोगी को आश्वासन देते हुए मुआवजा दिलाने की बात कही। बिजली विभाग को हिदायत देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में तार को दुरुस्त किया जाए ताकि इस तरह की घटनाएं ना हो सके ऐसी स्थिति में गरीब किसान को किसानी करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## लातेहार में पुलिस ने की कार्रवाई, एक देसी कट्टा और बोलेरो बरामद

# जेजेएमपी के दो उग्रवादी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर चौधरी की अगुवाई में गठित लातेहार पुलिस की टीम ने डुडंगी-तुलबुल मार्ग में तुलबुल तालाब के पास से उग्रावादी संगठन जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर समेत दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफल रही। वही बुधवार को लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि सूचना मिली थी कि जेजेएमपी संगठन के कुछ सक्रिय उग्रवादी डुडंगी-तुलबुल मार्ग में तुलबुल तालाब के पास बोलेरो गाड़ी में है जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। इस सूचना की सत्यापन एवं त्वरित कारवाई करते हुए पुनि सह थानाप्रभारी चन्द्रशेखर चौधरी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल जैसे ही डुड़ंगी-तुलबुल मार्ग में तुलबुल तालाब के पास पहुंची एक बोलेरो वाहन खड़ी देखी, जहां से संदेहात्मक स्थिति में दो व्यक्ति को भागने के क्रम में पुलिस बल द्वारा घेराबन्दी कर पकड़ा लिया गया। पूछताछ करने पर एक ने अपने आप को जेजेएमपी संगठन के सबजोनल कमांडर आकाश सिंह उर्फ सूरज सिंह उर्फ सोनू सिंह (रमनदाग-थाना, छिपादोहर जिला-लातेहार) वहीं दूसरा अरुण कुमार प्रजापति (नावाडीह छिपादोहर) अपने को संगठन का असयोगी बताया। तलाशी के क्रम में इनके पास से एक देशी पिस्टल, जिंदा राउंड एवं मोबाइल बरामद हुआ। इस संबंध में लातेहार थाना कांड सं 288/2022 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दोनो को मंडल कारा भेज दिया गया।




### उग्रावादी के पास से ये समान हुए बरामद

उग्रवादियों के पास से बरामद सामानों में एक 7.65 एमएम का देशी पिस्टल, 12 अदद 7.65 एमए का जिन्दा गोली, एक बोलेरो वाहन पंजीयन सं0- ओआर 09एच-4353, तीन एंड्रॉइड मोबाइल फोन, चार कीपैड मोबाइल फोन, आठ सीम कार्ड बरामद किया गया है।

### गिरफ्तार सब जोनल कमांडर का रहा है आपराधिक इतिहास

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार सब जोनल कमांडर आकाश सिंह उर्फ सूरज सिंह उर्फ सोनू सिंह का अपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ बरवाडीह, छिपादोहर, लातेहार गारू, चैनपुर व रामगढ़ थाने में 10 अपराधिक मामले दज हैं। छापामारी दल में शामिल चन्द्रशेखर चौधरी, पुनि सह थाना प्रभारी, बब्लू कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी चंदवा सह लातेहार अंचल, पुअनि धर्मेन्द्र कुमार महतो, रोहित कुमार महतो, राजकुमार तिग्गा व सैट-1 सशस्त्र बल, पुलिस लाइन के जवान शामिल थे।

## डीडीसी ने लाभुक का कराया गृह प्रवेश



**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत लोहरदगा जिला के मन्हो पंचायत के बंजार किस्को ग्राम में उप विकास आयुक्त लोहरदगा गरिमा सिंह के द्वारा गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत लाभुक काजल माली को आवास का गृह प्रवेश कराया गया। वर्तमान में 15 नवंबर 2022 से 30 नवंबर 2022 तक गृह प्रवेश पखवाड़ा मनाये जाने का निर्देश राज्य स्तर से प्राप्त था जिसके आलोक में जिले के सभी पंचायतों में गृह प्रवेश समारोह का आयोजन किया गया। इस क्रम में आज गृह प्रवेश पखवाड़ा का समापन समारोह उप विकास आयुक्त के द्वारा लोहरदगा सदर प्रखंड के बंजार किस्को ग्राम में किया गया। वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश बड़े पैमाने पर जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। आज के समारोह में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, जिला समन्वयक कृष्ण कुमार गुप्ता, लेखापाल पूजा कुमारी, प्रखंड समन्वयक संदीप खाखा, धर्मेंद्र उरांव, जनसेवक इंद्रजीत लकड़ा सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## बालूमाथ में विभिन्न समस्याओं को लेकर आरा रेस्ट सेल्टर में बैठक हुई

**बालूमाथ।** प्रखंड के आरा रेस्ट सेल्टर में सीओ की अध्यक्षता बैठक हुई। इस बैठक में मगध जीएम केके सिन्हा, अंचलाधिकारी अफताब आलम, उपप्रमुख कामेश्वर राम, गणेशपुर पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव के साथ सैकड़ों आरा, चमातु के भू-रैयतो ने बैठक मे उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न समस्याओं पानी, बिजली, रोड, स्कूल, अस्पताल के साथ-साथ स्कूल बस का भी मांग रखी गयी साथ ही जीएमके जमीन का रसीद काटने के विषय में भी चर्चा किया गया। साथ ही कोयले से लोकल ट्रक ऑनरो और ग्रामीणों को कैसे लाभ मिले इसके विषय में भी चर्चा हुई। वही रोजगार के विषय में भी बात किया गया। इन समस्याओं से निजात पाने के लिए सीसीएल के जीएम और अंचलाधिकारी सीओ से आगरा किया। इस बैठक में शिवनारायण प्रसाद, शंभू प्रसाद, सतनारायण साव, त्रिवेणी साव, मिथुन साव, कुलदीप साव राजेंद्र प्रसाद, अभिमन्यु साहू, पदुम यादव, गोपाल यादव, रविन्द्र उरांव, दुर्गा उरांव, रवि प्रकाश, खुशियाल साव, सुरेश साव, चितामन साव, गोविंद कुमार, पवन कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## डीआरडीए के लेखापाल हुए सेवानिवृत्त, डीडीसी समेत अन्य ने दी विदाई



**लोहरदगा।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के लेखापाल अनिल बाखला आज बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। इस मौके पर उन्हें जिला परिषद स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विदाई दी गयी। श्री बाखला वर्ष 1990 से डीआरडीए, लोहरदगा में कार्यरत थे। मौके पर उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, परियोजना पदाधिकारी मनरेगा सुधीर मुर्मू, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद कनकलता भानु एक्का, स्टेनो देवानंद पांडेय समेत, गजेन्द्र राम, विवेक सिंह, जिला परिषद, डीआरडीए और विकास शाखा लोहरदगा के सभी कर्मीगण उपस्थित थे।

## जय श्री राम समिति का विस्तार



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के वार्ड 15 स्थित राजा बंगला में जय श्री राम समिति की बैठक जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मुख्य रूप से समिति विस्तार एवं सदस्यता अभियान को लेकर की गयी जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शशि भगत, उपाध्यक्ष रवि अग्रवाल, महामंत्री दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजू साहू, संगठन मंत्री नीरज अग्रवाल एवं सत्यदेव साहू को बनाया गया। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा भगवान बिरसा मुंडा के सपनों को सकार करने के लिए जय श्री राम समिति हमेशा से प्रयासरत रहती है यही कारण जनजातीय समाज का जुड़ाव दिन प्रतिदिन हो रही है। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला महामंत्री अजय साहू,जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू,विक्की कसेरा,सह- कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद,अजय कुमार महतो, सुरेंद्र अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, शंभू अग्रवाल, मुकेश साहू, अमित अग्रवाल, प्रदीप उरांव, हरिनाथ साहू, धनेश्वर साहू, उदय साहू, संदीप अग्रवाल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## महिला और बालिका हिंसा के विरुद्ध चलाया गया जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** कुडू मे सेंटर कैटलाइजिंग चेंज के कार्यकर्ताओं द्वारा महिला एवं बालिका हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन मध्य विद्यालय जिम्मा कुडू में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में किशोर किशोरियों द्वारा महिला हिंसा विरोधी संबंधित नारा लगाते हुए पुरे गॉव का भ्रमण करते हुए वैसे जगह चिन्हित किया गया जहा पर इस तरह की हिंसा अक्सर होती हैं। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए मध्य विद्यालय जिम्मा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका शांता कुमारी ने बताया कि लोहरदगा जिले के सभी प्रखंडों में महिला एवं बालिका हिंसा के बिरुद्ध जागरूकता अभियान मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिन महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हिंसा हो रही है उन्में जागरूकता आए ताकि जब भी उनके साथ किसी भी तरह की हिंसा हो तो वे उनका विरोध करें और जब विरोध करेंगे। तब ही महिलाओं में होने वाली हिंसा कम होगी। रैली में लड़के भी शामिल हुए और उन्हेने भी प्रण लिया की वे इस तरह की हिंसा को रोकने में अपनी भागीदारी निभाएंगे। सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के द्वारा यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक लोहरदगा के बिभिंन्न ब्लॉक में चलाया जायेगा। कार्यकर्ताओं द्वारा जागरूकता रैली एवं गाव में लड़को, लड़कियों एवं महिलाओ के साथ समूह बैठक किया जायेगा ताकि समाज में रहने वाले सभी लोगों में यह जागरूकता आए और वह किसी महिला या किशोरी पर किसी भी तरह का हिंसा ना करें और ना होने दें। इस कार्यक्रम को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में भी विद्यार्थियों के बीच महिला हिंसा विरोधी संबंधित वीडियो क्लिप दिखाकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मध्य विद्यालय जीमा कुडू के शिक्षक, एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यकर्ता पवन कुमार गुप्ता, नवल किशोर सिंह सहित लगभग 300 किशोर किशोरियों एवं महिलाएँ ने अहम भूमिका निभाई।

## एक सप्ताह पहले युवक की हत्या कर दफनाया गया था शव

**महुआडाड।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुरुन्द वस्ती के नजदीक एक सप्ताह पूर्व एक व्यक्ति की हत्या कर शव को दफना दिया गया था। जिसकी सूचना ग्रामिणों के द्वारा महुआडाड थाना प्रभारी आशुतोष यादव के दिया गया। जिस पर थाना प्रभारी आशुतोष यादव व दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता जिला पुलिस बल के जवान के साथ उक्त घटना स्थल पर पहुच कर चम्पा पंचायत के मुखिया सुषमा कुजूर कि मौजूदगी में दफनाये गये शव को निकालकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेजा गया है। घटना के संबंध में ग्रामिणों के द्वारा बताया गया कि मृतक अनुप मिंज जो कि जिला गुमला सिमडेगा प्रखंड के ग्राम परकला का रहने वाला था जो कि वर्तमान में लातेहार जिला के महुआडाड थाना क्षेत्र के ग्राम कुरुन्द में थाना के चौकिदार चारलेश बाडा की पुत्री सलिमा बडा से प्रेम विवाह कर के अपने ससुराल में बीते चार वर्षों से रहकर चैमिन का दुकान चलाता था। इस सम्बन्ध में महुआडाड थाना प्रभारी आशुतोष यादव से पुछे जाने पर बताया कि देखने से यह हत्या का मामला प्रतित होता है। पुछ ताछ के लिए कुछ लोगों को थाने में लाया गया है।

## शिक्षक कभी सेवानिवत्त नहीं होते, वे राष्ट्रनिर्माता होते हैं : सलोमी लकड़ा




**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षिकाओं का अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला समिति के द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। रा प्राथमिक विद्यालय कुटमू के संजय कुमार सिंह, रा मध्य विद्यालय भंडरा के सुदामा राय, मध्य विद्यालय सिठियो की शिक्षिका सुनीता देवी, मध्य विद्यालय रामपुर के शिक्षक अमानउल्लाह, मध्य विद्यालय बंजार किस्को के मुश्ताक अहमद को सम्मानित किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पाल चौधरी, प्रदेश महासचिव राममूर्ति ठाकुर, प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य उतील यादव, अरविंद कुमार सिंह, प्रमंडलीय महासचिव (दक्षो), रांची जिला अध्यक्ष सलीम सहाय तिग्गा, गुमला जिला अध्यक्ष रामचंद्र खेरवार, महासचिव सुरंजन कुमार, पलामू जिला संस्थापक सदस्य रामकुमार सिंह सहित जिले के सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। राजकीय प्राथमिक स्कूल कुटमू की प्रधानाध्यापिका सलोमी लकड़ा ने कहा की शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते है, शिक्षक राष्ट्रनिमार्ता है लेकिन शिक्षक को शिक्षक रहने नहीं दिया जा रहा है, स्कूल के शिक्षक संजय सिंह कर्मठ और लगानशील शिक्षक रहे है। इनके सेवानिवृत से स्कूल और शिक्षा जगत को भारी कमी महसूस होंगी।

## हिंडालको में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन



**लोहरदगा।** भारतीय खान ब्यूरो रांची प्रक्षेत्र के दिशा निर्देश पर हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, खान प्रभाग लोहरदगा द्वारा खनन क्षेत्रों में स्वच्छता पखवाडा दिनांक 16 नवंबर से 30 नवंबर तक मनाया गया। जिसमें कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिनमें हाथ धोने के तरीके, स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता अभियान, स्वच्छता रैली, स्वच्छता से संबंधित पोस्टर बैनर एवं हैंडबिल्स के माध्यम से खनन कर्मी, ट्रक ड्राइवर एवं खनन के आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजन कर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के तहत भारतीय खान ब्यूरो के अधिकारी मोहम्मद आसिफ की उपस्थिति में विद्यालय के बच्चों के बीच स्वच्छता किट का वितरण किया गया। श्री आसिफ ने कहा कि स्वच्छता सबों के लिए जरूरी है। जिनमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय जवाडीह एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय चांपा कोना के बच्चों की उपस्थिति में उन्हें स्वच्छता कीट वितरित गए। साथ ही साथ उन्हें स्वच्छता के नियमों एवं स्वच्छ रहने के तरीकों से अवगत कराये गये। कार्यक्रम के आयोजन में सीएसआर टीम का अभिन्न सहयोग रहा। स्वच्छता अभियान बगडू, बीमरला, सेरेंगदाग, गुरदारी, अम्तिपानी, कुजाम, चिरोडीह एवं समीप के ग्रामीण क्षेत्रों में भी किये गये।

## क्रियांवित सभी कल्याणकारी योजनाओं की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई दिशा निर्देश




**लातेहार।** उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित सभी कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एचआइवी जांच, ससमय आयरन की गोली देने, संस्थागत प्रसव व होम डिलीवरी, टीबी, कुष्ट एवं मलेरिया, कोविड-19 टीकाकरण और संक्रमण के रोकथाम की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। समीक्षा क्रम में संस्थागत डिलीवरी बढ़ाने पर बल देते हुए उपायुक्त ने वैसे क्षेत्रों को चिह्नित करने का निर्देश दिया है, जहां संस्थागत डिलीवरी का प्रतिशत कम है। बैठक में उपायुक्त ने कोविड-19 टीकाकरण और संक्रमण के रोकथाम की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। बैठक में सिविल सर्जन, सदर के डॉक्टर, डीपीएम, एमओआईसी, स्वास्थ्य फेलो समेत सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## भारतीय नागरिक के नाते मूल कर्तव्यों का पालन करना हम सब का कर्तव्य है : डालसा सचिव

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) दिनांक 26 नवंबर से 02 दिसम्बर, 2022 तक 'संविधान सप्ताह' मानने का कार्य कर रही है। संविधान सप्ताह के तीसरे दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा 'संविधान की महत्ता एवं मौलिक कर्तव्य, आपका दायित्व' विषय को लेकर मंडल कारा, लोहरदगा एवं संप्रेक्षण गृह, गुमला जहां लोहरदगा के 33 बच्चें संसीमित हैं में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में कैदियों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव, राजेश कुमार ने कहा कि संविधान ने नागरिकों को मौलिक अधिकार दिया है। संविधान ने राज्य को लोक कल्याण से संबंधित नीति बनाने की बात कही है। अनुच्छेद 51 'क' में मूल कर्तव्यों की व्याख्या की गयी है।

### मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत शिविर में दिन भर बैठे रह गये किसान, एक भी आवेदन का इकेवाईसी नहीं हुआ अपलोड

# बीडीओ ने 15 दिसंबर तक समय बढ़ाने की जानकारी दी

**सैंकड़ों किसान निराश होकर घर लौट गयें, ईकेवाइसी और आवेदन करने वाले किसानों की आज भी काफी संख्या है, जो मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से बाहर हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा कामता पंचायत सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से किसानों को जोड़ने के लिए निर्धारित तिथि अनुसार शिविर का आयोजन किया गया, ईकेवाईसी और आवेदन लेकर करीब सैंकड़ों किसान शिविर में पहुंचे लेकिन मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में एक भी किसानों का ईकेवाईसी आवेदन अपलोड/निबंधन नहीं हो सका। सर्वर डाउन रहने, आवेदन और ईकेवाईसी अपलोड नहीं होने की शिकायत पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी विजय कुमार और कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव को दी, इसपर पदाधिकारियों ने बताया कि पोर्टल की समस्या के समाधान के लिए टेक्नीकल टीम के द्वारा काम किया जा रहा है 15 दिसंबर 22 तक इस योजना के अंतर्गत आवेदन स्वीकार करने की जानकारी स्टेट टीम के सीएससी एसपीवी हेड शंभू सर के द्वारा दी गयी है। पदाधिकारियों ने यह भी जानकारी दी है कि आफिस के समय 10.00 सुबह और 5.00 शाम में नेटवर्क का अधिक उपयोग होने के कारण नेटवर्क ट्रैफिक के कारण कार्य में कठिनाई आ रही है लेकिन आफिस टाईम के बाद रात्रि में और सुबह में पोर्टल ठीक ढंग से काम कर रहा है, इस अवधि में नये आवेदन का भी पंजीकरण हो रहा है। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने बताया कि दिन दिन भर किसान, सुखाड़ राहत योजना में अपना नाम निबंधन कराने के लिए शिविर में बैठे रह गये, कैंप खत्म होने तक सर्वर डाउन ही रह गया। सैंकड़ों किसान मायुस और निराश होकर घर लौट गए हैं, ईकेवाइसी और आवेदन करने वाले किसानों की आज भी काफी संख्या है जो मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से बाहर हैं। शिविर में पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, पंचायत सेवक मुकेश भगत, पूर्व पंसस फहमीदा बीवी, राजस्व कर्मचारी विकास वर्मा, रोजगार सेवक मुकेश अग्रवाल, प्रवेक्षीका रागिनी कुमारी, कृषक मित्र तेज कुमार पन्ना, प्रज्ञा केंद्र संचालक जगतपाल साव, ब्लॉक कंप्यूटर आपरेटर दिपू कुमार समेत बड़ी संख्या में किसान शामिल थे।

## दो मानव तस्कर अरोपी के घर में पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोठगांव निवासी मनु राम पिता सितलू घासी व परहाटोली निवासी राजदेव नायक पिता महरू घासी के घर में एएसआई संजय रत्न के नेतृत्व में कुर्की जब्ती को लेकर इस्तेहार चिपकाया गया। जिसमें एक महीने के अन्दर सलेंडर नहीं करने पर कुर्की जब्ती करने की बात कही गयी है। इस संबंध में एएसआई संजय रत्न ने बताया कि ये दोनों मानव तस्करी के आरोपी है चार साल से फरार चल रहें वही गांव में पुलिस द्वारा डुगडुगी बजाकर जानकारी दी गयी।

## 15 से 16 रुपये धान बेचने को मजबूर हैं किसान

**महुआडांड़।** प्रखंड में धान कटनी कार्य जोरों पर है। किसान द्वारा महुआडांड़ आड़हत दुकान में 15 से 16 रुपये औने पौने दामों में धान बेचने को मजबूर है। लैंपस में अभी धान खरीदने का सरकारी आदेश नहीं आया है। इस संबंध में लैम्पस प्रभारी मनोज महली ने बताया कि अभी तक विभाग द्वारा किसी प्रकार का पत्र प्राप्त नहीं हुआ जिस कारण धान क्रय केन्द्र नहीं खुला जा सका है। संभवतः 15 दिसंबर तक सरकार द्वारा धान क्रय केन्द्र खोलने के संबंध में सूचना मिल सकती है।

## अवैध खनन की रोकथाम को लेकर डीसी ने टास्क फोर्स की ऑनलाइन बैठक की

# परिवहन में बिना नंबर की गाड़ियों का उपयोग नहीं हो : डीसी

**उपायुक्त ने छापेमारी में जब्त किये गये अवैध खनिज की नीलामी के बारे जिला खनन पदाधिकारी से जानकारी लिया।**

संतोष सिन्हा




**बालूमाथ।** लातेहार जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर 30 नवंबर को उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा कर जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलग्न व्यक्तियों पर दर्ज प्राथमिकी की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों को अवैध खनन को रोकने हेतु नियमित छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि खनिज के परिवहन में बिना नंबर की गाड़ियों का उपयोग नहीं हो इसे सुनिश्चित कराएं। आगे उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कोयला खदानों के एंट्री एवं एग्जिट पॉइंट पर सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने छापेमारी में जब्त किये गए अवैध खनिज की नीलामी के बारे जिला खनन पदाधिकारी से जानकारी लिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा अवैध खनन के रोकथाम हेतु पदाधिकारियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

ऑनलाइन बैठक में डीएफओ रोशन कुमार, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ श्री नीत निखिल सुरीन, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, अंचल अधिकारी एवं कोल कंपनियों के अधिकारी जुड़े थे।

## 50 छात्र-छात्राएं लौटे वापस लोहरदगा

**लोहरदगा।** सीआरपीएफ 158 बटालियन एवं नेहरू युवा केन्द्र, के सौजन्य से सांस्कृतिक आदान-प्रदान हेतु 14वें जनजातीय कार्यक्रम की शुरूआत 18 नवंबर 2022 को लोहरदगा से की गयी थी। 50 छात्र-छात्राओं का यह दल दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य के बैंगलोर शहर का भ्रमण करके बुधवार को। वापस लोहरदगा पहुंचा। छात्र-छात्राओं को इस कार्यक्रम में प्राप्त अनुभव के बारे में पूछने पर उन्होंनें बताया कि इसमें उन्हें बहुत कुछ सीखने एवं देखने का मौका मिला, वहां के लोगों का रहन-सहन, संस्कृति, साफ-सफाई तथा विकास इत्यादि। इस अवसर पर संतोष कुमार पाल, द्वितीय कमान अधिकारी डॉ. रणजीत कुमार (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), मनोज कुमार, उप कमा. प्रतिभा यादव उप कमा. - 158 बटालियन के रि.पु.बल तथा नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के रामाशीष चौधरी, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक, अनिल उरांव, शशि कुमार, विनोद भगत और के.रि. पु. बल के अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

## फाइलेरिया रोधी दवा विरतण कार्यक्रम

**बरवाडीह।** बरवाडीह स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिसंबर से 15 दिसंबर 2022 तक चलने वाले फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन का शुभारंभ एक दिसंबर 2022 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जायेगा। जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र सिंह करेंगे। उक्त जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आशीष कुमार ने दी।

## सिस्टम फेल होने के कारण तीसरे दिन भी मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से संबंधित नहीं हुआ कार्य



**महुआडाड।** मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत सरकार के द्वारा फिर से निबंधन हेतु समय दिया गया जिससे कि किसान इस योजना का लाभ ले सके। दो दिनों से सिस्टम फेल होने के कारण निबंधन का कार्य पूरी तरह से ठप हो गया किसानों का ई केवाईसी तथा निबंधन का कार्य नहीं हो पा रहा है। किसानों को घंटो इंतजार कर बिना निबंधन व ई केवाईसी कराये बिना ही बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। वहीं तीसरे दिन भी पुरी तरह से सिस्टम फेल रहा।

## पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक, एहतेशाम वकारिब ने पुलिस निरीक्षक कार्यालय, चैनपुर का निरीक्षण किया। सबसे पहले पुलिस निरीक्षक पंजीयो का अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उग्रवादी पंजी मे सभी पुराने समर्थक का सत्यापन अपडेट करें। सामुदायिक पुलिसिंग जोहर कोप के तहत लगातार डायन बिसाही, नशापान, मानव तस्करी आदि के बारे मे जागरूक करने का जिम्मेदारी चौकीदार को देने का निर्देश दिया। वहॉ पदस्थापित सभी पदाधिकरियों व कर्मियो को नक्सल आदि के बारे मे आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, गुमला द्वारा पौधारोपण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बसिया,पुलिस निरीक्षक बसिया ,चैनपुर थाना प्रभारी तथा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## अल्बर्ट एक्का शहादत दिवस पर रेल लाइन के लिए चलेगा हस्ताक्षर अभियान : झानद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के द्वारा गुमला को रेल लाइन से जोड़ने के लिए लगातार हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस हस्ताक्षर अभियान को लांस नायक शहीद परमवीर अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस 3 दिसंबर 2022 को गुमला शहर में नई क्लेवर के साथ चलाया जाएगा। जिसकी शुरुआत गुमला कचहरी से होगी। विदित हो कि परमवीर अल्बर्ट एक्का जैसे देशभक्त का गुमला गृह जिला है, वहीं परमवीर अल्बर्ट एक्का का गांव से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक स्टेचू व स्टेडियम जैसे सार्वजनिक स्थल बनाए गए लेकिन देश की आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी गुमला रेल लाइन से नहीं जुड़ पाया जो सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बल्कि यहां के लोगों के साथ नाइंसाफी भी है। परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम से बना जारी प्रखंड कितना विकास किया है यह अलग बहस का विषय है। झारखंड नवनिर्माण दल गुमला जिला इकाई द्वारा बीते 6 माह से भी ज्यादा दिनों से गुमला को रेल लाइन से जोड़ने के लिए जिले में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। शहीद अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस के अवसर पर गुमला में हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए आगामी कार्यक्रम की भी घोषणा शहादत दिवस के मौके पर की जाएगी।

## प्रखंड बीस सूत्री समन्वय समिति ने की सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड बीस सूत्री समन्वय समिति की मासिक समीक्षा बैठक अध्यक्ष रवि उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिक्षा, बैंक, स्वास्थ्य, मनरेगा, राजस्व, जेएसएलपीएस, कृषि सहित प्रखंड में संचालित सभी विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधियों ने क्रमवार अपने अपने विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बीस सूत्री के सदस्यों ने सभी कार्यालय को समय से खोलने और सभी कर्मियों का समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने व स्वास्थ्य उपकेंद्र, आंगनबाड़ी, सहित स्कूलों का निरंतर निरीक्षण करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रमुख मीना देवी, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, बीपीआरओ संतोष भगत, बीएओ अजय कुमार साहू, बैबुल अंसारी, गंगा उरांव, शनियरो देवी, शशिकांत साहू, जुल्फान अंसारी, डॉ नाजिया परवीन, सुषमा तिर्की सहित सभी विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## प्लस टू हाई स्कूल में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल भरनो में बुधवार को अभिभावक शिक्षक गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वागत गान गाकर किया गया। मौके पर स्कूल की प्रचार्या वरदानी टोप्पो ने कहा की स्कूल में बच्चों की उपस्थिति 100 प्रतिशत होनी चाहिये, इसके लिये अभिभावकों को ध्यान देने की जरूरत है, बच्चे तो घर में स्कूल जा रहे हैं कहकर निकलते हैं, परन्तु पता चलता है कि बच्चे स्कूल पहुंचे ही नहीं। इस पर ध्यान दें। उन्होंने कहा बच्चे स्कूल नहीं आएंगे तो उनका कोर्स कैसे पूरा करेंगे। मौके पर शिक्षिका सुनीता किंडो ने कहा कि स्कूल में बच्चे जो पढ़ कर जाते हैं अभिभवक घर में इसकी जांच करें, तभी बच्चे आगे बढ़ेंगे। मौके पर सीआरपी विजय कुमार ने अनुशासन से संबंधित कई जानकारी दी। वहीं लूसी बसंती कच्छप ने अभिभावकों से कहा कि किसी भी कीमत में बच्चों को मोबाइल लेकर स्कूल न भेजें। कार्यक्रम में प्लस टू हाई स्कूल के बच्चे जिला स्तर पर खेलो झारखंड में वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने पर सभी खिलाड़ी को फूल माला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर लूसी बसंती कच्छप, अनिता रानी, सुनैना कुजूर, श्यामनंदन कुमार, नुजहत परवीन, अजिता शालिनी टोप्पो, बिन्नी गुप्ता, राज लक्ष्मी बाड़ा, अनवर हुसैन, पीके सिंह समेत स्कूल के सभी शिक्षक, अभिभवक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** उपायुक्त ने सदर अस्पताल के निरीक्षण के दौरान व्यवस्था पर जतायी नाराजगी

# न सफाई, न चादर आखिर क्या करते हैं आपलोग : उपायुक्त

**अधिकारियों से कहा- वैसे लोगों की छुट्टी की जाये जिन्हें अपने कर्तव्य का निर्वाह करना नहीं आता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** दोपहर के लगभग 2:00 बज रहे थे। अभी अभी उपायुक्त ने प्रेस वार्ता समाप्त की थी। किसी ने यह सोचा भी नहीं था कि उपायुक्त अचानक सदर अस्पताल पहुंच जाएंगे। उपायुक्त सुशांत गौरव सदर अस्पताल में ऑटोमेटिक एक्सरे और नयी तकनीक के कुछ चिकित्सीय उपकरणों के अधिष्ठापन से संबंधित बात करने सदर अस्पताल पहुंचे थे। उनके आने की खबर मिलते ही सीएस डीएस और एचएम अपनी-अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद हो गए थे। उपायुक्त पहुंचे, सभी अलर्ट। लगभग आधे घंटे चिकित्सीय उपकरणों के अधिष्ठापन से संबंधित आने वाली समस्याओं और उनके निराकरण पर उपायुक्त की बातचीत अस्पताल के पदाधिकारियों से होती है। और अचानक उपायुक्त कहते हैं कि चलें जरा अस्पताल का हाल देख लें। उपायुक्त के उठने के साथ ही अस्पताल प्रबंधन के पदाधिकारी व अन्य कर्मी हड़बड़ा जाते हैं। सबसे पहले उपायुक्त जनरल वार्ड का रुख करते हैं। फिर क्या था वहां घुसते ही उनकी नजर मरीजों के बेड की ओर उठती है। जहां उन्होंने देखा कि बेड पर ऐसे मैटर्स बिछे हैं जो बीच से खोखले हो गए हैं। उपायुक्त पूछते हैं ऐसे मैटर्स ही बिछाए जाते हैं? फिर वे बेड के आसपास के फर्श की स्थिति का जायजा लेते हैं। वहां उनकी नजर पड़ती है कई दिन से वहां गिरे पड़े सूखे अनाज के दानों और फलों की छिलके पर। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त स्पष्ट लफ्जों में कहते हैं कि हमें ऐसे कर्मचारी नहीं चाहिए इन्हें तुरंत हटाइए और कल के कल यहां पर अपनी जिम्मेदारियों का सही से निर्वाह करने वाला कर्मचारी बहाल कीजिए। इसके बाद उपायुक्त मुड़ते हैं अस्पताल के शौचालय की ओर वहां की स्थिति देखकर उपायुक्त कहते हैं कि किसी हालत में यह शौचालय उपयोग में लाने के काबिल नहीं है। शौचालय के अधिकतर दरवाजे टूटे हैं, अजीब तरह की बदबू वहां से निकल रही है। उपायुक्त शौचालय की छत की ओर देखते हुए कहते हैं कि इसके सीपेज और सीलन को बंद करने के लिए तत्काल उपाय कीजिए। अस्पताल की स्थिति में जल्द से जल्द सुधार किया जाए। अस्पताल के पदाधिकारियों को कहते हैं कि आपके पास पैसे नहीं हैं तो राशि की चिंता ना करें। लोगों को बेहतर सेवा देने की व्यवस्था करें। राशि की व्यवस्था मैं करूंगा। उपायुक्त अस्पताल की बिगड़ी व्यवस्था को लेकर पूरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहते हैं कि जो कर्मी इस मामले में दोषी हैं उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। वैसे लोगों की छुट्टी की जाए जिन्हें अपने कर्तव्य का निर्वाह करना नहीं आता।

सदर अस्पताल जल्द ही अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हो जाएगा। यह भी कहते हैं कि जब तक जनता जागरूक नहीं होगी उन्हें अपना अधिकार नहीं मिल सकेगा इसलिए आम जनों को चाहिए कि वह सबसे पहले जागरूक हो और अपना अधिकार ले।



### उपायुक्त ने भर्ती बच्चे के लिए किया रक्तदान

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त पहुंचते हैं बच्चा वार्ड। बच्चों के वार्ड में कदम रखते ही उपायुक्त नाराज हो जाते हैं। वहां की खराब स्थिति देखते हैं। किसी भी बेड पर चादर नहीं बिछी है। पूछने पर मरीज व उसके परिजन बताते हैं कि वे लोग अपनी चादर बिछाते हैं। अस्पताल प्रबंधन से चादर नहीं मिलता। इसी क्रम में एक महिला उपायुक्त से कहती है कि हम लोग गरीब हैं। मेरे बच्चे के ग्रुप का खून नहीं मिल रहा है हम लोगों के पास पैसा नहीं है जो खून खरीद कर बच्चे को रोग मुक्त कर सकें। उपायुक्त पूछते हैं कि इस बच्चे को अस्पताल के ब्लड बैंक से खून क्यों नहीं दिया जा रहा है पदाधिकारियों का उत्तर मिलता है कि बच्चे को एबी पॉजिटिव ग्रुप के खून की जरूरत है जो ब्लड बैंक में नहीं है, इस पर उपायुक्त कहते हैं कि मेरा ब्लड ग्रुप एबी पॉजिटिव है मैं खाना खाकर आता हूं मैं इस बच्चे के लिए रक्तदान करूंगा और वे खाना खाने के बाद ब्लड बैंक पहुंचकर बच्चे के लिए रक्तदान करते हैं।

## भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आगे आयें युवा : मिशन बदलाव

**नये जुड़ने वाले साथियों को माला पहना कर किया गया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जिले में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने व सरकारी सुविधा आसानी से मुहैया कराने के उद्देश्य से मिशन बदलाव के कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखंड कार्यालय परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मारवाड़ी विरहोर ने की। मिशन बदलाव के सभी कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। मारवाड़ी विरहोर ने कहा कि मिशन बदलाव का उद्देश्य भ्रष्टाचार को समाप्त करना है। इसलिये धरातल पर पंचायतवार कार्यकताओं को तैयार किया जा रहा है। कामडारा सचिव ने जॉन टोपनो ने कहा कि युवाओं को गांव गांव जोड़ने का कार्य निरन्तर जारी है। भविष्य में युवाओं को जोड़ने को लेकर रणनीति बनायी जा रही है। प्रखंड संयोजक रामबालक बड़ाईक ने कहा कि कामडारा स्तर में कार्यकर्ता को जोड़ने का मुहिम जारी है। कई साथियों ने मिशन बदलाव की सदस्यता ग्रहण की। सिकंदर सिंह, जेम्श होरो और नमन टोपनो ने कहा कि मिशन बदलाव कामडारा में युवाओं को जुड़ना चहिए और युवाओं को अपील की कि सभी युवा भ्रष्टाचार के विरुद्ध में आवाज बुलंद करें और जागरूक बनें और सामाजिक बदलाव में हिस्सा लें। तभी ही अच्छा समाज का निर्माण होगा। बैठक में मिशन बदलाव के बासुदेव नाग, हाबिल टोपनो, रोहित कुमार नाग, चम्पा कोंगाड़ी, मुकन्द राम, अनिल कुमार सिंह, सुमित्रा टोपनो, सिकन्दर सिंह, नमन टोपनो, जेम्श होरो, जॉन टोपनो एवं कई और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्रेपलिंग में पदक लेकर लौटे खिलाड़ियों का खेल प्रेमियों ने किया भव्य स्वागत

**राष्ट्रीय ग्रेपलिंग में झारखंड के खिलाड़ियों ने जीते चार पदक जिसमें गुमला के तीन खिलाड़ी शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** ग्रेपलिंग के खेल में पदक लेकर लौटे खिलाड़ियों का गुमला के खेल प्रेमियों ने भव्य स्वागत किया। भारतीय कुश्ती संघ एवं ग्रेपलिंग कमेटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 24 से 27 नवंबर तक राष्ट्रीय ग्रेपलिंग कुश्ती में अच्छा प्रदर्शन किया। यह आयोजन उत्तर प्रदेश के नंदिनी नगर में हुआ। जिसमें झारखंड के पहलवानों ने चार पदक झटके। स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक सैयद जुन्नू रैन ने कहा कि गुमला जिला से कुल चार सदस्य झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, जिसमें दो पुरुष और दो महिला जिसमें से गुमला जिला के स्पोर्ट्स अकादमी के तीन पहलवानों ने मेडल प्राप्त किये और रांची को एक मेडल प्राप्त हुआ। जिसमें जूनियर वर्ग में बाबूलाल साहू के पुत्र आदित्य साहू ने अपने भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया वहीं सीनियर महिला में रीता सुरिन ने रजत व कलावती ने भी रजत पदक प्राप्त किया। साथ ही सीनियर पुरुष में रांची के ओवैस अराफत ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस बड़ी उपलब्धि से गुमला जिला बहुत ही गर्व महसूस कर रहा है। साथ ही अकादमी के अध्यक्ष व ग्रेपलिंग कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष हाफिजुर रहमान के नेतृत्व में गयी टीम जिस पर स्पोर्ट्स अकादमी परिवार खुश है। इन चारों खिलाडी व कोच रहमान के गुमला आगमन पर आज एक बजे टॉवर चौक पर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाडी और प्रशिक्षक द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही नगर भ्रमण कर के उपायुक्त, डीडीसी, एसडीओ और सांसद सुदर्शन भगत से मुलाकात की। वहीं खिलाड़ी के आगमन पर माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर सीनियर खिलाड़ी विकाश साहू, दीपक, विक्रम राज, रवि, नेल्सन, अनिष, तौफीक, विजय, आलोक, संतोष, शशांक आदि शामिल थे।

**प्रेस कांफ्रेंस :** उपायुक्त ने जिले के मीडिया कर्मियों व संवाददाताओं को किया संबोधित, कहा

# जिला के विकास के लिए मीडिया की भूमिका भी है महत्वपूर्ण

**उपायुक्त ने गत माह में जिले भर के विभिन्न विभागों के द्वारा किये गये कुछ महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में प्रकाश डाला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने मंगलवार को पूर्वाह्न में अपने सभाकक्ष में जिले के मीडिया कर्मियों, संवाददाताओं को संबोधित किया। इस प्रेस वार्ता में उन्होंने गत माह में जिले भर के विभिन्न विभागों के द्वारा किए गए कुछ महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में प्रकाश डाला, साथ ही आगामी महीनों में उनकी क्या कार्य योजना और प्राथमिकतायें रहेंगीं इस पर भी संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान मीडिया कर्मियों के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए विभिन्न मुद्दों पर जिला प्रशासन का पक्ष रखा।

उन्होंने कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिए आम नागरिकों की बेहतर सहभागिता अपेक्षित है साथ ही उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन के कार्यों में मीडिया की भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है, और उन्हें खुशी है कि गुमला जिले का मीडिया इस जिले के विकास में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा रहा है।

उपायुक्त ने बताया कि मनरेगा के तहत जिले में 787 सिंचाई कूप पूर्ण किए गए हैं जिसके तहत गुमला जिला राज्य में तीसरे स्थान पर हैं। वहीं समाज कल्याण विभाग अंतर्गत सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 27000 लक्ष्य के विरुद्ध 21664 लक्ष्य की प्राप्ति पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। उन्होंने बताया इस योजना के तहत पहले और दूसरे बच्चों को ही योजना का लाभ मिलता है। वहीं समर अभियान के तहत पोषण ट्रैकर कार्ड से बच्चों सैम/मैम बच्चों के वृद्धि पर निगरानी रखने की गुमला जिले के सफल पहल अन्य जिलों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी। उद्योग विभाग अंतर्गत प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से 386 उद्यमियों के बीच 13 करोड़ के ऋण से जिले के 1650 से अधिक बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिला। उपायुक्त ने जिले में रागी मिशन के तहत चल रहे कार्यों के बारे में भी बताया। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में लाइब्रेरी को बेहतर बनाया गया। विभिन्न विषयों पर आधारित बच्चों की रुचि के आधार पर किताबों का चयन करते हुए लाइब्रेरी के लिए दिया गया। इसके अलावा विद्यालयों में पर्सनेलिटी डेवलपमेंट, कौशल विकास आदि से संबंधित भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा जिले के सभी प्रखंडों में लाइब्रेरी बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिले के कई विभागों की उपलब्धियों पर उपायुक्त ने चर्चा की।

## एड्स दिवस पर मानव श्रृंखला का होगा आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्थानीय गुमला पॉलीटेक्निक संस्थान में पहली दिसंबर को 'विश्व एड्स दिवस' पर मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी गुमला पोल्टेकनिक के मिडिया सेल ने दी। बताया गया कि इस कार्यक्रम में संस्थान के छात्र एवं सभी कर्मचारी हिस्सा लेंगे। इस मानव श्रृंखला का उद्देश्य आम जनता को इस जानलेवा बीमारी एड्स के प्रति जागरूक करना है। साथ ही मोमबत्ती जलाकर वैसे लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी जिन्होंने जानकारी के अभाव में एड्स से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रायडीह में कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा




**रायडीह (आजाद सिपाही)।** भारतीय कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित भारत जोड़ो यात्रा बुधवार को रायडीह प्रखण्ड में प्रखंड अध्यक्ष स्माईल कुजूर के नेतृत्व में निकाली गयी। इसकी शुरूआत प्रखण्ड के शंखमोड मांझाटोली स्थित पंख राज साहेब कार्तिक उरांव की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गयी। तत्पश्चात मांझाटोली से 6 किलोमीटर नेशनल हाईवे 43 में पद यात्रा करते हुए रायडीह प्रखण्ड मुख्यालय पहुंची। इस दौरान मुख्यालय स्थित शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह भगवान बिरसा मुण्डा डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा नफरत छोड़ो भारत जोड़ो का नारा लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुमला जिला कांग्रेस पार्टी के जिला संयोजक चैतु उरांव ने कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। मौके पर चैतु उरांव, स्माईल कुजूर, चुमनु उरांव, अंजली मिंज, वारिस खान, संदीप टोप्पो, सहदुल मंसुरी चरिया उरांव, मोनिका टोप्पो, नसीम ताज, अनील साहु, नोर्बट कुजूर, समीर लकड़ा, श्वेता उरांव, प्रिया मिंज, सुखनमी देवी, सुगंती देवी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दिव्यांग छात्र को मिला व्हील चेयर

**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत रा. उत्क्रमित मध्य विद्यालय मठतुरिअम्बा के छात्र अंकित उरांव पिता मनी उरांव जो शारीरिक रूप से दिव्यांग है, जिससे विद्यालय आवागमन एवं शिक्षा ग्रहण करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इसके लिए प्रखंड कार्यालय में बीडीओ तेज कुमार हस्सा एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनि तिर्की, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुनीता केरकेट्टा ने सकारात्मक पहल करते हुए बच्चे को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्हीलचेयर प्रदान किया, जिससे वह प्रतिदिन विद्यालय आ सके। मौके पर मरासिली पंचायत के मुखिया सुकेश उरांव, बीआरपी समीम एजाज, रिसोर्स शिक्षक वीरेंद्र कुमार, एमडीएम ऑपरेटर अर्जुन केशरी, विद्यालय की शिक्षिका सुषमा देवी, बाल विकास परियोजना के सुपरवाइजर कृष्णा देवी, उषा देवी, उर्मिला देवी उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस सभा का आयोजन

भरनो (आजाद सिपाही)। करंज थाना अंतर्गत करौंदाजोर हाई स्कूल में थाना प्रभारी आशीष भारती के नेतृत्व में पुलिस सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा, नशा पान, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, साइबर क्राइम, सामाजिक कुरीतियों के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेष रूप से ट्रैफिक रूल्स के बारे में बताया गया। सभी को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट पहनने, ट्रिपल लोड नहीं चलने, नशा किये हुए व्यक्ति के साथ गाड़ी में नहीं बैठने, अपने अपने अभिभावक को हमेशा ट्रैफिक रूल्स को फॉलो करने के लिए जानकारी आदि विषयों पर जागरूक किया गया। मौके पर स्कूल के साथ छात्र-छात्राएं सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### झारखंड आवासीय विद्यालय में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह ने बुधवार को झारखंड आवासीय विद्यालय चैनपुर में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित स्मार्ट क्लास का विधिवत उद्घाटन किया। स्मार्ट क्लास का आरंभ दसवीं कक्षा के छात्राओं के बीच हुआ। इस मौके पर डॉ सिंह ने वार्डन एवं सभी शिक्षिकाओं से स्पष्ट तौर पर कहा कि तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस नियमित ऑनलाइन विषयों को स्मार्ट क्लास में पढ़ाना है। इस परिप्रेक्ष्य में उपायुक्त गुमला के द्वारा चैनपुर प्रखंड के तीन विद्यालयों झारखंड आवासीय विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय भटौली एवं प्लस टू विद्यालय सिविल में एससीएन्नौद से क्षेत्र के शैक्षणिक विकास हेतु स्वीकृति प्रदान है। साथ ही विद्यालय में सप्ताहिक टेस्ट में सर्वोपरि रहने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अलमा सलोमी जोजो, वार्डन एवं प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**सिसई (आजाद सिपाही)।** ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा में बुधवार को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन किया गया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में 11 पंचायतों की टीम ने भाग लिया। फाइनल मैच लरंगो बनाम मुर्गू के बीच खेला गया, जिसमें लरंगो की टीम 3-0 से विजयी हुई। वहीं बालिका वर्ग में 3 पंचायतों की टीम शामिल हुई। फाइनल मैच भदौली बनाम सिसई के बीच खेला गया। जिसमें सिसई की टीम 1-0 से विजयी हुई। फाइनल मैच में रेफरी की भूमिका सीता उरांव ने निभाई। दोनों वर्गों की विजेता टीमें 9 से 13 दिसंबर तक चलने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। मौके पर प्रमुख मीना देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, पंडरिया मुखिया तारकेश्वर उरांव, मुर्गू मुखिया बन्दी राम उरांव, पंसस लरंगो बुधु उरांव, नवजीवन खेलकूद क्लब के अध्यक्ष कैप्टन सोहराई उरांव, उपाध्यक्ष सीता उरांव, सचिव सह पुर्व उप प्रमुख दीपक अधिकारी, उप सचिव रोहित शर्मा, गर्ल्स फुटबॉल कोच रायमुनी उरांव, एथलेटिक्स कोच निर्मला कुमारी, संदीप उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### नव कुण्डीय सतचंडी महायज्ञ में उमड़ रही हजारों भक्तों की भीड़

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सेहल गांव में नौ कुंडीय शतचंडी महायज्ञ में प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में लोग भाग हो रहे हैं। साथ ही वृंदावन से आई किशोरी असिता द्वारा प्रत्येक दिन श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संपूर्ण कृष्ण लीला के प्रवचन को लोग सुनने दूर-दूर से काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। भागवत कथा के दूसरे दिन राधा कृष्ण के नाट्य रूपांतरण को मुख्य रूप से मौजूद समिति के मुख्य संरक्षक अशोक उरांव ने पूजन व आरती किया जिसके बाद रासलीला का शुभारंभ किया गया। महायज्ञ समिति के संरक्षक अशोक उरांव ने पत्रकारों को बताया कि महायज्ञ में प्रतिदिन दूरदराज से लोग पहुंच रहे हैं। पूजा परिक्रमा के साथ-साथ किशोरी असीता के श्रीमद्भागवत कथा के प्रवचन को सुन कर श्रद्धालुओं में भक्तिमय उमड़ रहा है।साथ ही प्रत्येक दिन भव्य भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। वही श्री उरांव ने अधिक से अधिक लोगों को महायज्ञ में शामिल होने की अपील की। बतातें चलें कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3:00 से 6:00 बजे शाम तक किया जा रहा है। जिसके उपरांत संध्या 6 से 9 बजे रात तक रासलीला का भी आयोजन वृंदावन के कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। समिति द्वारा प्रत्येक दिन 24 घंटे का भव्य भंडरा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर कल्याण बाबा, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष परमेश्वर साय, अरविंद पाठक, प्रेमदीप जायसवाल, अरुण कुमार पांडेय, आसुतोष जायसवाल, राजेश भगत, अमित साय, बिनु गोप, रामजीत प्रजापति, हिमांशू पाठक सहित कई सदस्य व श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# पलामू : सड़क दुर्घटना में बाप- बेटे की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** जिले के मेदिनीनगर के सदर थाना क्षेत्र में आज सुबह सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गयी है. मरने वाले में बाप और बेटा शामिल हैं. यह हादसा बुधवार सुबह 8 बजे हुई है. घटना की जानकारी लोगों ने पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी.




## स्कॉर्पियो को हैदरनगर से बरामद किया गया

स्थानीय लोगों ने बताया कि आज सुबह एक तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी. जिसमें बाइकसवार दोनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गये. स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया. लोगों ने बताया कि अस्पताल ले जाने के दौरान ही रास्ते में बेटे की मौत हो गई. जबकि इलाज के दौरान बाप की मौत हो गयी है. मृतक की पहचान किटी साव और सूरज साव के रूप में हुई है. सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह ने बताया कि बाइक को टक्कर मारकर भाग रहे स्कॉर्पियो को हैदरनगर से 2 घंटे में बरामद कर लिया गया है.

## रेड़मा ठाकुरबाड़ी में हनुमंत पूजा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रेड़मा ठाकुरबाडी में बुधवार को हनुमंत पूजा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारम्भ हुआ। सप्रसिद्ध भागवत कथा वाचिका हेमलता शास्त्री के द्वारा गुरुवार से भागवत कथा किया जाएगा। भगवत कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से संध्या सात बजे तक चलेगा। भागवत कथा का विभन्न धार्मिक चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।भागवत कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष दिलीप तिवारी(मिंटू),प्रवीण तिवारी(बंटु), अभिषेक तिवारी(चिंटू), कमल किशोर तिवारी, प्रशांत तिवारी, मनीष पांडेय, अपपू तिवारी, अजीत तिवारी, अमित तिवारी, विनित तिवारी, नीरज तिवारी, मुकेश त्रिपाठी व राकेश दूबे सहित कई सदस्य भागवत कथा को सफल बनाने के लिए सक्रिय हैं। वहीं प्रदीप तिवारी महाकाल मुख्य यजमान की भूमिका निभा रहे हैं।

## जेएसएलपीएस ने चलाया लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के ऊपरी कला में जेएसएलपीएस के आजीविका महिला संकुल संगठन के तत्वाधान में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया ।जिसमे महिलाओ ने जेंडर प्रतिज्ञा लिया की हमारे परिवार में बेटा और बेटी कोई भी जन्म लेने पर खुशियां मनाएंगे ।मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील प्रसाद ने कहा कि अभियान का उद्देश्य महिला एवं बाल हिंसा, लैंगिक असमानता एवं लैंगिक सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करना है। यह अभियान तीन चरणों में संपन्न होगा। राज्य स्तर पर इस अभियान का क्रियान्वयन झारखंड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग झारखंड के तत्वाधान में किया जा रहा है। जेएसएलपीएस दीदीओं और महिलाओं द्वारा लैंगिक हिंसा, महिला हिंसा, बाल विवाह, बाल शोषण आदि सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए प्रतिदिन प्रखंडों में रैली, आम सभा, नुक्कड़ नाटक, गीत – रंगोली आदि का आयोजन कर महिलाओं को जागरूक करेगी। इसी के तहत बुधवार को क्षेत्र में जागरूकता रैली स्वयं सहायता दीदीओं द्वारा निकाली गयी ।मौके पर संगठन के सचिव शीला देवी,शांति देवी,चिंता देवी,लक्ष्मी देवी, पूनम देवी,मंजू देवी,प्रीति कुमारी,गीता देवी,सुषमा देवी,अनीता देवी,रविरंजन कुमार समेत कई ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी।

## डीसी ने रात में जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे कंबल



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पूरा शहर जब कडकडाती ठंड में लोग अपने अपने घरों में आराम कर रहे थे। तब पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे मंगलवार की रात मेदिनीनगर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों का रात्रि भ्रमण कर असहाय,भूमिहीन,रिक्शा वाले, फुटपाथ पर सो रहे लोगों व अन्य जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कई लोगों से संवाद कर ठंड से बचने की सलाह दी साथ ही उनकी स्वास्थ की भी जानकारी ली।

**स्टेशन परिसर में जमीन पर बैठ असहायों संग किया संवाद, भूमिहीन दिव्यांग विवाहिता को जमीन बंदोबस्ती के दिये निर्देश**

मंगलवार रात श्री दोड्डे अपने आवास से निकल कर छः मुहान पहुंचे यहां उन्होंने रिक्शा चालकों के बीच कंबल का वितरण किया। इसके पश्चात वे लाल कोठा गये जहां उन्होंने दोना-पत्ता बेचकर गुजर बसर कर रहे लोगों के बीच कंबल वितरण किया। इसके अलावे उपायुक्त ने सदर अस्पताल परिसर में मरीज के परिजनों के बीच भी कंबल का वितरण किया। स्टेशन परिसर में जमीन पर नीचे बैठकर असहायों संग संवाद किया इस दौरान एक महिला जो कि दिव्यांग थी उन्होंने उपायुक्त को बताया कि वो खुद भीख मांगती है और उसके पति काम करते हैं। महिला ने उपायुक्त को बताया कि उसका घर नहीं है और न ही जमीन है वो लोग सतबरवा पोंची के रहने वाले हैं इस पर उपायुक्त ने मौके पर मौजूद सदर एसडीओ को उक्त महिला को बंदोबस्ती कर जमीन उपलब्ध करवाने व अंबेडकर आवास योजना का लाभ देने हेतु निर्देशित किया साथ ही सदर सीओ को दिव्यांग महिला को अविलंब रूप से ट्राई साइकिल उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया। मौके पर उपरोक्त के अलावे सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पीयूष समेत अन्य उपस्थित रहे।

## अपहरण मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** क्रशर व्यवसायी अनिल गुप्ता अपहरण मामले में बुधवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर पांडू पुलिस ने जेल भेज दिया है, गिरफ्तार आरोपी बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के बघमनवां के दिनेश पासवान है, थाना प्रभारी धुमा किस्कू ने बताया कि पूछताछ के लिए दिनेश को थाना लाया गया था, पूछताछ के दौरान दिनेश ने अनिल गुप्ता अपहरण कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है, इस मामले में आरोपी दिनेश ने पुलिस को कई अहम जानकारी दी है, मालूम हो कि पिछले 18 नवम्बर को मुसीखाप रोड स्थित क्रशर से क्रशर व्यवसायी अनिल गुप्ता को अपराधियों ने दिन – दहाड़े अपहरण कर लिया था, पुलिस के बढ़ते दबाव के बाद 19 नवंबर की देर रात्रि में अनिल गुप्ता को मुक्त कर दिया गया था.

## खेलो झारखंड में दूसरे दिन भी बच्चों के हौसले से गुलजार रहा स्टेडियम

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मेदिनीनगर के पुलिस स्टेडियम में जिला स्कूल के मैदान में जिला स्तरीय खेलो झारखंड के दूसरे व अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में रोमांचक मुकाबले हुए. जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने स्वयं मैदान में उपस्थित होकर रिले रेस कराया. कहा कि अगर आप बेहतर हैं तो खेल में कैरियर बना सकते हैं. उन्होंने सीनियर वर्ग को राज्य स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया. 100 मीटर के सीनियर बालिका वर्ग में लेस्लीगंज की हेवंती कुमारी ने प्रथम, पाटन की छोटी कुमारी ने द्वितीय व विश्रामपुर की सैला आमेरा ने तृतीय पदक हासिल किया. इसी के बालक समूह में लेस्लीगंज के रंजन सिंह प्रथम, मोहम्मदगंज के हिमेश राम द्वितीय व हुसैनाबाद के नीरज पासवान तृतीय स्थान पर रहे. जूनियर ग्रूप ऊंची कूद के बालक बालिका वर्ग में सुरेश गुड़िया, दीपक कुमार व दीपक तथा सोनाली कुमारी, डोडराय व सोनी कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर रिले रेस में मेदिनीनगर को प्रथम, चैनपुर को द्वितीय व ऊंटारी रोड तृतीय वहीं बालिका वर्ग में रामगढ़ को प्रथम, तरहसी को द्वितीय व विश्रामपुर को तृतीय पदक मिला. सीनियर वर्ग रिले रेस बालिका में रामगढ़ को प्रथम, मेदिनीनगर को द्वितीय व छतरपुर को तृतीय तथा बालक में विश्रामपुर को प्रथम व हैदरनगर को द्वितीय पुरस्कार मिला.

## प्रख्यात उर्दू साहित्यकार व शायर मिर्जा खलील बेग के निधन पर शोक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** डाल्टनगंज निवासी प्रख्यात उर्दू साहित्यकार एवं शायर मिर्जा खलील अहमद बेग– ताहिर, का देहांत बीती रात उनके डाल्टनगंज स्थित आवास पर हो गया। उनके निधन की खबर मिलने के बाद हुसैनाबाद के राजनीति व साहित्य से जुड़े लोगों में शोक व्याप्त है। हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि मिर्जा खलील बेग साहित्य के क्षेत्र में पलामू की शान थे। उन्होंने कहा कि मिर्जा खलील बेग की कमी हमेशा महसूस होगी। उन्होंने उनकी आत्मा की शांति की कामना की। पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने मिर्जा खलील बेग के निधन को पलामू के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि उनकी कमी हमेशा खलेगी। उन्होंने मृतक की आत्मा की शांति की कामना की। उनके निधन पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, मनान खान,न्वाजिस खान, सज्जू खान, मुखिया अबू नसर सिद्दीकी, शाहनाज प्रवीन, जितेंद्र सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी,हसनैन जैदी, सत्यनारायण सिंह,जेएमएम नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, वशिष्ठ कुमार सिंह, डा एजाज आलम, रामप्रवेश सिंह, योगेंद्र सिंह, समाजसेवी अशरफ हसन, राजू खान, प्रगतिशील पत्रकार मंच के हुसैनाबाद संरक्षक शंभू चौरसिया, उदय प्रकाश ओझा, जफर हुसैन, अध्यक्ष सैयद नौशाद, सचिव सुरेंद्र प्रसाद, पत्रकार संजय ओझा, सत्येंद्र चंदेल, धनंजय कुमार,कमलेश कुमार,अखलेश पासवान,विकास कुमार, जितेंद्र रावत, गौतम पटेल, राकेश कुमार सिंह,दीपक कुमार समेत अन्य कई ने शोक व्यक्त किया है व उनकी आत्मा की शांति की कामना की है।

## तालाब जीर्णोद्धार से सिंचाई की सुविधा होगी उपलब्ध : डॉ मेहता



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** बुधवार को पांकी प्रखंड अंतर्गत गोगाड में अमृत सरोवर योजना अंतर्गत जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास विधायक डां शशिभूषण मेहता ने किया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि तालाब अमृत सरोवर के निर्माण से भूमिगत जल के जलस्तर मे बढ़ोत्तरी होगी। साथ ही कृषि भूमि को सिंचित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गोगाड़ जैसे सुदूरवर्ती गांव मे अमृत सरोवर का निर्माण होना गौरव की बात है। इस गांव के पगडंडियों को मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा ताकि ग्रामीणों को सड़क का समुचित लाभ मिल सके। पांकी विधानसभा क्षेत्र मे सड़कों के निर्माण के लिए अथक प्रयास जारी है। मौके पर जिप सदस्य निधि सिंह ने कहा कि विकास के लिए हम सबों को एक साथ होकर प्रयासरत होने की जरूरत है।मौके पर प्रो. बच्चन ठाकुर, भुआली यादव, काशी यादव, संतोष चंद्रवंशी, सत्यनारायण यादव,कार्तिक सिंह,फौदी भुईयां,कामता यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## शादीशुदा महिला व युवती का प्यार चढ़ा परवान, पहुंची थाना

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना में एक ऐसा मामला सामने आया है कि जो लोग सुना वे दंग रह गए कि क्या ऐसा भी होता है? दर असल मामला समलैंगिक संबंध का है। जहां दोनों युवतियां थाना पहुंच गई। जहां एक युवती के पक्ष के लोग थाना पहुंचकर अपनी लड़की को काफी समझाने की कोशिश की पर लड़की अपने जिद पर अड़ी थी। वहीँ एक पक्ष के परिवार के लोगों ने दूसरी युवती पर बहलाने का आरोप लगा रहे थे। जानकारी के अनुसार मोहननगर डाकरा रांची निवासी बबली चौहान व बिहार के औरंगाबाद जिला थाना डिबरा गांव निमीढिह निवासी प्रीति कुमारी की मुलाकात रांची में हुई थी। धीर– धीरे दोनों के बीच काफी नजदीकियां बढ़ गई और साथ रहने लगी,प्रीति के परिवार वालों ने अपनी लड़की को काफी समझाने की कोशिश रांची में जाकर की, कुछ दिन पूर्व प्रीति अपने मौसी के घर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव पहुंची । इसकी जानकारी मिलते ही बबली भी रांची से गांव पहुंच गई। और उसे साथ ले जाने की जिद करने लगी,प्रीति ने हुसैनाबाद थाना में मोबाइल से सूचना दिया की हमारे परिवार वाले हमको मारपीट कर रहे है ।इसकी सूचना मिलते ही पुलिस दोनों युवती को थाना ले आई। महिला थाना प्रभारी ने दोनों से जब पूछताछ की। तो सच्चाई पता चला की बबली चौहान शादी शुदा महिला है, उसके बच्चे भी है,इस पर जब लोगों ने प्रीति कुमारी को समझाया की तुम क्यों अपनी जिंदगी बर्बाद करना चाहती हो, मंगलवार की दोपहर से ही स्थानीय लोग व प्रशासन के द्वारा दोनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा था। अंतत: दोनों ने एक दूसरे का साथ छोड़ने का फैसला लेते हुए दोनों अपने अपने घर चलें गये।

## डीसी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की

# तीन महीने में 63 हादसे, 49 की मौत, 33 घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी अंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गयी। इस बैठक में उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन से बीते महीनों में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। डीटीओ ने बताया कि अगस्त से लेकर अक्टूबर तक जिले में कुल 63 सड़क दुर्घटना हुई है जिसमें 49 लोगों की मृत्यु हुई है वहीं 33 लोग घायल हैं। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कैसे कमी लाया जाये इस पर चर्चा की। बैठक में उपायुक्त ने हिट एंड रन मामलों की भी समीक्षा की बताया गया कि 6 हिट एंड रन मामलों के निष्पादन हेतु बीमा कंपनी को फारवर्ड कर दिया गया है। इसी तरह उन्होंने ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध ब्रेथ एनालाइजर से लगातार अभियान चलाने पर बल दिया।



### शहर में ट्रिपल राइडिंग व एनएच पर हेलमेट चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश

बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधितों को शहर व ग्रामीण इलाके में ट्रिपल राइडिंग व एनएच पर हेलमेट चेकिंग अभियान चलाने की बात कही। वहीं उत्पाद अधीक्षक को सभी अनुमंडल पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सड़कों के किनारे स्थित होटलों का औचक निरीक्षण करने एवं अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की बात कही।बैठक में नगर निगम की आयुक्त समीरा एस,सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह,सदर एसडीओ,उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा, लेस्लीगंज सह सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,आईरेड की प्रतिनिधि,राष्ट्रीय राज्य मार्ग एवं निर्माण विभाग के प्रतिनिधि,सड़क सुरक्षा मैनेजर विनीत कुमार व आईटी असिस्टेंट डब्लू उपस्थित थे।

### बिना फिटनेस व जर्जर स्कूली वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश

बैठक में उपायुक्त ने परिवहन पदाधिकारी,सदर एसडीओ को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए जर्जर व बिना फिटनेस के स्कूली वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने फर्जी फिटनेस के विरुद्ध भी कार्रवाई करने की बात कही। आईरेड की समीक्षा के दौरान पोर्टल में सभी वाहन दुर्घटना का एंट्री करने पर बल दिया।

## 50 महिलाओं को भ्रष्टाचार भारत अभियान के तहत किया जागरूक



**हरिहरगंज/पलामू (पलामू)।** भ्रष्टाचार भारत मुक्त अभियान के तहत भारतीय रिजर्व बैंक के निदेर्शानुसार झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा पलामू जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड कार्यालय अंतर्गत जेएसएलपीएस कार्यालय में बुधवार को वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रखण्ड क्षेत्र के 50 एसएचजी के भीओ एवं सीआरपी महिलाओं के बीच जेआरजीबी के वित्तिय परामर्श दाता अमलेश कुमार मिश्रा और शाखा प्रबंधक नागेन्द्र कुमार ने बैंकिंग व्यवस्था का सुचारू रूप से चलाने, एटीएम का प्रयोग, ओटीपी सीवीवी से धोखाधड़ी से बचाव से संबंधित जानकारी दिया ।साथ ही उन्हे बैंकिंग लोकपाल के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई ।इस दौरान वित्तिय परामर्श दाता अमलेश कुमार मिश्रा ने महिलाओं को अटल पेंशन योजना का लाभ बताते हुए कहा कि वृद्धावस्था मे अटल पेंशन योजना आपके बुढापे का सहारा बन सकती है। इस योजना में ना केवल आप कम राशि जमा करवा कर हर माह ज्यादा पेंशन के हकदार हो सकते हैं, बल्कि आकस्मिक मृत्यु की दशा में अपने परिवार को भी इसका फायदा दिलवा सकते हैं ।मौके पर जेएसएलपीएस बीपीएम मुकेश कुमार के अलावे सीसी, आईपीआरपी शामिल थे।

## प्रखंड प्रमुख ने सीओ को पत्र देकर अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने की मांग की



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने अंचलाधिकारी नंद कुमार राम को पत्र देकर अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने की मांग की है ।दिए गए पत्र में प्रखंड प्रमुख ने बताया है कि हुसैनाबाद प्रखंड अन्तर्गत सोनपुरवा, देवरी कला,बडेपुर, डंगवार इत्यादी बालु घाट से रात्री में अवैध ढंग से सैकड़ो ट्रैक्टर से बालू का उठाव कर अधिक कीमत पर बिक्री कीं जा रही है। इस संबंध में पंचायत के कई मुखिया के द्वारा भी मुझे लिखित एवं मौखिक शिकायत प्राप्त हुआ है ।अत: जाँच कर आवश्यक कारवाई करते हुए अवैध बालू उठाव पर रोक लगाया जाए।

# स्पोर्ट्स



पर्थ टेस्ट : पहले दिन फीके रहे वेस्टइंडीज के गेंदबाज, मार्नस लाबुसेन ने खेली नाबाद शतकीय पारी

## बारिश के कारण तीसरा एकदिवसीय मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त, न्यूजीलैंड ने श्रृंखला 1-0 से जीती



**क्राइस्टचर्च।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच यहां खेला जा रहा तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मैच बारिश के कारण बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया, इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से अपने नाम कर ली। न्यूजीलैंड ने पहला एकदिनी मैच 7 विकेट से जीता था। दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। तीसरे और आखिरी एकदिनी में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 219 रन बनाए थे। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने 18 ओवर में 1 विकेट पर 104 रन बना लिए थे, तभी बारिश शुरू हो गई और फिर दोबारा खेल शुरू नहीं हो सका। जिसके बाद मैच को बिना किसी नतीजे का समाप्त घोषित कर दिया गया। न्यूजीलैंड के तरफ से फिन एलन ने 57 और डेवोन कॉनवे ने नाबाद 38 रन बनाए। वहीं कप्तान केन विलियमसन बिना खाता खोले नाबाद लौटे। भारत की तरफ से एकमात्र विकेट उमरान मलिक ने लिया। इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। भारत को कप्तान शिखर धवन और शुभमन गिल ने सधी शुरूआत दिलाई। एडम मिल्ने ने 9वें ओवर में 39 के कुल स्कोर पर शुभमन गिल को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। गिल ने 22 गेंदों पर 2 चौकों की बदौलत 13 रन बनाए। इसके बाद मिल्ने ने 55 के कुल स्कोर पर धवन को बोल्ड कर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया। धवन ने 45 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्के की बदौलत 28 रन बनाए। धवन के बाद बल्लेबाजी करने आए रिषभ पंत एक बार फिर असफल रहे और केवल 10 रन बनाकर डेरेल मिचेल का शिकार बने। इनफॉर्म बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी कुछ खास नहीं कर सके और केवल 6 रन बनाकर मिल्ने का तीसरा शिकार बने। 121 के कुल स्कोर पर श्रेयस अय्यर 49 रन बनाकर लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद टिम साउथी ने दीपक हुड्डा (12) को पवेलियन भेज भारत को छठा झटका दिया। दीपक चाहर ने कुछ आक्रामक शॉट खेले और 9 गेंदों पर 2 छक्कों की बदौलत 12 रन बनाकर डेरेल मिचेल का दूसरा शिकार बने। एक तरफ गिरते विकेटों के बीच वाशिंगटन सुंदर ने धैर्यभरी पारी खेली और 64 गेंदों पर 51 रन बनाए। भारतीय टीम 47.3 ओवरों में 219 रनों पर सिमट गयी।

## पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले बीमारी की चपेट में आई इंग्लैंड की टीम

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर, इंग्लैंड के 16 सदस्यीय टीम के आधे सदस्य बीमार पड़ गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, बिमारी का कारण एक वायरस या बग माना जा रहा है। इंग्लैंड अपने आहार के साथ अतिरिक्त सावधानी बरत रहा है। वायरस फैलने के जोखिम को कम करने के लिए, कुछ खिलाड़ियों को मंगलवार को अस्वस्थ महसूस करने के बाद उन्हें अपने कमरों में रहने का निर्देश दिया गया था। जेम्स एंडरसन और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स प्रभावित होने वालों में से दो माने जा रहे हैं। जैक लीच में लक्षण दिख रहे हैं, लेकिन कथित तौर पर उनका स्वास्थ्य अच्छा है। मंगलवार को लक्षणों का अनुभव होने के बावजूद जो रूट बुधवार को ट्रेनिंग करने में सफल रहे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार ईसीबी के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि बीमारियाँ कोविड-19 से संबंधित नहीं थीं। इस बात की संभावना है कि वायरस एक दिन में चला जाएगा, लेकिन तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच गुरुवार से रावलपिंडी में शुरू हो रहा है, जिसमें इंग्लैंड की अच्छी शुरूआत की संभावना काफी कम हो गई है। केवल रूट, जैक क्रॉली, ओली पोप, हैरी ब्रूक और कीटन जेनिंग्स ने बुधवार के प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। शुरूआती एकादश में सूचीबद्ध अन्य खिलाड़ी अनुपस्थित थे। बता दें कि वायरस का प्रभाव इस्लामाबाद के सेरेना होटल में हुआ है, जहां इंग्लैंड और पाकिस्तान दोनों टीमें ठहरी हुई हैं। यह पहली बार नहीं है जब इंग्लैंड दौरे की शुरूआत में बीमार पड़ा हो। 2019-20 के दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर प्रीटोरिया में बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले और उसके दौरान इसी तरह की बग ने टीम को प्रभावित किया था।

### कार्रवाई : दूसरे दिन भी चला नगर निगम का डंडा, जमकर हुआ हंगामा

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम का विरोध, बुलडोजर का शीशा फोड़ा

**दुकानदारों को अतिक्रण करने पर कार्रवाई का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



अतिक्रण हटाते निगम के बुलडोजर।

**धनबाद।** नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान बेकारबांध से पॉलीटेक्निक रोड तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसा। स्थायी तौर पर बना ली गई आधा दर्जन लोहे की गुमटियां जब्त की गईं। उधर, अतिक्रमण हटाओ अभियान का फुटपाथ दुकानदारों ने जोरदार विरोध भी किया। इसमें एक नई बुलडोजर पर दुकानदारों ने हमला कर दिया। डंडे मारकर शीशा तोड़ दिया। इस मामले में नगर निगम अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी में है। जानकारी के अनुसार, इस दिन कुछ लोगों ने निगम की कार्रवाई को देखते हुए खुद अतिक्रमण हटा लिया तो कहीं थोड़ा-बहुत विरोध हुआ। हालांकि टीम ने समझा-बुझाकर सभी को शांत कराया। यह भी कहा कि फुटपाथ पर दुकानदारी कर सकते हैं, लेकिन रोज आइए, रोज हटाइए। किसी को भी फुटपाथ पर स्थायी निर्माण कर दुकानदारी करने का अधिकार नहीं है। टीम का नेतृत्व कार्यपालक पदाधिकारी मो अनीस कर रहे थे। उनके साथ फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार और निगम के स्वच्छता पर्यवेक्षक व निरीक्षक शामिल थे। इस दौरान सभी को चेतावनी दी गई कि अब सड़क के दोनों और फुटपाथ पर अतिक्रमण नहीं करेंगे। अगर अतिक्रमण मिला तो जुर्माना वसूलने के साथ ही प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी।

**बड़े दुकानदारों पर कोई जोर नहीं**

दूसरे दिन की कार्रवाई में भी नगर निगम ने बड़े प्रतिष्ठानों को नहीं छेड़ा। फुटपाथ पर लगे छोटे दुकानदारों पर ही कार्रवाई हुई। निगम की पार्किंग के नाम पर आधी सड़क घेरकर अतिक्रमण करने वालों पर भी टीम ने ध्यान नहीं दिया, जबकि सिटी सेंटर, बिग बाजार के पास, बैंक मोड़, बरटांड़, स्टीलगेट आदि मार्किट में सड़क के दोनों ओर पार्किंग ठेकेदार 2500 से 4000 रुपये तक ठेले खोमचे वालों से वसूल कर अवैध अतिक्रमण कर रहे हैं। पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। रात में तो यहां पूरी सड़क जाम हो जाती है। मंगलवार को पहले दिन नगर निगम ने रणधीर वर्मा चौक से पुलिसलाइन तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था, लेकिन इस दौरान भी बड़े दुकानदारों को छोड़ दिया गया था।

# मुआवजे का चेक हमारे पास है, आकर ले सकते हैं रैयत: बाघमारा सीओ

### भारी सुरक्षा के बीच शुरू हुआ ट्रांसमिशन लाइन का कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** झारखंड हाईकोर्ट के आदेशानुसार न्यायालय समाहर्त्ता एवं धनबाद डीसी से आदेश पारित हुआ था कि मुआवजा देने के बाद ही रैयतों की जमीन पर निर्माण कार्य करना है। पर पांडेयडीह के किसी भी रैयत को मुआवजा और नोटिस दिए बगैर अदालत के आदेश की अवहेलना करते हुए झारखंड ऊर्जा संचार निगम के लोग स्थल पर निर्माण कार्य करना शुरू कर दिए। इसके बाद ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। जिसके बाद महुदा थाना अंतर्गत लालबंगला से पांडेयडीह होकर गुजरने वाली 132केवी ट्रांसमिशन लाइन को पुलिस सुरक्षा के बीच शुरू कराया गया। इस संबंध में ग्रामीण रैयतों ने बताया कि उन्हें अब तक किसी भी तरह का कोई नोटिस या मुआवजा नहीं मिला है। इस मामले को लेकर वे अदालत की अवमानना का मामला उच्च न्यायालय में करेंगे। रैयतों ने बताया कि उन्होंने इस बावत विभाग सहित धनबाद डीसी, एसडीएम, बाघमारा सीओ एवं महुदा थाना प्रभारी को पूर्व में इसकी लिखित सूचना तक दे दी थी, इसके बावजूद विभाग ने सभी नियमों को ताक पर रखकर यह कार्य किया है। वहीं इस बाबत बाघमारा अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी कमल किशोर सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि धनबाद एसडीएम के आदेश का पालन करते हुए इस लंबित कार्य को करवाया गया है। यहां रैयतों के मुआवजे के चेक हमारे पास मौजूद हैं। रैयत आकर अपना चेक ले सकते है। वहीं रैयत बैजनाथ रजक ने बताया कि जितने रैयतों के नाम मुआवजा की सूची में है उनमें से आधे से अधिक रैयतों की वर्षों पहले मौत हो चुकी है। इसमें उसके पिता का नाम भी शामिल है। ऐसे में बगैर रैयतों से वातालाप के इस मामले को सत्यापित एवं सुलझाया नहीं जा सकता। ऐसे में ऊर्जा विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जबरन रैयतों की जमीन पर निर्माण कार्य करना न्यायालय के आदेश की अवेहलना है। यह न्याय संगत नहीं।


## कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

घोषणा–पत्र

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, खूँटी अन्तर्गत सभी 19 वार्डों को ODF+ घोषित किया जाता है। उक्त के आलोक में यदि किन्ही को किसी प्रकार की अपत्ति हो तो 15 दिनों के अन्दर अपना अपत्ति/प्रतिक्रिया कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी में जमा कर सकतें है। उक्त अवधि के उपरांत किसी प्रकार की अपत्ति/प्रतिक्रिया कार्यालय द्वारा स्वीकार किया जाना संभव नहीं हो सकेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी।

PR 283858 Urban Development(22-23)D


### महत्वपूर्ण न्यूज

## जन-जन के सच्चे नेता थे नीरज सिंह : कांग्रेस



झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया के मुख्य स्थान पर पूर्व उप महापौर सह मजदूर नेता दिवंगत नीरज सिंह की प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग को लेकर बुधवार को झरिया नगर कांग्रेस के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल झरिया अंचल कार्यलय प्रभारी परमेश्वर कुशवाहा से मिला और मांग पत्र सौंपा। नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव ने कहा कि नीरज सिंह की लोकप्रियता केवल झरिया में ही नहीं, बल्कि पूरे कोयलांचल में था। वे जन-जन की आवाज थे। उनकी लोकप्रियता से घबरा कर विरोधियों ने उनकी हत्या करा दी। पर उनके विचारधारा को नहीं मार पाए। ऐसे में उनके आदर्शो को आगे बढ़ाने के लिए झरिया के समस्त कांग्रेस जन संकल्पित है। इस मौके पर मुख्तार खान, भगत सिंह, किशोर कुमार, भोला सिंह, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी,अब्दुल करीम अंसारी, मनोहर रजवाड़ा, शिव शंभू प्रसाद, अजय सिंह, वीरेंद्र यादव, वीरेंद्र बहादुर सिंह, महेंद्र पासवान, गणेश रजक, पिंटू तुरी, राजेंद्र साव, राम दुलारी देवी, राकेश मिश्रा और रवि सिंह आदि थे।

## लोयाबाद में पेवर ब्लॉक बिछाने को लेकर फिर हंगामा, थाने पहुंचा मामला



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। पेवर ब्लॉक बिछाने को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने फिर से हंगामा कर दिया। आठ दिनों में दूसरी बार सड़क किनारे बिछाए जा रहे पेवर ब्लॉक का काम रोक दिया गया। हंगामे के बाद मामला थाना पहुंच गया। ग्रामीणों ने इसे लेकर पुलिस से शिकायत की है। आवेदन में 26 लोगों के हस्ताक्षर है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोयाबाद छह नंबर के आसपास इलाके में ग्रामीण के घरों के आसपास पेवर ब्लॉक छह महीने पहले बिछाया गया था, जिसे ठेकेदार काम को आधा अधूरा छोड़कर चला गया। अब लोयाबाद मोड़ से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली सड़क के दोनों किनारे पेवर ब्लॉक का काम हो रहा है। ग्रामीण चाहते है कि पहले लंबित कार्यो को पूरा करावे। फिर सड़क किनारे का काम होगा।

**पार्षद के आवास परिसर में पेवर ब्लॉक बिछाने का विरोध :** ग्रामीणों की अगुवाई कर रहे प्रीतम कुमार नोनिया ने कहा कि निवर्तमान पार्षद के घर के बाहर और भीतर भी पेवर ब्लॉक बिछाया गया और ग्रामीणों की सुविधा की अनदेखी की गई है। आरोप लगाया कि पार्षद ने नियम विरुद्ध घर के कैंपस के भीतर पेवर ब्लॉक का काम निगम की योजना से करा लिया, इसकी जांच की मांग की जा रही है। पार्षद के घर के कैंपस के भीतर पेवर ब्लॉक बिछा हुआ एक वीडियो भी उपलब्ध कराया गया है। 22 नवंबर को निगम के अभियंता दीपक कुमार ने कहा था कि पुरानी योजना की जानकारी उन्हें नहीं है। सड़क किनारे का काम ग्रामीणों को समझाकर शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। लेकिन बीते सात दिनों में कुछ भी नही बदला। इसलिए फिर काम बंद कर दिया गया। विरोध करने वालों में विक्की कुमार, सूरज कुमार, मनीष कुमार, बबलू कुमार, अनवर हुसैन, नंदकिशोर दास, रसीदा, गीता देवी, मो जैद, देवंती देवी, आसमां खातून, निशा कुमारी, हरेंद्र, सुजूत पासी आदि थे।

## किसानों को समृद्ध बनाने के लिए उनके आय में बढ़ोतरी किया जाना जरूरी है : सादात अनवर



बोकारो (आजाद सिपाही)। 11वीं कृषि गणना 2021-2022 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण बुधवार को समाहरणालय सभागार में हुआ। जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता सादात अनवर ने की। मौके पर सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार ने कृषि गणना को लेकर सभी अंचल अधिकारियों, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के जीवन स्तर को ऊपर उठाना है, तो कृषि के क्षेत्र में योजना बहुत जरूरी है। इसके लिए डाटा विज्ञान बुनियाद होती है। इसलिए विकास योजना के सूत्रण के लिए डाटा एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि क्रॉप डायवर्सन का दौर है। इसलिए नए कॉमर्शियल पैदावार को बढ़ावा देना होगा। कृषि गणना के दौरान उपकरण, भूमि की प्रकृति, खाद और सिंचाई व्यवस्था का डाटा तैयार करना होगा साथ ही क्षेत्रवार कृषि के क्षेत्र में संभावनाओं का आकलन कर डाटा संग्रहण करना होगा, ताकि कृषि की सूरत को बदला जा सके। किसानों को समृद्ध बनाने के लिए उनके आय में बढ़ोतरी किया जाना जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षण में बताएं गए सभी बातों को ध्यान से सुनने और उस पर अमल करने को अधिकारियों को निर्देश दिया। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी फ्रांसिस कुजूर समेत अन्य उपस्थित थे।

# आदिवासी युवकों पर जानलेवा हमले करने वाले लोगों पर जल्द हो सख्त कार्रवाई: अर्जुन सिंह

**चाकूबाजी में घायल आदिवासी युवकों से मिले भाजपा नेता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जैनामोड़/बेरमो।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने चंद्रपुरा में आदिवासियों युवकों पर हुए जानलेवा हमले में घायल युवकों से चास स्थित केएम मेमोरियल हॉस्पिटल में जाकर मुलाकात की। घटना की निंदा करते हुए घायल युवकों व उनके स्वजनों से मिलकर हालचाल जाना। वहीं, घायल युवकों ने बताया कि हमलावरों की संख्या 15-20 थी। छोटी सी बात पर चाकू, डंडा व कांच की बोतलों से हमला कर दिया। इस पर अर्जुन सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ऐसे असामाजिक तत्वों को आश्रय दिए हुए हैं जो आए दिन आदिवासियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। कहने को तो राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री है, पर प्रतिदिन आदिवासियों पर हमले हो रहे है। जमीन लूट से लेकर आदिवासी बच्चियों-महिलाओं से छेड़छाड़ व दुष्कर्म व हत्याएं जैसी घटनाए हो रही है। सरकार एवं प्रशासन से मांग करते हैं कि जो भी हमले में शामिल है उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए। अन्यथा भाजपा सड़क पर उतर कर आंदोलन करेगी। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री जयनारायण मराठी, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष रामलाल सोरेन, विक्रम गोस्वामी, विक्की लोहरा आदि मौजूद थे। बतातें चलें कि विगत 27 नवंबर को चंद्रपुरा स्टेशन के पास चाय पीने के दौरान दो गुट में सामान्य विवाद के बाद मुस्लिम समुदाय के चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के पिपराडीह गांव निवासी सनाउल्ला आलम और फिदाउल्ला आलम के साथ पिपराडीह गांव के ही आशिफ रजा, मो इकबाल, मो सहजाद आदि युवकों ने आदिवासी युवक भुरसाबाद गांव के संतोष हांसदा, रंजीत मुर्मू, सरैयाटांड़ गांव रवि हेम्ब्रम पर चाकू आदि से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### आदिवासी युवकों पर हमले के विरोध में सरकार का पुतला फूंका



चंद्रपुरा में चाय पीने को लेकर हुए विवाद में आदिवासी युवकों पर हुए हमले के प्रतिवाद में बुधवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा बोकारो जिला कमेटी की ओर से नया मोड़ बिरसा चौक पर राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। जिसका नेतृत्व एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामलाल सोरेन ने किया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामलाल सोरेन, भाजपा जिला मंत्री जयनारायण मरांडी, प्रदेश मंत्री आनंद मुरमू, फूलचंद किस्कू, अनिल मुर्मू, गोविंद टुडू, अशोक सोरेन, बैजनाथ बेसरा, विक्की लोहारा, मंतोष सोरेन, विक्रम गोस्वामी, बोकारो नगर अध्यक्ष अनिल सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह, अमित सिंह, मनजीत सिंह, शंकर रजक, राजेंद्र महतो, सुनील हांसदा, सपन गोस्वामी, संजय किस्कू, इंद्र कुमार झा, वीरभद्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, धर्मेंद्र माथा, मथुर मंडल, संजय त्यागी व विकास आदि थे।

### आरोप : चंदनकियारी की जनता को दिया धोखा, किया कलंकित

# विधायक अमर बाउरी ने गलत तरीके से बनायी अकूत संपत्ति : उमाकांत रजक

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदनकियारी।** सियालजोरी स्थित कच्चाकुलही के सामुदायिक भवन में आजसू कार्यकर्ताओं की बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें राज्य के पूर्व मंत्री उमाकांत रजक भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी के सीधे-साधे लोगों के सामने गरीब होने का दुखड़ा रोने वाले विधायक अमर बाउरी ने अकूत काली कमाई कर चंदनकियारी की जनता को न सिर्फ बेचा है, बल्कि कलंकित भी किया है। उन्होंने कहा कि उक्त आरोप कोई राजनीति विद्वेष के कारण नहीं, बल्कि उनके पास इसके साक्ष्य भी हैं। 2014 में विधायक बनते ही दल बदलने के लिए करोड़ो रुपये लिये। मंत्री बनते ही जमीन की हेराफेरी कर काली कमाई की। विधायक के अकूत संपति का प्रदर्शन चुनाव में लोगों ने देखा था। जिससे 2020 में हाई कोर्ट में जनहित याचिका दर्ज हुई। जिसका नंबर 316/ 2020 है।

उन्होंने कहा कि आठ साल में अक्षम नेतृत्व के कारण चंदनकियारी की बड़ी समस्या है। किसान, बेरोजगार परेशान हैं। आमजन महंगाई से त्रस्त हैं। सरकारी कर्मचारी अधिकारी समय पर ऑफिस नहीं आते हैं। आते भी हैं तो जनता की बात नहीं सुनते है। इस कारण बिचौलियों की चांदी है। ऐसे कुव्यवस्था से आजसू ही निपट सकती है। क्योंकि आजसू संघर्ष से जन्मी पार्टी है। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सीताराम महतो एवं संचालन लखन ख्वास ने की। इस मौके पर केंद्रीय सचिव दुर्गाचरण महतो, नंदलाल महतो, शत्रुघ्न महतो, अशोक महतो, कार्तिक गोराई, भोलानाथ शर्मा, प्रकाश शर्मा, नरेश महतो, किरण माझी, विकास महतो, सुरेंद्र नाथ महतो, परशुराम महतो, मिथिलेश महतो, सुरेश सिंह, रमेश महतो, उमेश महतो, महाराज शर्मा, गणेश महतो, विकास सिंह, भीम रजक, सूजन महतो, रमेश माहथा, प्रबोध सिंह चौधरी, तापू शेखर, गिरिधारी माझी, त्रिलोचन सिंह चौधरी, आखन महतो, तापस दास, अशोक रजक और निमाई गोप आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय:-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हजारीबाग

विज्ञापन सं0– 01/2022

सूचना

माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची के आदेशानुसार दिनांक 31.05.2019 को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन सं0– 02/2019 एवं 03/2019 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/-
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
हजारीबाग

PR 283832 Hazaribag(22-23).D

## झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- 178/RI/2021-22/RWD/GUMLA दिनांक :- 30.11.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ GUMLA/09/ 2021-22 | बेरीटोली बाजारटांड़ से जतरगढ़ी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.100 कि0मी0) | 1,80,15,500.00 | एक करोड़ अस्सी लाख पन्द्रह हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 06.12.2022
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 14.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4.(क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि:– 15.12.2022 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5.निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 16.12.2022 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8.निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR283826 (Rural Work Department)22-23*D

## Office of Executive Engineer
### Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag

Very Short Tender e- Procurement Notice (1st Call)

Tender reference:- HZB/DMFT/DT/12/2022-23 (1st Call) Date :- 29.11.2022

| Sl. No | Particulars | Details | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Construction of Drilled Tube Wells of 125 mm x 115 mm dia. x 60.00 Mtr. avg. depth with installation of India Mark-II ( I.S. 15500 Part-2/2004) Hand Pump in different places of District Hazaribagh under D. W. & S. Division Hazaribagh for the year 2022-23 on "TURN KEY BASIS". | | | | | |
| | | Group No. | No. of D/T | Estimated Cost (in Rs.) | E. M. Required (in Rs.) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
| | | HZB/DMFT/DT-01 | 41 Nos. | 34,10,071/- | 30,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| | | HZB/DMFT/DT-02 | 40 Nos. | 33,26,899/- | 30,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 05.12.2022 at 03.00 PM | | | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 12.12.2022 upto 05.00 PM | | | | | |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 13.12.2022 upto 03.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribag | | | | | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 14.12.2022 at 11:00 AM | | | | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 | | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | | | |

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR 283877 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

SURJABASHA







### एमजीएमआइ ओड़िशा शाखा ने एमसीएल में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की

# कोयला खनन और उद्योग 4.0 में बदलाव की चुनौतियों पर चर्चा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** एमजीएमआइओडिशा शाखा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में खनन, धातु और भूवैज्ञानिक विज्ञान के विशेषज्ञों ने 'कोयला खनन में चुनौतियां और रणनीतियां और उद्योग 4.0 में परिवर्तन' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में एकत्रित हुए-राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बल दिया। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीना, जो कि उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आधार वयाखान प्रस्तुत किया। कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस संगोष्ठी में जुड़े रहे। ओपी सिंह, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल), जो एमजीएमआइ ओड़िशा शाखा के अध्यक्ष भी हैं ने उद्घाटनीय भाषण दिया और राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस संगोष्ठी में प्रमुख गणमान्य अतिथियों में केशव राव, निदेशक (कार्मिक), जुगल कुमार बोराह, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) और एके बेहुरा, निदेशक (वित्त) आदि शामिल थे। सेमिनार में विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के 46 ऊद्योगों के साथ-साथ 4 तकनीकी संस्थान के प्रतिनिधिगण शामिल थे।



#### नियंत्रण और टिकाऊ खनन से संबंधित चुनौतियों पर चर्चा की

तकनीकी पैनल सत्रों के दौरान, विशेषज्ञों ने भूमि अधिग्रहण, शून्य कार्बन के लिए रोड मैप, कोयला परिवहन और रसद, थोक सामग्री प्रबंधन और निकासी, खनन में डिजिटलीकरण और स्वायत्त एचइएमएम, उद्योग 4.0, स्तर नियंत्रण और टिकाऊ खनन से संबंधित चुनौतियों पर चर्चा की गई। ओपी सिंह, सीएमडी एमसीएल ने एक प्रदर्शनी का उदाटन किया जिसमें 15 विभिन्न संगठनों ने नवीनतम तकनीकों, आभासी वास्तविकता, उपकरण, यातायात प्रबंधन समाधान, प्रकाश समाधान, ऊर्जा दक्षता उपायों आदि पर प्रदर्शन प्रदर्शित किये गये। 1906 में स्थापित एमजीएमआइ भारत में खनिजों और ऊर्जा उद्योगों के अध्ययन और प्रथाओं से जुड़े सभी कर्मियों के लिए सबसे पुराने पेशेवर सोसिएटी में से एक है। एमजीएमआइ अनुभव साझा करने और नवीनतम सर्वोत्तम प्रथाओं और तकनीकों को सीखने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

## भुवनेश्वर में शिल्प महाकुंभ: मेक-इन ओड़िशा कांक्लेव आज से शुरू

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर में शिल्प महाकुंभ आज से मेक-इन ओड़िशा कॉन्क्लेव शुरू हुआ। भुवनेश्वर जनता मैदान में देश के नामी उद्योगपति इकट्ठे होगें। उद्योगपति और राज्य सरकार बिच, शिल्प समृद्ध ओड़िशा को डिजाइन किया जायेगा। इसके लिए भुवनेश्वर जनता मैदान में व्यापक इंतजाम किये गये हैं। हालांकि, इस साल मेक-इन ओड़िशा कांक्लेव में 7 प्रमुख क्षेत्र फोकस में हैं। धातु और खनिज, पेट्रोकेमिकल्स, कपड़ा, फूड प्रोसेसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन और आईटी क्षेत्र अधिक फोकस किया गया। इसमें 100 से अधिक उद्योगपतियों के भाग लेने की संभावना है।

# आजाद सिपाही वार्षिक सम्मान समारोह 2022





## ओड़िशा कैबिनेट ने पुरानी गाड़ी स्क्रैपिंग पॉलिसी को मंजूरी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पुरानी गाड़ी स्क्रैपिंग पॉलिसी को राज्य कैबिनेट द्वारा अनुमोदित किया गया है। 15 साल पूरे कर चुकी गाड़ियों को स्क्रैपिंग किया जायेगा। वाहन जनित वायु प्रदूषण को कम करने में नीति एक प्रमुख भूमिका निभायेगी। नये वाहन खरीदने के लिए स्क्रैपिंग करने वाले लोगों के लिए प्रोत्साहन की व्यवस्था की जायेगी। इससे पहले केंद्र सरकार भी यह नियम ला चुकी है। हालांकि कल कैबिनेट की अहम बैठक हुई। साथ ही 12 विभागों के 17 प्रस्ताव पारित किये गये। राजस्व मंत्री प्रमिला मल्लिक ने सदन को कल पारित 17 प्रस्तावों की जानकारी दी। कल कई पलिसी को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने ओड़िआ चलचित्र के दमन को टिकस में राहत देने का फैसला किया है। इसके साथ ही राज्य कैबिनेट ने स्क्रैपिंग पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। चूंकि केंद्र सरकार पहले ही इस कानून को लागू कर चुकी है, इसलिए राज्य सरकार भी इसी के आधार पर यह नीति लायी है। ओड़िशा गारमेंट्स एंड इंडस्ट्रियल टेक्सटाइल पॉलिसी 2022 को मंजूरी दे दी गई है। इससे ओडिशा में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस के साथ अनुसंगिक शिल्प की स्थापना में भी मदद मिलेगी। इस नीति में निवेश सहायता, रोजगार समर्थन और बाजार विकास समर्थन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करेगा। ओडिशा में समन्वय क्षेत्र के विकास के लिए ओड़िशा लाजिस्टीक नीति-2022 को मंजूरी दी गई है। यह व्यापार और वाणिज्य के लिए एक उपयुक्त गंतव्य के रूप में राज्य की स्थिति को बढ़ायेगा। इससे योगाण शृंखला भी मजबूत होगी। यह हरित ईंधन के उपयोग को भी बढ़ावा देता है। राज्य कैबिनेट ने ओडिशा निर्यात नीति-2022 को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य निर्यात प्रतिस्पर्धा में सुधार करना और ओड़िशा को भारत के शीर्ष 5 राज्यों में शामिल करना है। 2026-27 तक 3.5 लाख करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य रखा गया है।



### एएसओ परीक्षा मूल्यांकन को लेकर नहीं थम रहा है विवाद

## एक बार फिर हाइकोर्ट पहुंचा मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एएसओ परीक्षा को लेकर विवाद कम होने का नाम नहीं ले रहा है। एएसओ परीक्षा मूल्यांकन को लेकर एक और विवाद खड़ा हो गया है। इसके लिए मामला एक बार फिर हाइकोर्ट पहुंच गया है। मूल्यांकन को चुनौती देते हुए मामला एक बार फिर हाईकोर्ट पहुंच गया है। हाइकोर्ट ने ओपीएससी को जवाब रखने का निर्देश दिया है। हालांकि कहा गया है कि इस मामले की अगली सुनवाई 2 तारीख को होगी। परीक्षार्थी ने एएसओ परीक्षा में व्यापक अनियमितता की शिकायत की थी। हालांकि, ओपीएससी के अध्यक्ष सत्यजीत महांती ने एक प्रेस मीट में जानकारी दी कि इस साल एएसओ परीक्षा पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई थी। किसी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं हुई है। इसलिए इसे लेकर बदनामी फैलाने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट करना सही नहीं है।

## संबलपुर मंडल ने किया कांटाबांजी में वृहद स्तरीय संयुक्त आपदा प्रबंधन अभ्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे संबलपुर मंडल द्वारा 30 नवंबर-2022 को कांटाबांजी स्टेशन पर वृहद स्तरीय संयुक्त आपदा प्रबंधन अभ्यास का आयोजन किया। अभ्यास में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल मुंदुली, ओड़िशा आपदा रैपिड एक्शन फोर्स, स्थानीय प्रशासन, राज्य अग्निशमन सेवा, राज्य स्वास्थ्य सेवा, रेलवे स्काउट्स एंड गाइड, कांटाबांजी के स्थानीय गैर सरकारी संगठनों और रेलवे के सभी विभागों ने भाग लिया। यह अभ्यास रेल कोच बॉडी को काटने, अग्निशमन और त्वरित चिकित्सा निकासी जैसे आधुनिक उपकरणों का उपयोग करके किया गया। मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर विनीत सिंह ने घटना स्थल का दौरा कर सभी प्रतिभागियों से बातचीत की। श्री सिंह ने कहा कि इस अभ्यास से रेलवे और सभी प्रतिभागी एजेंसियों को किसी भी अप्रत्याशित स्थिति मे गहराई से और समंवित तरीके से निपटने में मदद मिलेगी। जिससे पीड़ितों को होने वाली कठिनाइयों को कम किया जा सकेगा और सभी एजेंसियों के लिए रिस्पांस टाइम को कम करने में भी मदद मिलेगी। सिबब्रत धल, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी ने इस अभ्यास मे भाग लेने वाली सभी एजेंसियों और स्वयंसेवकों को अपनी निस्वार्थ सेवा से भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया।
























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**